श्री देवकुमार सिंह कासलीवाल

धार्मिक एवम् पारमार्थिक न्यास (ट्रस्ट)

50, सीतलामाता बाजार, इन्दौर (म.प्र.)

मन्दिर निर्देशिका हेतु ट्रस्ट की शुभकामनाएं....



स्व. देवकुमारसिंहजी कासलीवाल
जन्म 14 जनवरी 1920
देवलोक गमन 16 फरवरी 2008



स्व. श्रीमती कुसुमकुमारी कासलीवाल
जन्म 15 जून 1922
देवलोक गमन 27 अगस्त 2000



डॉ. अजितकुमारसिह कासलीवाल
अध्यक्ष



श्रीमती विमलाकुमारी कासलीवाल
ट्रस्टी

अ. भा. दिगम्बर जैन मन्दिर निर्देशिका

❀ प्रधान संपादक ❀

डॉ. अनुपम जैन

❀ संपादक/प्रबंध संपादक ❀

बाहुबली पाँड्या, इन्दौर

(प्रभारी संयोजक अ.भा. दिगम्बर जैन मंदिर निर्देशिका)

महावीर ट्रस्ट, इंदौर (म.प्र.)

❀ प्रकाशक ❀

प्रदीपकुमारसिंह कासलीवाल

कार्याध्यक्ष

महावीर ट्रस्ट

63, महात्मागांधी मार्ग, इन्दौर-452 001 (भारत)

फोन : (0731) 2527483

अ.भा. दिगम्बर जैन मन्दिर निर्देशिका

(सम्पूर्ण भारत के दिगम्बर जैन मन्दिरों की सूची)

प्रधान संपादक :

डॉ. अनुपम जैन

मानद सचिव - कुन्दकुन्द ज्ञानपीठ
584, महात्मा गाँधी मार्ग, इन्दौर-452001
फोन- 0731-2797790, 2545421
मोबा.- 09425053822

संपादक / प्रबंध संपादक

बाहुबली पाँड्या

(निर्देशिका योजना प्रभारी - महावीर ट्रस्ट)
8, सिद्धार्थ नगर, केशरबाग मेनरोड
इन्दौर (म.प्र.) 452009
फोन- 0731-2360661, 2103185,
मोबा.- 09300828128

सस्करण - प्रथम : 2008

सहयोग राशि -
250/- रू. भारत, 10 US $ विदेश

कृपया ध्यान दे....

अनुक्रमणिका
पृष्ठ क्रं. 63 पर हैं।

प्राप्ति स्थल

महावीर ट्रस्ट	कुन्दकुन्द ज्ञानपीठ	अमर ग्रन्थालय
63, महात्मा गाँधी मार्ग, इन्दौर - 452001 फोन-(0731) 2527483	584, महात्मा गाँधी मार्ग, तुकोगंज, इन्दौर -452001 फोन-(0731) 2545421	उदासीन आश्रम ट्रस्ट, 584, महात्मा गाँधी मार्ग, तुकोगंज, इन्दौर -452001


ग्राफिक्स :
राज-जिनेन्द्र जैन
61/3, मल्हारगंज,
इन्दौर (म.प्र.)

मुद्रक :
प्रिमूर्ति ऑफसेट प्रा. लि.
बाणगंगा थाना के सामने,
इन्दौर (म.प्र.)

दिगम्बर जैन साधु परम्परा को जिन्हें यह निर्देशिका सादर समर्पित है....



आचार्य श्री विद्यानन्दजी



आचार्य श्री विद्यासागरजी



गणिनी श्री ज्ञानमती माताजी



गणिनी श्री सुपार्श्वमती माताजी

आवरण पृष्ठ

(आदिनाथ निर्वाण स्थली अष्टापद बद्रीनाथ)

उत्तर में बर्फ से ढकी हिमालय की पहाड़ियों की पृष्ठ भूमि में अष्टापद तीर्थ मे स्थापित तीर्थंकरों के चरणो की वेदियों के दृश्य को आवरण पर देने का विशेष महत्त्व है।

आगम ग्रन्थों में लेख है कि आदि पुरुष प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ का निर्वाण हिमालय की आपस में जुड़ी आठ पर्वत श्रेणियो (इसलिये अष्टापद कहलाये) में से एक कैलाश पर्वत पर हुआ था।



मुनिश्री विद्यानन्दजी बद्रीविशाल मन्दिर के द्वार पर

सभी तीर्थंकरों के निर्वाण क्षेत्र हमारे प्रमुख तीर्थक्षेत्र है। दक्षिण मे श्रवणबेलगोला, पश्चिम में गिरनार तथा पूर्व में शिखरजी चार धाम सा महत्त्व रखते हुये स्वाभाविक ही है परन्तु उत्तर में आदिनाथ के निर्वाण क्षेत्र मे कोई चिन्हित तीर्थ ना होना हमेशा ही हृदय को खटकने वाली बात रही है। सन् 1970 में आचार्य श्री विद्यानंदजी ने बद्रीनाथ क्षेत्र की वर्तमान काल के मुनियों में प्रथम यात्रा की एवम् भगवान बद्रीनारायण के जब दिगम्बर (निर्वस्त्र श्रगार रहित) अवस्था के दर्शन किये तब मूर्ति के वास्तविक सत्य को समझा कि मूर्ति किसकी है ?

उसी समय इन्दौर से स्वर्गीय सेठ हीरालालजी एव सेठ राजकुमारसिंह कासलीवाल के साथ सेठ देवकुमारसिंह कासलीवाल भी दर्शन हेतु पहुँचे और मूर्ति के सत्य को समझा तथा तीर्थ खो चुकने की सी पीड़ा ने इस विचार को जन्म दिया कि यहा भगवान आदिनाथ की निर्वाण स्थली की पुन स्थापना होना चाहिये इनके इन विचारों को आशीर्वाद देते हुये आचार्य श्री विद्यानदजी ने भी कार्य हेतु प्रोत्साहित किया।(पश्चातवर्ती क्रम मे नीचे श्रीनगर मे स्थापित भगवान आदिनाथ के प्राचीन चरण आचार्य विद्यानदजी के आदेश से ही बद्रीनाथ क्षेत्र पर स्थापित करने हेतु श्रीनगर समाज ने दिये)तब उपरोक्त कार्य को निष्पादित करने का नेतृत्व स्वर्गीय श्री देवकुमारसिंह कासलीवाल (इन्दौर)ने अपने हाथ मे लिया।

सुविज्ञ पाठक ध्यान दे कि गढवाल राजा द्वारा बद्रीनाथ क्षेत्र की पडो को दी गई भूमि पर अन्य धर्म के मदिर स्वरूप का किसी भी निर्माण कार्य का क्षेत्रीय निवासियो द्वारा घोर विरोध होता है।ऐसी विरोधी परिस्थितियो में धैर्य एव चतुरता से वहा के प्रमुख रावल एवम पदाधिकारियो को विश्वास मे लेकर शनै -शनै. जमीने खरीदना, मैदानी क्षेत्र से 350 कि.मी ऊपर पहाड़ी घाट चढ़ाकर चार गुना लागत खर्च पर निर्माण सामग्री पहुँचाना, इदौर मे 1700 कि मी दूर हो रहे निर्माण कार्य की देखरेख करना सरल कार्य नहीं था। इस कार्य हेतु देवकुमारसिहजी स्वय अपने साथी श्री कैलाशचद चौधरी (इंदौर) के साथ पच्चीसों बार इन्दौर से बद्रीनाथ क्षेत्र पर गये तब कहीं जाकर एक तरह से जैन समाज के चौथे धाम सरीखे आदिनाथ निर्वाण स्थली की पुन स्थापना हो पायी। आज क्षेत्र पर 200 यात्रियो के ठहरने लायक यात्री निवास, सत निवास एवं भोजनशाला आदि की व्यवस्था उपलब्ध है तथा प्रतिवर्ष यात्रियो की सख्या बढ रही है।

आज जहा हमारे स्थापित तीर्थ हाथ से जा रहे है, जगह-जगह मुकदमे चल रहे है ऐसी विपरीत परिस्थितियो मे एक विलुप्त, ध्वस्त या खो चुके महत्त्वपूर्ण निर्वाण क्षेत्र तीर्थ की पुन स्थापना के कार्य का भागीरथी नेतृत्व करना तथा क्षेत्र को निरविवादित कायम रखना, दिगम्बर जैन समाज के इतिहास में 20वीं सदी का सबसे महत्वपूर्ण कार्य है एव इस कार्य हेतु स्वर्गीय श्री देवकुमारसिह कासलीवाल एव स्वर्गीय श्री कैलाशचद चौधरी पर न सिर्फ दिगम्बर जैन समाज इन्दौर बल्कि समस्त भारत की दिगम्बर जैन समाज को निश्चित ही गौरव प्राप्त होगा।

आपके उपरोक्त कार्य में दिल्ली के श्री धर्मचदजी जैन, हैदराबाद के श्री जयचद लोहाड़े व श्री बाबूलालजी पहाडे,सागर के श्री डालचदजी जैन पूर्व सासद, देहरादून के श्री नरेन्द्र जैन, श्री सलेखचंद्र जैन, ऋषिकेश के श्री कमलकुमार जैन, श्री राजेन्द्रप्रसाद जैन, श्रीनगर के श्री मोहनलालजी जैन, जोशीमठ के श्री चंडीप्रसादजी व दक्षिण भारत से धर्मस्थल के वीरेन्द्रजी हगड़े साहब आदि का भी विशेष सहयोग रहा है।

बाहुबली पांड्या
संपादक

महावीर ट्रस्ट-पदाधिकारीगण



स्व. भैय्या सा. मिश्रीलालजी गगवाल
पूर्व अध्यक्ष (15 जून 75 से 11अक्टो 81)



स्व. भैय्या सा. देवकुमारसिंहजी कासलीवाल
पूर्व अध्यक्ष (11 अक्टो. 81 से 16 फरवरी 08)




स्व भैय्या सा राजकुमारसिंहजी कासलीवाल
पूर्व उपाध्यक्ष



स्व कैलाशचदजी चौधरी, इन्दौर
महामत्री (15 जून 75 से जून 08)



श्री प्रदीपकुमारसिंह कासलीवाल
इन्दौर, वर्तमान कार्याध्यक्ष



श्री डालचदजी जैन, सागर
उपाध्यक्ष



दृव श्री रतनलालजी सोगानी, भोपाल
उपाध्यक्ष



श्री सेठ धर्मेन्द्र जैन, सागर
उपाध्यक्ष



श्री विजयकुमारजी पाटनी, भोपाल
उपाध्यक्ष



स्व श्री विजयकुमार मलैया, दमोह
पूर्व कोषाध्यक्ष




श्री कमलजी जैन, भोपाल
कोषाध्यक्ष



श्री जयसेन जैन, इन्दौर
मत्री

महावीर ट्रस्ट

(एक धार्मिक एवं पारमार्थिक संस्था)



परम आराध्य दिगम्बर भगवान महावीर के 2500 वे निर्वाण महोत्सव की पुनीत बेला में उनके द्वारा प्रतिपादित सत्य, अहिसा, अपरिग्रह एव अनेकात के अमूल्य सिद्धांतो का निरूपण होता रहे इस हेतु संपूर्ण भारत वर्ष के लिए ऑल इडिया दिगम्बर भगवान 2500 वा निर्वाण महोत्सव सोसायटी के अतर्गत प्रातीय समिति का गठन किया गया था।

इस कल्याणकारी भावना से प्रेरित होकर उक्त केन्द्रीय सोसायटी एव प्रादेशिक समिति के निर्देशन एव सरक्षण मे इस स्वर्णिम अवसर पर यह निश्चित कि या गया कि एक धार्मिक, परमार्थिक एव सार्वजनिक स्थायी न्यास 'महावीर ट्रस्ट' के नाम से स्थापित किया जावे। इसकी स्थापना हेतु स्व भैया श्री मिश्रीलालजी गगवाल को अधिकृत किया गया।

आज महावीर ट्रस्ट अपने विशिष्ट कार्यो हेतु प्रयत्नशील है। महावीर ट्रस्ट मे मध्यप्रदेश के सभी जिलो के 309 स्थानो पर 11 कार्यरत सभागीय समितियों के स्थापित सम्पर्क सूत्रों द्वारा रथ प्रवर्तन के माध्यम से ली गई बेलियों के प्रत्येक सदस्य (1600 सदस्य) आजीवन सदस्य है वहीं 35 ट्रस्टी तथा मध्यप्रदेश की 150 सदस्यो की प्रबधकारिणी है। महावीर ट्रस्ट आज अपनी नियमित सेवा योजनाओ की विभिन्न प्रवृत्तियों मे शैक्षणिक योजना के अतर्गत महावीर ट्रस्ट मे मध्यप्रदेश के सभी जिलो के 309 स्थानों पर 11 कार्यरत सभागीय समितियो के स्थापित सम्पर्क सूत्रों द्वारा रथ प्रवर्तन के माध्यम से ली गई बोलियों के प्रत्यक सदस्य (1600 सदस्य) आजीवन सदस्य है वहीं 35 ट्रस्टी तथा मध्यप्रदेश की 150 सदस्यो की प्रबधकारिणी है।

महावीर ट्रस्ट आज अपनी नियमित सेवा योजनाओ की विभिन्न प्रवृत्तियो मे शैक्षणिक योजना के अतर्गत महावीर बाल सस्कार केन्द्र टीकमगढ़ वीर वाणी प्रचार-प्रसार हेतु सन्मतिवाणी पत्रिका का प्रकाशन, स्वास्थ्य परीक्षण, आयुर्वेदिक दवाईयो का वितरण, अपने आप मे एक विशेष उपलब्धि है। समय-समय पर आयोजित होने वाले कृत्रिम अग वितरण समारोहो मे तथा ट्रस्ट की विभिन्न प्रवृत्तियो मे अनेको विशिष्ट महानुभाव ने पधारकर मानव सेवा के इन कार्यो को सराहा है।

<u>महावीर ट्रस्ट द्वारा संचालित की जाने वाली गतिविधियाँ–</u>

● **महावीर ट्रस्ट विकलांग एवं अनुसंधान केंद्र** – जिसमे विकलागो को जयपुर पैर, कैलीपर्स, वैशाखी, श्रवणयत्र आदि नि शुल्क रूप से प्रदान किये जाते है। जहा अभी तक 2150 जयपुर कृमि पैर, 1350 कैलीपर्स, 65 श्रवण यत्र, 105 ट्रायसिकल, 10 व्हील चेयर, 350 बैशाखी आदि प्रदान की जा चुकी हैं।

● **महावीर फिजियोथेरेपी केन्द्र**– यह फिजियोथेरेपी केन्द्र इन्दौर का सर्वश्रेष्ठ केन्द्र है यह कचन बाग मे स्थित है। यहापर अनेको आधुनिक मशीनो के साथ नाम मात्र शुल्क पर उपचार किया जाता है। अभी तक लगभग 2 लाख लाभान्वित हो चुके है।

● **महावीर आई केयर सेंटर** – इस केन्द्र मे ट्रस्ट द्वारा लोगो की ऑखो की जाँच नाममात्र शुल्क पर कर उनको चश्मे प्रदान किय जाते है तथा केटरेक्ट आपरेशन निरन्तर होते रहते है। **उपरोक्त सभी योजनायें डॉ. देव पाटोदी के निर्देशन में सफलता पूर्वक संचालित की जा रही है।**

● **महावीर बाल संस्कार केन्द्र टीकमगढ** – इस केन्द्र का निमार्ण भी महावीर ट्रस्ट द्वारा दी गई आर्थिक सहायता से ही हुआ है। जहॉ आज हायर सेकेण्डरी तक उच्च शिक्षा, कम्प्यूटर शिक्षा तथा सभी विशेष प्रकार की शिक्षा प्रदान करने के साथ वहा पर करीब 4 77 एकड भूमि पर यह स्कूल निर्मित है जहा पर आदरणीय भैया मिश्रीलालजी गगवाल की प्रतिमा स्थापित है तथा स्व भैया के नाम से स्मारक स्वाध्याय भवन एव कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र भवन निर्मित है।

● **महावीर ट्रस्ट का मुख पत्र 'सन्मतिवाणी' पत्रिका का प्रकाशन** - जिसमे अनेको विशेषाको के साथ स्वस्थ एव सामाजिक गतिविधियो की जानकारी पत्रिका मे प्रकाशित कर पूरे भारत मे भेजी जाती है। इसका सपादन कार्य श्री जयसन जैन द्वारा विगत 27 वर्षो स सतत किया जा रहा है।

● **आदरणीय भैया स्व. श्री मिश्रीलालजी गंगवाल के स्मृति ग्रंथ का प्रकाशन** - जो कि ट्रस्ट द्वारा करीब **1,70,000/-** खर्च कर प्रकाशित किया गया है। जिसम अनेक विद्वानो एव सामाजिक कार्यकर्ताओ द्वारा अपने उद्‌गार व्यक्त किये गये है।

महावीर ट्रस्ट की रिक्त भूमि पर भावी योजनाये -

1. **महावीर ट्रस्ट द्वारा एक भव्य सभागृह का निर्माण।**
2. **गरीब, निर्धन, विकलांग, जो बाहर से उपकरण हेतु आते हैं उनके निवास हेतु भवन बनाना।**
3. **विकलांगों हेतु ऑपरेशन थियेटर का निर्माण करना।**
4. **फिजियोथेरेपी के न्द्र हेतु आधुनिक भवन का निर्माण करना।**
5. **विकलांगों के उपकरण बनाने हेतु ट्रस्ट भूमि पर वर्कशाप का निर्माण करना।**
6. **'महावीर ट्रस्ट ब्लड बैंक' योजना स्थापित करना।**
7. **सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में महावीर ट्रस्ट की संभागीय समितियों के माध्यम से महावीर बाल संस्कार केन्द्र खुलवाना, विकलांगों के पुनर्वास हेतु प्रत्येक संभाग में पुनर्वास योजना बनाना तथा महिलाओं के आजीविकोपाजन हेतु आधुनिक महिला गृह उद्योग का निर्माण करना आदि।**

-डॉ. देव पाटोदी
(चिकित्सा प्रभारी)


महावीर ट्रस्ट (म.प्र.) के ट्रस्टीगणों की नामावली

स्थायी ट्रस्टी


- श्री डालचंदजी जैन
  सागर (म.प्र.)
- श्री दशरथजी जैन
  छतरपुर (म.प्र.)
- श्री प्रकाशचंदजी जैन
  बिलासपुर (म.प्र.)
- पद्मश्री, बाबूलालजी पाटोदी
  इन्दौर (म.प्र.)
- श्री विजय कुमारजी पाटनी
  भोपाल (म.प्र.)
- श्री सुरेशजी जैन
  भोपाल (म.प्र.)
- श्री शीलचंदजी जैन
  जबलपुर (म.प्र.)
- श्री कमलजी जैन
  भोपाल (म.प्र.)
- श्री शरद कुमारजी जैन
  भोपाल (म.प्र.)

अस्थायी ट्रस्टी

- श्री पं. जयसेनजी जैन
  इन्दौर (म.प्र.)
- श्री अशोकजी पाटनी
  इन्दौर (म.प्र.)
- श्री दीपचंदजी जैन
  रायसेन (म.प्र.)
- श्री बी.एल. दिवाकर
  भोपाल (म.प्र.)
- श्री प्रदीपकुमारजी कासलीवाल
  इन्दौर (म.प्र.)
- श्री अजितजी कंडिया
  दमोह (म.प्र.)
- श्री के. के. सराफ
  सागर (म.प्र.)
- श्रीमंत शर्मोन्दजी सेठ
  खुरई (म.प्र.)
- श्री माणकचंदजी पाटनी
  इन्दौर (म.प्र.)
- श्री प्रो. आनंद किरणजी जैन
  छिंदवाड़ा (म.प्र.)
- श्री सं. सि सुधीर कुमारजी जैन
  कटनी (म.प्र.)
- श्री दिलीप कुमारजी चौधरी
  इन्दौर (म.प्र.)
- श्री डॉ. प्रकाशचंदजी जैन
  इन्दौर (म.प्र.)
- श्री रतनलालजी सोगानी
  भोपाल (म.प्र.)
- श्री मगनलालजी गोयल
  टीकमगढ़ (म.प्र.)
- श्री कपूरचंदजी जैन घुवारा
  टीकमगढ़ (म.प्र.)



श्री मगन राठौर
कम्प्यूटर आपरेटर
महावीर ट्रस्ट




श्री ललित राठौर
प्रबन्धक
महावीर ट्रस्ट




श्री प्रभाकर यादव
कार्यालय सहायक
महावीर ट्रस्ट


इन्दौर का प्रसिद्ध दिग. जैन काँच-मंदिर



शांतिनाथ जिनालय, इतवारिया बाजार इन्दौर


आज शहर इन्दौर भी जयपुर के समानांतर दि. जैन समाज का गढ़ कहलाता है। कासलीवाल परिवार की कपड़ा मीलों एवं स्व. सर सेठ हुकुमचंद कासलीवाल की सरपरस्ती में यहाँ बाहर से आकर जैन बसते रहे हैं। सन् 1912 में जब काँच मंदिर निर्माण की नींव पड़ी उस समय इंदौर में दो ढाई हजार दि. जैन ही बसते थे। परंतु इतवारिया बाजार में सन् 1921 में काँच मंदिर की प्रतिष्ठा के पश्चात् काँच मंदिर एवं शीश महल के बाहर का क्षेत्र इंदौर की समस्त जैन समाज की सभी धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों एवं एकता का केन्द्र सा बनकर इंदौर जैन समाज की प्रमुख गादी सा महत्व पा चुका है। महावीर जयंती का रथ यात्रा जुलूस, अनंत चतुर्दशी का जुलूस, निवाण लाडू, समस्त समाज की सामूहिक क्षमावणी, प्रसिद्ध विद्वानों, मुनिराजों के प्रवचन आदि के प्रमुख कार्यक्रम परंपरागत तौर पर यहीं होते हैं। काँच मंदिर निर्माण के साथ एक रोचक तथा प्रेरणास्पद प्रसंग यह जुड़ा हुआ है कि जिन तीन परिवारों के तीन भाइयों ने मिलकर क्रमशः सर सेठ हुकुमचंद, रायबहादुर कस्तुरचंद एवं कल्याणमलजी कासलीवाल ने मिलकर इस मंदिर का निर्माण कराया था तब निर्माण के संदर्भ में बाकायदा आपस में एक लिखित पारिवारिक अनुबंध किया था जिसमें अन्य शर्तों के अलावा एक शर्त यह भी रखी गयी थी कि आज निश्चय करने के पश्चात् जब तक इस मंदिर की नींव नहीं डाल देंगे तब तक हम लोग घी नहीं खाएंगे। उस वक्त काँच मंदिर के निर्माण में सवा पाँच लाख रुपये खर्च हुए थे। इसी के साथ इतवारिया की धर्मशाला का भी निर्माण हुआ था। सन् 1925 से कासलीवाल परिवार के पितामह माणकचंद मगनीराम के नाम से काँच मंदिर की गोठ प्रारंभ हुई। अब तक परिवार के बुजुर्ग स्व. देवकुमारसिंहजी एवं स्व. महाराजा बहादुरसिंहजी 84 वर्ष प्राचीन परम्परा को कुशलतापूर्वक संभालते आ रहे थे। वर्तमान में श्री जम्बुकुमारसिंहजी कासलीवाल एवं डॉ. अजीतकुमारसिंहजी कासलीवाल मंदिर की व्यवस्था सम्हाल रहें हैं। आज काँच मंदिर शहर इंदौर का प्रमुख पर्यटन केंद्र है। सैकडों की संख्या में देशी – विदेशी पर्यटक यहाँ प्रतिदिन आते है।





प्रधान सम्पादक की कलम से....

देवपूजा गुरूपास्ति, स्वाध्याय: संयमस्तप: ।
दानं चेति गृहस्थाणां, षट्कर्माणि दिने-दिने ॥



डॉ. अनुपम जैन

जैन श्रावक सघ के दैनिक षट्कर्मों मे सर्वोच्च क्रम पर देव पूजा है किन्तु जैन धर्मावलम्बियों अथवा स्वय को जैन समाज का प्रतिनिधि सगठन घोषित करने वाली सस्थाओ के पास देश के लगभग सभी अचलो मे विराजमान जिन मूर्तियो का कोई लेखा-जोखा नहीं है। जिन मूर्तियो का रिकार्ड या विवरण तैयार करना मुश्किल माना जा सकता है किन्तु देश के किसी भी जैन सगठन के पास जिनायतनों (मदिरो) का भी रिकार्ड नहीं है। जब हमारे उपासना स्थलो की ही सूची नहीं है तब उन केन्द्रो से जुड़े जैन धर्मावलम्बियो के बारे मे सम्यक जानकारी एकत्र करना, उनका सगठन बनाना, उनमे समन्वय स्थापित करना, उनके हित की योजनाओ को प्रचारित-प्रसारित करना महज आकाश कुसुम कल्पना ही है।

उपरोक्त विवेचन रो यह स्पष्ट है कि जैन धर्मावलम्बियो का सशक्त, प्रभावी एव सक्षम सगठन तैयार करने हेतु जिन मदिरो की सूची तैयार करना प्राथमिक आवश्यकता है। इस आवश्यकता का अनुभव पूर्व मे भी कतिपय जागरूक सगठनो द्वारा किया गया। लगभग 25 वर्ष पूर्व दिगबर जैन महासमिति ने **दिगम्बरत्व का वैभव** शीर्षक पुस्तक मे सूची बनाने का प्रयास किया था लेकिन वह महज एक शुरुआत थी। **10** वर्ष पूर्व लगभग 2200-2500 मदिरो की सूची दिगबर जैन त्रिलोक शोध सस्थान, हस्तिनापुर ने तैयार की तथा पोस्टकार्डो के माध्यम से भी जानकारी एकत्रित की थी। श्री बाहुबली पॉड्याजी ने अनथक श्रम करके इस सूची को परिवर्द्धित एव परिमार्जित किया ही है साथ ही महावीर ट्रस्ट कार्यालय से गत तीन वर्ष मे किये गये सघन पत्राचार एव विभिन्न स्त्रोतो से जानकारी एकत्रित कर इस सूची को वर्तमान रूप तक विकसित किया। जिसमे लगभग 9000 मदिरो की सूची हैं। मुझे यह स्वीकार करने में किंचित भी सकोच नहीं है कि और भी बहुत से ऐसे मंदिर होगे जो इस सूची में छूट गये होगे। मेरे अनुमान से यह सूची सहज ही 11000 तक पहुच सकती है।


1999 मे जैन विद्वानो, पत्र-पत्रिकाओ, जैन साधुओ की सूची को समाहित करने वाली सम्पर्क डायरेक्टरी के प्रथम सस्करण के प्रकाशन से लेकर अब तक छपे सस्करणो में व्यापक परिवर्तन हो चुके हैं। दिगम्बर जैन तीर्थ निर्देशिका के भी 2004 से 2008 तक की अवधि मे 4 सस्करण प्रकाशित हो गये। हर नये सस्करण मे कुछ नई सूचनाये जुड़ती चली गई हैं। सर्वेक्षण मूलक प्रकाशनो की यह नियति है। यही कारण है कि पुराने सस्करण अपनी उपयोगिता खो देते है। जैन समाज मे विशेषत दिगम्बर जैन समाज मे आधारभूत सर्वेक्षणात्मक कार्य करने वाले संगठनो का लगभग अभाव है। 1999 मे जब मैने दि जैन साधुओ की समग्र सूची सम्पर्क मे प्रकाशित की थी तब तक फुटकर रूप से वर्षायोग के समाचार तो पत्र-पत्रिकाओ मे आते थे किंतु समेकित सूची न होने से समाज के प्रमुखो का भी अनुमान 500 पिच्छिकाधारी साधुओ का था किंतु उस समय प्रकाशित सूची ही 850 की हो गई। आज 2008 मे तो 1050 से भी अधिक साधु साधनारत हैं। कुछ साधु छूट गये थे एव कुछ नवदीक्षितो के कारण सख्या बढ़ गई। यह प्रक्रिया प्रस्तुत डायरेक्टरी के साथ भी जारी रहेगी और हमारा विश्वास है कि दूसरे सस्करण के प्रकाशन के पूर्व हमे 10-15 प्रतिशत नये मदिरो की जानकारी प्राप्त होगी तथा वर्तमान मे प्रकाशित जानकारी भी सशोधित हो सकेगी। इस कार्य मे हम सभी का सहयोग चाहेगे। डायरेक्टरी का प्रस्तुत सस्करण श्री प्रदीपकुमारसिह कासलीवाल की सूझ-बुझ तथा सतत् सरक्षण का प्रतिफल हैं। दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा महावीर ट्रस्ट के कार्याध्यक्ष के रूप में उनकी अनेक उपलब्धियो में यह एक महत्वपूर्ण तथा स्थायी उपलब्धि होगी ऐसा मेरा विश्वास है।

इस मदिर सूची की उपयोगिता में वृद्धि तथा इसे बहुउपयोगी बनाने हेतु इसमे लगभग सचित्र लगभग 278 तीर्थों, साधुओं की परम्परा पर विशेष सामग्री सयोजित की गई हैं। सम्यक रूप से नियोजित जिलेवार नक्शों में निश्चय ही पदयात्रा करने वाले साधुओ को तथा तीर्थ यात्रियों को विशेष लाभ होगा। इस मदिर निर्देशिका के मुख्य भाग मंदिरो की सूची, अनुषांगिक भागो, साधुओ की सूची, विद्वानों एव चितको की सूची तैयार करने में **सम्पर्क** के पूर्व एव वर्तमान संस्करणों का व्यापक रूप से प्रयोग किया गया है। एतदर्थ मैं तीर्थकर ऋषभदेव जैन विद्वत् महासंघ का आभार ज्ञापित करता हूँ। तीर्थों के संक्षिप्त परिचय लिखने में इस निर्देशिका के सपादक बाहुबली पाड्या ने प. बलभद्र जैन द्वारा लिखीत भारत के दि जैन तीर्थ, भाग 1-5 मे से प्राप्त विवरणो को आधार बनाया है। इसी तरह दिग जैन महासमिति मध्याचल द्वारा प्रकाशित दिग जैन तीर्थ निर्देशिका से भी पते प्राप्त किये है। एतद् समस्त प्रकाशको के प्रति आभार।

मैं इस कार्य में निर्विकल्प सहयोग प्रदान करने हेतु दि. जैन त्रिलोक शोध संस्थान (जम्बूद्वीप) हस्तिनापुर तथा अपने सहयोगी सूची निर्देशिका के योजना प्रभारी एवं सपादक/प्रबध सपादक बाहुबली पाड्या के साथ ही महावीर ट्रस्ट कार्यालय के प्रबधक ललित राठौर, कम्प्यूटर ऑपरेटर श्री गगन राठौर एव कार्यालय सहायक श्री प्रभाकर जाधव, त्रिमूर्ति प्रिटर्स के श्री राजकुमार जैन सरावगी एव श्री विमलजी सरावगी तथा उनके सहयोगी तथा जेराज ग्राफिक्स के जिनेन्द्र जैन एव नितिन पजाबी का भी आभार व्यक्त करता हूँ।


डॉ. अनुपम जैन
प्रधान संपादक

आवरण पृष्ठ पिछला (विवरण)



सरोवर के निकट म.प्र. के प्राचीन अतिशय क्षेत्र श्री मक्सी पार्श्वनाथ का विहंगम दृश्य है। मुंबई-आगरा राजमार्ग पर इन्दौर से 70 कि.मी., उज्जैन से 38 कि.मी. तथा गुना-बजरंगगढ़ से 208 कि.मी. दूरी पर स्थित यह क्षेत्र अपने अतिशय के चलते पूरे भारत में दिगम्बर एवं श्वेताम्बर समाज में समान रूप से भक्ति एवं श्रद्धा का केन्द्र है। श्रद्धालु यहाँ दोनों मन्दिर की पार्श्वनाथ भगवान एवं सुपार्श्वनाथ भगवान की वेदियों की पिछली दीवार पर उल्टा सातिया (स्वस्तिक) माँडकर तरह-तरह की मनोती लेते हैं, तथा इच्छा पूर्ति होने पर पुन: आकर सातिया सीधा करके जाते है। गत सवा सौ वर्षो से इस क्षेत्र पर श्वेताम्बर समाज एवं दिगम्बर जैन समाज के मध्य विवाद एवं मुकदमेबाजी रही थी, जिससे क्षेत्र का विकास अवरुद्ध सा हो गया था। दोनों ही पक्षों ने समझदारी से एक न्यायालीन समझोते के तहत् वर्ष 2007 में सभी मुकदमेबाजी समाप्त कर दी है। भारत में कई तीर्थो पर दिगम्बर जैन समाज एवं श्वेताम्बर जैन समाज के मध्य मुकदमेबाजी चल रही है, शायद यह पहला क्षेत्र है जहाँ पर प्रेरणास्पद कार्य हुआ है। दोनों ही समाज अपनी-अपनी व्यवस्थाओं के क्षेत्र में जीर्णोद्धार एवं विकास का कार्य कर रहे हैं। छोटे मन्दिर क्षेत्र का जीर्णोद्धार एवं विकास कार्य दिगम्बर जैन समाज द्वारा किया गया है एवं क्षेत्र ने नया भव्य रूप ले लिया है। यहाँ रंगपंचमी पर प्रतिवर्ष प्राय: सन्तों के सानिध्य में मेला आयोजित होता है तथा हजारों की संख्या में श्रद्धालु यहाँ पर आते हैं।

सम्पादक की कलम से....



वाहुवली पांड्या

इस सूची निर्देशिका में मुद्रित कार्याध्यक्ष श्री प्रदीपजी कासलीवाल के प्रकाशकीय लेख '' अखिल भारतीय मंदिर महासंघ, समाज में विचार हेतु एक प्रस्ताव.'' में आप पढ़ेगें कि, हमने एक मंदिर महासंघ बनाना चाहिये। इस प्रस्ताव को वैचारिक बहस हेतु समाज में प्रस्तुत करने के पूर्व महासंघ बनाने हेतु यह जरूरी समझा कि मंदिरों के तथा उनके अध्यक्ष-मंत्रियों के नाम पते, टेलीफोन नम्बरों की जितना संभव एवम् उपलब्ध हो पाये उतनी सही-सही सूची बना ले। यही समझते हुये करीब ढाई-तीन वर्ष पूर्व से हमने सूची इकट्ठी करने का कार्य महावीर ट्रस्ट इन्दौर के कार्यालय के आर्थिक एवम् कार्यालीन व्यवस्था सहयोग व उसे प्रमुख केन्द्र बनाकर चालू किया।

पूर्व की यदा-कदा जो सूचियां उपलब्ध थी भी वे आधी-अधूरे नाम पतों की थी। इसके अलावा हमें कुछ सूचियाँ हस्तिनापुर से परम आदरणीय ब्रम्हचारी श्री रविन्द्रजी एवं कुन्दकुन्द ज्ञानपीठ इन्दौर से डॉ. अनुपम जैन के सहयोग से प्राप्त हुई तथा कुछ सूचियाँ दिगम्बर जैन महासभा लखनऊ के कार्यालय से भी प्राप्त हुई। फिर भी यह सूचियाँ कुल मिलाकर तीन से साढे तीन हजार मंदिरों की ही हो रही थी इनमें भी पते सम्पूर्ण नहीं थे जबकि हमारे अनुमान अनुसार पूरे भारत में कम से कम बारह से पंद्रह हजार मंदिर होने का हमें अनुमान था। अत: हमने दिगम्बर जैन समाज की विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं तथा अखबार में विज्ञप्तियां छपवाई, समाज के वरिष्ठ जनों, मंदिर पदाधिकारियों को सैकडों पत्र एवं तकरीबन बीस हजार पोस्टकार्ड (पुन: पुन:) लिखे तब कहीं जाकर तकरीबन नौ हजार मंदिरों के नाम, पते, फोन नं. हमें प्राप्त हो पायें। इसमें हमें काफी धैर्य रखना पड़ा एवं समय भी काफी लगा।

चूंकि यह सूची निर्देशिका मंदिरों, संस्थाओं, संगठनों हेतु बहुपयोगी रहेगी ऐसा समझते हुए हमने राज्यों के मानचित्रों को चार हिस्सों में विभाजित करके प्रत्येक राज्य खंड में प्रारंभ में लगाया है। इससे शहरों के नाम तथा एक शहर से दूसरे शहर के मध्य की दूरी के किलोमीटर. भी स्पष्ट पढ़ने में आ रहे हैं। इसी तरह दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्रों की लोकेशन भी चिन्हित की है। क्षेत्रों के नाम मानचित्र में अंदर मुद्रित करने के बजाय हमनें उन्हें बाहर मुद्रित करके रेखा द्वारा स्थान इंगित किया है जिससे शीघ्रता से लोकेशन का पता लग सके।

इसके अलावा जितना संभव हो सका भारत के प्रमुख सिद्धक्षेत्र, अतिशय क्षेत्र, कल्याणक क्षेत्र, कला, शिल्प, ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक प्राचीन तीर्थ क्षेत्रों के भी रंगीन फोटो जो उपलब्ध हो पाये है उनको लगाये हैं। जहां के मूलनायक एवं तीर्थ के फोटोग्राफ प्राप्त नहीं हो पाये हैं वहां रिक्त स्थान छोड़ने के बजाय हमने महत्वपूर्ण वेदियां, जैन शिल्प कला एवं मंदिरों के फोटोग्राफ लगाये हैं तथा गोल लाल घेरे में जैन शिल्प का चिन्ह लगाकर स्पष्ट भी किया है।

इस सूची निर्देशिका के पतों का उपयोग, जब किसी संस्था, संगठन, मंदिर, चार्तुमास समिति को अपने यहाँ हो रहे धार्मिक कार्यक्रम, चार्तुमास, पंचकल्याणक महोत्सव की सूचना, जिले, राज्य या राष्ट्रीय स्तर पर पोस्टर, पत्रिका या सूचना पत्र के रूप में सभी दूर भेजना होगी तभी ज्यादा होगा। अत: उपयोग कर्ता को पते उतारकर उन्हें पुन: मुद्रित ना कराना पड़े इस असुविधा को ध्यान में रखते हुये हमने प्रत्येक मंदिर/क्षेत्र के पतों को स्टीकर शैली मे मुद्रित किया है। इस सुविधा में उपयोगकर्त्ता को सिर्फ करना यह भर है कि उनको जहां-जहां पोस्टर, सूचना पत्र भेजना है उन पतों के पृष्ठों की इस निर्देशिका में से फोटो कॉपी करवाकर उसमें से पतों के स्टीकर काटकर सीधे पोस्टर, सूचना पत्र या लिफाफे पर चिपकाना भर हैं। इससे उपयोगकर्त्ता को काफी सुविधा होगी।

चूंकि इस निर्देशिका का स्वरूप सूचनात्मक है अत: पृष्ठ नहीं बढ़ रहे होते तो बहुत सी विभिन्न जानकारियां और भी दी जा सकती थी। जैसे - भारत में वर्तमान में कितने जैन आई.ए.एस.ऑफिसर, न्यायाधीश, शिक्षाविद्, प्रमुख प्रसिद्ध डॉक्टर, प्रोफेसर, इंजीनियर, वैज्ञानिक, खिलाड़ी, शिक्षा एवं चिकित्सा क्षेत्र में आर्थिक सहयोग देने वाली जैन संस्थायें, शोधपीठ संस्थान, शोध करने हेतु प्रमुख पुस्तकालय, गंभीर बीमारी के इलाज हेतु प्रमुख हॉस्पिटल व प्रत्येक शहर में ठहरने हेतु दिगम्बर जैन धर्मशालायें आदि कहाँ-कहाँ है उनके पते तथा फोन नं. आदि। (भविष्य में संभव हुआ तो महावीर ट्रस्ट अतिशीघ्र ही इस तरह का प्रकाशन भी करेगा)। फिर भी हमने कुछ अतिरिक्त विभिन्न जानकारियां देने का प्रयत्न किया है जैसे-प्रमुख साधु परम्परा, मोक्षगामी आचार्यों के, वर्तमान आचार्य-साधु-उपाध्याय, एलक, क्षुल्लक, आर्यिकायें, ब्रहमचारीजी, प्रमुख राष्ट्रीय संस्थान, समाजश्रेष्ठी, चिंतक के फोटो आदि (फोटो हम उन्हीं के दे पायें है जिनके फोटोग्राफ हमें उपलब्ध हो पाये हैं इन्हें भी हमने संघ स्वरुप में ना देते हुये अल्फाबेटिकल स्वरुप में मुद्रित किया है)। प्रमुख संस्थाओं, विद्वानों, वर्तमान साधुओं की सूची एवं साधुओं के फोटोग्राफ हमें इंदौर के ब्रम्हचारी श्री जिनेषजी मलैया ने उपलब्ध कराये हैं जिनके हम बहुत आभारी है।

यह जानते हुये भी कि मंदिरों के अध्यक्ष, मंत्री दो-तीन साल में बदल भी जाते है फिर भी उनके नाम पते इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुये मुद्रित किये है कि अध्यक्ष-मंत्री उस शहर, कॉलोनी के सक्रिय सदस्य है। अत: अपने क्षेत्र में प्रभाव एवं सम्पर्क रखने वाले ऐसे व्यक्ति का उस शहर क्षेत्र में हमें कभी सम्पर्क करना हो तो कम से कम नाम, पता, टेलीफोन नं. तो हमारे पास उपलब्ध हो.....? जो कि आज हमारे पास है ही नहीं। हम पुन: शीघ्र बदले हुये नाम पते नहीं भी छाप पाये परंतु उपलब्ध पते पदाधिकारियों से नये पदाधिकारियों की जानकारी तो प्राप्त कर ही सकते हैं। तथा प्रस्तावित मंदिर महासंघ के कार्यालयों के रजिस्टरों में नाम, पते संशोधित करते रहने की प्रक्रिया को सतत तब तक चालू रख सकते है जब तक कि इस निर्देशिका का प्रत्येक दो-तीन वर्ष में पुन:-पुन: प्रकाशन होता रहे।

अंत में मैं आभारी हूँ महावीर ट्रस्ट इन्दौर के कार्याध्यक्ष-प्रदीपकुमारसिंहजी कासलीवाल के नेतृत्व, धैर्य, मार्गदर्शन, सतत् सम्पर्क, पूछताछ का जिसके चलते मैं उत्साहित रहा। मैं आभारी हूँ डॉ. अनुपम जैन (प्रधान संपादक) जिनके अनुभव, मार्गदर्शन एवं संपादन के साथ कुंदकुंद ज्ञानपीठ इन्दौर के कार्यालयीन सहयोग, कार्यालयीन व्यवस्थापक कु./श्रीमती सुरेखा का जिसके बगैर इतनी जानकारी देना शायद संभव नहीं होता। मैं दि. जैन महासमिति मध्यांचल के श्री हंसमुख गाँधी इन्दौर, श्री कीर्ति पांड्या इन्दौर का भी आभारी हूँ जिनका मुझे प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष सहयोग मिला। मैं आभारी हूँ महावीर ट्रस्ट की व्यवस्था एवं सम्पूर्ण आर्थिक सहयोग का तथा कार्यालय प्रबंधक श्री ललित राठौर, कम्प्यूटर ऑपरेटर श्री गगन राठौर व कार्यालय सहायक श्री प्रभाकरजी जाधव का जिन्होंने बहुत कार्य किया। मैं आभारी हूँ इन्दौर के त्रिमूर्ती ऑफसेट प्रा. लि. के श्री राजकुमारजी सरावगी, श्री विमलजी सरावगी एवम् ग्राफिक्स संयोजक श्रीमती राज -जिनेन्द्र जैन (जेराज ग्राफिक्स) मल्हारगंज, श्री नितिन पंजाबी का जिनके सम्मलित प्रयासों से यह निर्देशिका इस स्वरूप में प्रकाशित हो पाई है।

इन सबके बावजूद इस निर्देशिका में अगर प्रमाद व अज्ञानतावश कोई त्रुटि रह गई हो तो इसका दोशी अपने को मानते हुये मैं सुविज्ञ पाठकों से क्षमा की अपेक्षा करता हूँ।

धन्यवाद।

बाहुबली पाँड्या
संपादक/प्रबंध संपादक
(सूचीकरण योजना प्रभारी अ.भा.
मंदिर निर्देशिका - महावीर ट्रस्ट)

दिगम्बर जैन मंदिर महासंघ

(समाज में विचार हेतु एक प्रस्ताव)



प्रदीपकुमारसिंह कासलीवाल

गत् 100 वर्षों की पारिवारिक, परपरागत, सामाजिक एव धार्मिक सक्रियता के चलते जब गत् 15/20 वर्ष से धार्मिक एव सामाजिक तौर पर समाज में मैं अधिक सक्रिय हुआ हूँ तब से मुझे हुये कई खट्ठे-मीठे अनुभवो ने मेरे मन मे कई प्रश्न पैदा किये थे। उदाहरणार्थ पौराणिक तौर पर ना भी माने तब भी श्रमण सस्कृति कम से कम चार हजार वर्ष पुरानी है। यह तथ्य आज इतिहासवेत्ताओं तथा विद्वानों द्वारा भी स्वीकृत है अत होना तो यह चाहिये था कि पूरे विश्व में जैन दर्शन एव इसके अनुयायियो की वृहद् सख्या और धर्म का विस्तार होना चाहिये था ? जबकि वर्तमान मे ऐसा नहीं हैं। क्या ?

इस्लाम एव यीशुमत जो कि मात्र 1500 से 2100 वर्ष ही प्राचीन है उनसे तुलना ना भी करें तो भी अभी-अभी ताजे-ताजे से मात्र पाँच सौ वर्ष पूर्व जन्म लिये सिखमत एव उनके अनुयायियो की सख्या से हम जैनों के विस्तार एव विकास की तुलना करें तो हम जैनी तो उनकी तुलना मे भी धार्मिक, राजनैतिक, सामाजिक तौर पर कहीं नहीं ठहर पाते है। अत आज जैन समाज के बच्चे-बच्चे एव उसके स्वयभू नेतृत्व के मन में यह प्रश्न उठना ही चाहिये कि आखिर ऐसा क्यो ? क्या हम गरीब है? क्या हम जैनी समाज एवं धर्महित मे खर्च कम करते हैं ? क्या हम जैनी अशिक्षित हैं ? . क्या हमारे चरित्र ठीक नहीं हैं ? क्या हम मे जागरूकता एव सक्रियता की कमी है ? और अगर ऐसा नहीं हैं, तब क्या कारण है कि सामाजिक क्षेत्र हो या राजनैतिक क्षेत्र, कलात्मक क्षेत्र हो या खेल का क्षेत्र हमारी उपस्थिति और मौजूदगी राष्ट्रीय स्तर पर नहीं के समान दर्ज हैं ? क्यो हमारे सासदों एव विधायको की सख्या नगण्य सी हैं ? क्यो हमारे समाज में अम्बानी या मित्तल के समान किसी की हैसियत नहीं है ? . क्यो हमारे समाज में भी सचिन तेदुलकर या लता मगेशकर सा कोई खिलाड़ी या कलाकार नहीं हैं ? क्यो हमारी अल्प सख्यक की माग को केन्द्र सरकार द्वारा कोई तवज्जो नहीं दी जा रही हैं ? क्यों गिरनारजी हम खो चुके हैं ? क्यो एक प्रदेश सरकार की ऐसी हिम्मत हैं कि वह केशरियाजी प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट के आर्डर तक को कोई महत्व नहीं दे रही है ?

कारण बहुत से हो सकते हैं जिनमें मैं एक प्रमुख कारण यह मानता हूँ कि ऐतिहासिक तौर पर हमारे समाज में एक व्यवस्थित सामाजिक एव धार्मिक संगठनात्मक व्यवस्था का लम्बा अभाव रहा है अगर तुलना करें तो क्रिश्चियन समाज की धार्मिक व्यवस्थाओं का कमो-बेश पूरे विश्व मे नियत्रण चर्चों से, वेटिकन सिटी की पोप व्यवस्था से चलता है। इस्लाम एव मुस्लिम समाज की व्यवस्था कुरान एव मस्जिद, मुल्ला-मौलवियो से नियत्रित होती है। हिन्दुओं की व्यवस्था भी मदिरों एवं मठो से शकराचार्य की पीठो से तथा सिक्खो की व्यवस्था गुरूग्रंथ साहब, गुरूद्वारा तथा अकाल तख्त से चलती है इससे यह तो निश्चित समझ मे आता है कि समाज को सगठित करने मे उपासना केन्द्रो की एव धर्म की निश्चित ही महत्वपूर्ण ऐतिहासिक भूमिका है। किंतु हमारे जैन समाज मे इस तरह की कोई सगठनात्मक व्यवस्था है ही नहीं।

इसकी तुलना मे जैन समाज एव धर्म का इतिहास उठाकर देख तो हमारे यहाँ धर्म एवं समाज को संगठित करने की अन्य धर्मावलम्बियो की तरह कोई राष्ट्रीय स्तर की वृहद् मजबूत व्यवस्थित लिखित व्यवस्था कभी थी ऐसा कोई ऐतिहासिक प्रमाण उपलब्ध नहीं है। चार हजार वर्ष के प्राचीन श्रमण सस्कृति के इतिहास में अगर कोई थोड़ी बहुत धार्मिक एव सामाजिक सगठनात्मक व्यवस्था थी भी तो वह भट्टारक व्यवस्था थी। जो क्षेत्रीय स्तर पर छोटे मोटे धार्मिक उद्देश्यों की पूर्ति एवं सास्कृतिक धरोहरो की रक्षा के लिये असगठित स्वरूप मे थी उनका लक्ष्य एवं सोच न तो राष्ट्रीय स्तर पर था एव नही भट्टारकगादियो में कोई विशेष आपसी तालमेल था।

कोई भी धर्म, दर्शन, पथ, समाज तब तक ही जिदा रहकर लगातार आगे बढकर आगे रह सकता है जबकि उसके मानने वालो में आपस मे सतत् सपर्क हो, वे आपस में हर क्षेत्र में सगठित हो, एवं मजबूत हो वे धर्म एव समाज के कुछ मूलभूत नियमों उपनियमो में बधे हुये हो एवं इस हेतु कोई ऐसी स्थायी प्रकृति की कोई केन्द्रीय संस्था हो, कोई ऐसी व्यवस्था हो जिसमें किसी तरह का कोई बडा विवाद न हो। सस्था में नेतृत्व करने हेतु प्रतिस्पर्धा तो हो पर ऐसी किसी प्रतिस्पर्धा करने की जरा भी गुंजाइश न हो की अगर मुझे नेतृत्व या महत्व नहीं मिला है तो मैंने झट एक नयी संस्था गठित कर ली तथा जिस सस्था व्यवस्था एव उसके अनुशासन से हर गाव, हर शहर, हर क्षेत्र के समाज का प्रत्येक व्यक्ति, बच्चा-बच्चा प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तौर पर जुड़ा हुआ हो।

यह स्पष्ट है कि जैन समाज में एक तरह से अनिवार्य सी इस तरह की केन्द्रीय संस्था का हमेशा से अभाव रहा है कहने को करीब एक शताब्दी पूर्व सन् 1892 से भारत में दिगम्बर जैन समाज को संगठित करने हेतु संस्थायें बनाना चालू हुई है तथा अपने

स्तर पर सभी सस्थाये जिसे जो, जैसा, जब, समझ में आ रहा है अपने अपने स्तर पर बगैर दूरगामी परिणामो के लक्ष्य को ध्यान में रखकर कार्य कर रही है पर एक कटु सत्य यह भी है कि सभी सस्थाओ के पास कोई राष्ट्रीय स्तर पर समाज एव धर्म के विकास हेतु कब, क्यों, किसलिए, कोई कार्य करने का कोई व्यवस्थित लिखित मास्टर प्लान नहीं हैं।

जहाँ तक मेरा अनुमान है प्रतिवर्ष भारत के पूरे जैन समाज का लगभग क्षेत्रीय स्तर पर हो या सस्थाओ के माध्यम से विभिन्न मदो मे जैसे नये तीर्थो के नवनिर्माण, विभिन्न धार्मिक एव सामाजिक आयोजन, प्रतिष्ठा समारोह, चातुर्मास समारोह, अधिवेशन, तीर्थ जीर्णोद्धार आदि के नाम पर औसत 150 करोड़ रूपया खर्च हो ही जाता है और इस खर्च को पूरा करने हेतु हर साल जब प्यास लगे तब कुआ खोदो वाली शैली मे हमारी सस्थाओ एव मदिरो को, आयोजनकर्ताओ को दान प्राप्त करने हेतु काफी रस्साकसी करनी पड़ती है। मुकदमे लड़ना हो तो शहर शहर जाकर सेठ-साहूकारो से याचना करना पड़ती है।

ऐसा नहीं है कि दान दाताओ एव सामाजिक कार्यकर्ताओ की कमी है सामाजिक विकास, धर्म एव समाज के प्रति कार्य करने की उर्जा और उत्साह समाज में भरपूर है समाज का बच्चा बच्चा अगर उसे सही प्रारूप और व्यवस्था के जरिये अवसर, कार्य करने एवं नेतृत्व करने की हिस्सेदारी दी जाये तो तन-मन-धन से सहयोग करना भी चाहता है तथा वह कर भी रहा है यानि धन एव कार्यक्षमता पूरी तौर पर बराबर खर्च हो रही है बावजूद इसके परिणाम वैसे प्राप्त नहीं हो पा रहे है जैसा होना चाहिये और इसका एक मात्र कारण 10 सस्थायें, उसके अलग-अलग एजण्डे एव उसके अलग राष्ट्रीय स्तर के नेताओ की वह अस्थायी व्यवस्था है जो उसे बजाय कार्य करने के उस तृष्णा की ओर धकेलती है जिसके तहत वह अपने कार्यकाल मे हो रहे समारोह मे मच की प्रमुख कुर्सी पर बैठने के मजे लेना चाहता है इस भय से कि क्या मालूम अगली बार पद पर आ पाऊ या नहीं आ पाऊ।

हमारे समाज मे तन-मन-धन की इस भरपूर उपलब्धता का उपयोग एव खर्च अगर मात्र किसी एक केन्द्रीय व्यवस्था के हित में हो तो निश्चित ही बेहतरीन परिणाम आ सकते है जबकि दरअसल मे ऐसा हो नहीं पा रहा है पूरी शक्ति और उत्साह, अलग-अलग स्वरूप के नेतृत्व के केन्द्रों मे विभाजित हो रहा है कई केन्द्र पथो के है, तो कई धार्मिक मान्यताओ के है, लिखना नहीं चाहता हूँ पर यह कटु सत्य हमे उगलना ही होगा कि अब तो पूज्यनीय व्यवस्थाओं के भी अलग-अलग सघ एव केंद्र है तथा उनमे भी प्रतिस्पर्धा है अत: अब हो यह रहा है कि बापड़ी धन देने वाली तथा कार्य करने वाली उर्जा जहाँ जैसे जिसके प्रभाव मे आकर जिस सस्था से जुड़ गयी सो जुड़ गयी। इस भोली व्यवस्था को समझ ही नहीं पड़ता हैं कि उसकी धर्मभीरूता, श्रद्धा तथा दान देने की हैसियत का कितनी चतुराई पूर्वक बगैर किसी दूरगामी परिणाम मिलने की उम्मीद के यदवा-तदवा तरीके से दोहन किया जा रहा है इस पूरी मजबूर व्यवस्था को हम इस रूप मे भी समझा सकते है कि एक छोटे से मोहल्ले मे (यानि अल्प सख्या वाले समाज मे) अगर एक ही परिवार की मिलते जुलते स्वरूप एव सामान की पद्रह दुकानें खुल जाये तो उस परिवार और दुकानो म क्या तथा कैसे कितनी कमायी हो पायेगी यह हम सहज अनुमान लगा सकते हैं।

सच तो यह है कि यह व्यवस्था की मजबूरी नहीं है बल्कि नेतृत्व करने की उस तृष्णा का दोष है, जो इन विसंगतियों को पूरी तौर पर समझने के बावजूद भी इस व्यवस्था में बदलाव लाने की इसलिए कोशिश नहीं करते है क्योंकि वे जानते है कि ऐसे बदलाव से उनका पद एवं अच्छा भला नेतृत्व ही दाँव पर लग सकता है अत: समाज एव धर्म जाऐ भाड़ में, जो जैसा चल रहा है वैसा चलने दो।

मैं स्वय भी दिगम्बर जैन महासमिति का दो बार राष्ट्रीय अध्यक्ष रह चुका हूँ गलतियाँ मुझसे भी हुई होगी, हो सकता है आज भी हो रही है। परंतु अतर आत्मा मे अनुभूत हुये बहुत से सत्य को स्वीकार करने की मुझमे हिम्मत है और यही महावीर का धर्म हमको सिखाता भी है कि हम समाज हित मे अगर स्वय हमने गलती की हो तो उसे भी स्वीकार करे।

समाज की इन परिस्थितियो और हालातो ने ही हमे यह सोचने हेतु मजबूर किया है कि आखिर हम ऐसा क्या करे की पूरा समाज किसी एक धार्मिक एव सामाजिक सगठन से झण्डे तले एकता के साथ खड़ा हो जाए, हम ऐसा सगठन बनाऐ जा स्थायी होकर शताब्दियो तक धर्म एवं समाज को सगठित रख सके तथा जिसके जरिये पूरे समाज का बच्चा बच्चा एक प्रजातान्त्रिक स्वरूप मे बाल्यकाल से ही धार्मिक सगठन के प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तौर पर जुड़ कर जिम्मेदारी महसूस कर सके। हम ऐसा सगठन बनाये जिसके स्वय के पास आम दिगम्बर जैन समाज के सदस्य से प्राप्त राशि से बना करोड़ो का फड हो तथा जिस धन हेतु बार-बार याचना नहीं करना पड़े। **मेरे मित्र एवं सामाजिक कार्यकर्ता इन्दौर के बाहुबली पाँड्या जो कि इस योजना के राष्ट्रीय प्रभारी एवं संयोजक भी है और मैनें काफी आपसी वैचारिक बहस के पश्चात यह निष्कर्ष निकाला है कि अगर भारत के समस्त दिगम्बर जैन समाज के मंदिरों/चैत्यालयों के अपने अपने मंदिर क्षेत्रों की दिगम्बर जैन समाज द्वारा चुने गये या मनोनीत अध्यक्ष एव मंत्रियों इन पदाधिकारियों का मंदिर महासंघ बनाने का विचार समाज में एक व्यवस्थित स्वरूप में वैचारिक बहस हेतु रखा जाये तो इसमें कोई बुराई नहीं है** तथा जिन निष्कर्षो के चलते हमे लगा कि यहीं एक ऐसा विकल्प है जो समाज को स्थायी तौर पर

शताब्दियों तक सगठित रखते हुऐ निरतर मजबूती प्रदान कर सकता है ये निष्कर्ष निम्नानुसार है-

1. मदिर स्थायी होकर शताब्दियों तक कायम रह सकता है / रहता भी है।

2. मदिर के अध्यक्ष-मत्री का पद भी स्थायी है जो कि मन्दिर महासघ मे उस मन्दिर का प्रतिनिधित्व करेगा भले ही दो या पॉच वर्षो मे पद को सम्भालने वाला व्यक्ति शताब्दियों तक बार-बार बदलता रहे।

3. एक मजबूत राष्ट्रीय सस्था मे प्रतिनिधित्व करने वाले सदस्य मे जो अनिवार्य गुण एव स्थितियों की आवश्यकता है जो कसौटियो जरूरी है उन सभी कसौटियो पर मदिर का अध्यक्ष एव मत्री खरा उतर सकता है जैसे कम से कम वर्तमान में तो प्राय अध्यक्ष, मंत्री प्रजातात्रिक स्वरूप में उस क्षेत्र या मदिर से जुड़े स्थायी लोगो के द्वारा चुनाव प्रक्रिया के द्वारा ही चुने जाते हैं या वे ट्रस्टी, सस्थापक, मंदिर निर्माता अगर मनोनीत भी है तब भी यह तो तय है कि उन्हे उस मदिर से जुडी व्यवस्थाओ का सम्पूर्ण विश्वास प्राप्त है। प्राय अध्यक्ष, मंत्री ना सिर्फ धन सम्पन्न होते हैं, अपने क्षेत्र में प्रतिष्ठित एव प्रभाव रखने वाले तथा सक्रिय पदाधिकारी होते ही हैं क्योकि अगर वे सक्रिय नहीं हो तो मदिर की वर्ष भर की पूजा प्रक्षाल, मण्डल विधान, धार्मिक-मागलिक महोत्सव, चातुर्मास की व्यवस्था, दसलक्षण पर्व के कार्यक्रमो की व्यवस्थाये आदि सम्भाली ही नहीं जा सकती है। यानि कि केन्द्रीय संस्था मे अपने क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाला यह सक्रिय पात्र ही वह योग्य पात्र हो सकता है। जैसे पात्र या सदस्यो को किसी केन्द्रीय संस्था मे होना चाहिये। इस प्रस्तावित मंदिर महासघ का सबसे उज्जवल एव सकारात्मक पहलू ही यह होगा कि इसका पजीकृत सदस्य सक्रियता की कसौटी पर अपने क्षेत्र की समाज द्वारा चुना गया पूर्व से ही खरा उतरा हुआ मदिर का अध्यक्ष, मत्री होगा। केन्द्रीय सस्था मे उसके चुने जाने या नामाकित मतदाता बनने का आधार धन या किसी के भी द्वारा पैसा भर दिया जाना नहीं होगा। जो कि बेहद जरूरी है और जब ऐसा होगा तब यह सभव नहीं होगा कि कोई भी व्यक्ति अपनी जेब से किसी के भी नाम से **500/-** या **5000/-** रू ,**11000/-** रू केन्द्रीय सस्था म या किसी तीर्थ में उसके नाम से थोक मे सदस्यता शुल्क भर देवे और इस तरह धनबल पर दो-चार सौ मतदाता बनाकर खुद केन्द्रीय सस्था का अध्यक्ष या तीर्थ का अध्यक्ष बनने की कोशिश करे।

4 इस तरह दिगम्बर जैन समाज की आम जनता से सीधा जुड़ा सक्रिय अध्यक्ष / मत्री **12000** मंदिरो के माध्यम से देश की चप्पे-चप्पे मे फैली जेन समाज का प्रतिनिधित्व करने वाला वह सक्रिय प्रतिनिधि व्यक्ति होगा जिस तरह के प्रतिनिधियो की एक केन्द्रीय सस्था मे प्रविष्टि हाना चाहिये ।

5. हम कल्पना करे कि उपरोक्त निष्कर्षो के आधार पर मान लो इस मंदिर महासघ के प्रस्ताव को सामाजिक स्वीकृति मिल गई और यह बन गया तब प्रश्न यह उठता है कि यह महासघ ऐसा क्या कर लेगा, या करेगा जो कि वर्तमान मे अन्य सस्थायें ऐसा नहीं कर पा रही है तो यहाँ हम यह बताना चाहेगे कि सबसे बड़ा एव महत्वपूर्ण पहला फायदा यह होगा कि इस दिगम्बर जैन समाज नाम के बच्चे का एक ही स्थायी पिता तय हो जायेगा तथा यह निरीह समाज नाम का बच्चा उस विचित्र स्थिति से बाहर निकलेगा जिसमे हर राष्ट्रीय सस्था ऐसा प्रदर्शित करने की कोशिश करती है कि जैसे यह ही समाज की प्रमुख राष्ट्रीय जिम्मेदार सस्था है। आज तो समाज को यह समझ ही नही पड़ता है कि शीर्ष स्तर पर समाज का नेतृत्व कौनसी संस्था कर रही है।

6. दूसरा बड़ा फायदा एक ऐसे स्थायी फड (धन का कोष) का होगा जिसमे समाज के बच्चे बच्चे की हिस्सेदारी रहेगी तथा जिससे हर एक सदस्य अपने को राष्ट्रीय स्तर पर समाज से जुड़ा हुआ भी महसूस करेगा तथा शुरूआती दौर की निश्चित कठिनाईयो के पश्चात इस फड मे रूपया देना प्रत्येक सदस्य की अनिवार्य आदत सी होगी। जो सहज एव सरल होगी , कैसे होगी इसका विश्लेषण इस रूप में आगे है कि -

हमारे अनुमान अनुसार पूरे भारत वर्ष मे कम से कम **12000** मदिर है तथा दिगम्बर जैन समाज की आबादी भी कम से कम 40 लाख तो है ही तथा प्राय प्रत्येक जैन नियमित अपने आस पास के मदिर मे दर्शन करने तो जाता ही है अत अगर प्रत्येक जैन को चाहे वह बच्चा हो या बड़ा किसी न किसी एक मदिर के सदस्य बनने हेतु अनिवार्यता सी कर दी जाये तथा हमारे समाज की पुरातन परम्परा जिसे हम समाज का लागा कहते रहे है उसे पुन चालू कर दिया जाये तो कोई मुश्किल नहीं है अगर प्रत्येक सदस्य प्रतिमाह ज्यादा नहीं तो पान खाकर थूक देने की लागत जितनी राशि, जो सिर्फ 5 रूपये प्रतिमाह जितनी प्रति सदस्य तय की जा सकती है, भी अपने क्षेत्र के मदिर मे प्रति सदस्य लागा देने लगे तब प्रतिमाह 40 लाख जैनियो के हिसाब से 40 लाख गुणित 5 रूपये बराबर दो करोड़ रूपया प्रतिमाह राष्ट्रीय स्तर पर सग्रहीत होता रह सकता है तथा इसे सग्रहीन करने हेतु अलग से कोई कर्मचारियो की आवश्यकता भी नहीं है क्योकि प्रस्तावित मंदिर महासघ के **12000** मदिर अपने आप में महासघ की ओर से स्थानीय कार्यालय के स्वरूप मे कार्य कर सकते है। इस स्वरूप मे हम **24** करोड रूपया वार्षिक इकट्ठा करके एक ऐसी केन्द्रीय सस्था को मजबूत बना सकते है जैसी की श्वेताम्बर जैन समाज की राष्ट्रीय केन्द्रीय सस्था आनदजी कल्याणजी ट्रस्ट के स्वरूप मे है।

जब आर्थिक तौर पर एक मजबूत केन्द्रीय सस्था होगी तब हम यह कोशिश करेगे की जो आज सामाजिक तथा धार्मिक व्यवस्थाओ मे सस्थायें, तरह तरह के संघ एवं मंच अपनी अपनी मान बढ़ायी के चक्कर में बगैर किसी दूरगामी नीति निर्धारण के समाज का पैसा तथा युवा शक्ति की उर्जा का अधिक बेहतर कार्यों मे उपयोग नहीं कर पा रहे हैं उस उर्जा एवं धन का उपयोग अनुशासित होकर योजनाबद्ध ढग से प्रस्तावित मंदिर महासघ केन्द्रीय संस्था द्वारा किया जा सकेगा।

आज तो हालत यह है कि जो व्यवस्था एव कार्य श्रावकों को, समाज के नेतृत्व को करने के है तथा उन्हें ही यह करना भी चाहिये वे कार्य साधु-सत एव अलग अलग संघो के हाथ मे चले गये है यानि जो ससार से वीतरागी हो चुके है उन्हे श्रावको की कमजोर व्यवस्था के चलते उपरोक्त व्यवस्थाए शायद मजबूरी मे संभालना पड़ रही है। यानि हम श्रावकों को समझना चाहिये कि हमारी कमजोर सामाजिक व्यवस्था वीतरागता के उस मार्ग में जिसके चलते वस्त्रो का त्याग किया गया है, उस मोक्ष मार्ग मे आगे बढ़ने मे तथा त्यागियों के आत्मा के कल्याण में कितने तरह के विघ्न डाल रही है। अगर श्रावकों की व्यवस्था एव नियत्रण स्वत मजबूत होगा तब त्यागियों को इन सासारिक प्रपचो मे पड़ने की क्या आवश्यकता रह जायेगी, वे निराकुलता पूर्वक मोक्ष मार्ग की ओर अग्रसर होंगे।

यह सही हैं कि मंदिर महासघ के गठन मे भी नेतृत्व करने हेतु, उसका अध्यक्ष या पदाधिकारी बनने हेतु आपसी प्रतिस्पर्धा उठा पटक तो होगी ही जो कि स्वाभाविक है हम सोचते है कि इसमें कोई बुराई नहीं है बहुत बड़ी अच्छाई मे **5** प्रतिशत बुराई भी स्वाभाविक है। जब देश आजाद हुआ तब मात्र एक लोक सभा या विधान सभा मे प्रतिनिधि चुने जाने की प्रजातांत्रिक व्यवस्था मे तरह तरह की चुनावी उठा पटक होवेगी इस भय से या ऐसा सोचकर अगर भारत मे भी वही **336** रियासतो के सत्ता के कई केन्द्र होते जिनके चलते ही देश **800** साल तक गुलाम रह कर पिछडा सा रह गया था तथा सन् **1947** मे हम अगर प्रजातांत्रिक व्यवस्था को उस समय नहीं अपनाते तो आज भारत चुनाव की विभिन्न बुराई तथा दलो की प्रतिस्पर्धा के बावजूद भी विश्व मे मात्र **60** वर्ष में जिस महत्वपूर्ण स्थिति में पहुँच गया है उस ऊँचाई तक कभी नहीं पहुँच पाता। सन् **1948** मे जिस ऐतिहासिक गलती को सुधारने हेतु राजाओ ने बेमन से ही सही प्रजातात्रिक व्यवस्थाओं के हित मे ही जो अपनी-अपनी रियासतों का त्याग किया उसी के परिणाम स्वरूप आज भारत इस ऊँचाई तक पहुँचा है। ऐसा ही त्याग शनै -शनै क्रम से हमारी राष्ट्रीय सस्थाओ एव उसके नेतृत्व को भी करना ही होगा, तथा किसी एकमात्र राष्ट्रीय सस्था के झडे तले समाज को संगठित करना होगा और जब ऐसा हो जाएगा।

तब सस्थाओं के नियमो की कमजोर व्यवस्थाओं के ढांचे के चलते तथा चुनावी गणित मे वोटो के खेल को समझकर जैसा की आज सस्थाओ मे हो रहा है, कोई भी व्यक्ति खुद अपने पास से पॉच-पचीस लाख रूपया खर्च करके पॉच सौ या पॉच हजार रूपये प्रतिसदस्य खर्च कर यह मेरे वोट है इस आधार पर किसी तीर्थ या सस्था पर कब्जा करने हेतु उसका अध्यक्ष बनने की कोशिश करे ऐसा होना नामुमकिन हो जायेगा। आज वर्ष **2007-08** मे चाहे वह दिगम्बर जैन महासमिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष बननेकी बात हो या तीर्थ क्षेत्र के कमेटी के अध्यक्ष बनने की बात होकुछ ऐसी ही रणनीति अपनायी गयी थी जो हमारी व्यवस्था की कमजोरी स्पष्ट नजर आती है।

यहाँ एक प्रश्न यह भी उठ सकता है कि प्रस्तावित मदिर महासघ मे उसका अध्यक्ष या पदाधिकारी बनने का पात्र वह व्यक्ति तो हो ही नहीं सकता है जोकि किसी मदिर का अध्यक्ष या मत्री नहीं हो ? तब ऐसे योग्य पात्र का क्या होगा ? तब हम यही बताना चाहेंगे कि शायद इसी स्वरूप की समस्या के चलते ही भारतीय सविधान मे राज्य सभा का भी गठन किया गया था जिससे योग्य पात्र जो चुनाव नहीं लड़ पाये उसे भी अवसर दिया जा सके।ऐसा ही कुछ हम भी इसी स्वरूप मे योग्य पात्रो को इस मदिर महासघ में प्रतिनिधित्व देने हेतु कर सकते हैं। खैर यह सब भविष्य के गर्भ के प्रश्न है मदिरों का महासंघ बनना चाहिए यह विचार समाज में स्वीकृत तो हो ?

हम शुरू से ही जानते है कि यह कार्य इतना सरल नहीं है कितने ही कितु, परतु से प्रश्न समाज मे उठ सकते हैं हो सकता है यह विचार समाज मे इसी आधार पर शुरूआत मे ही अस्वीकार हो जाता है कि भैया इतने मदिरों के नाम पते उनके अध्यक्ष मन्त्रियो के नाम पते कहाँ ढूढेगें ? नाम पते है कहाँ ?. इसी के चलते हमने गत् ढाई तीन वर्ष मे कठिन परिश्रम व धैर्य के साथ पहले नाम पतों को सग्रहीत किया गया है जिससे उपरोक्त प्रस्ताव पहली बाल पर ही क्लीन बोल्ड न हो जाये तथा **यह विस्तृत लेख इस निर्देशिका में मुद्रित करने में एक उद्‌देश्य यह भी हैं कि हमें यह पूर्ण विश्वास है कि समाज को कोई एक ही संगठन नेतृत्व दे सकता है यह कार्य चाहे हम आज करें या पचास साल बाद। हमें अतत: ऐसा करना ही होगा तथा मंदिरों के महासंघ से बेहतर प्रस्ताव शायद हो ही नहीं सकता। बावजूद इसके अगर यह प्रस्ताव क्रियान्वित नहीं होता है तो आज से पचीस पचास वर्ष पश्चात जब भी यदि कोई पाठक इस महत्वपूर्ण मंदिर निर्देशिका को उठाकर पढ़े तथा तब तक भी अगर समाज की हालत आज ही के समान यथावत हो तो ऐतिहासिक तौर पर पाठक के मन में यह प्रश्न जरूर उठे कि आखिर क्यों नहीं यह प्रस्ताव सन् 2010 के दशक में क्रियान्वित हो पाया।**

–प्रदीपकुमारसिंह कासलीवाल
कार्याध्यक्ष
महावीर ट्रस्ट, इन्दौर

दिगंबर जैनाचार्यों की तीन प्रमुख परम्पराएँ

आचार्यश्री शांतिसागर (दक्षिण) परम्परा






आचार्यश्री वर्धमानसागरजी महाराज




आचार्यश्री अभिनंदनसागरजी महाराज



आचार्यश्री विद्यासागरजी महाराज



आचार्यश्री विद्यानंदजी महाराज



आचार्यश्री बाहुबलीसागरजी महाराज



आचार्यश्री वरदत्तसागरजी महाराज



आचार्यश्री रयणसागरजी महाराज

आचार्यश्री आदिसागर (अंकलीकर) परम्परा





आचार्यश्री सन्मतिसागरजी महाराज



आचार्यश्री कुंथुसागरजी महाराज



आचार्यश्री चैत्यसागरजी महाराज



आचार्यश्री पुष्पदंतसागरजी महाराज



आचार्यश्री विरागसागरजी महाराज


दिगंबर जैनाचार्यों की तीन प्रमुख परम्पराएँ

आचार्यश्री शांतिसागर (छाणी) परम्परा






आचार्यश्री निर्मलसागरजी महाराज



आचार्यश्री भरतसागरजी महाराज



आचार्यश्री विवेकसागरजी महाराज



आचार्यश्री दर्शनसागरजी महाराज



आचार्यश्री सन्मतिसागरजी महाराज

20/21वीं सदी के प्रमुख भट्टारकजी



भट्टारक भानु कीर्तिजी



जगतगुरु कर्मयोगी स्वस्ति श्री
भट्टारक चारूकीर्ति स्वामीजी, श्रवणबेलगोला



भारत भूषण भट्टारक चारूकीर्तिजी
जैनमठ मूडबद्री



द्वस्ति श्री भट्टारक अकलंक स्वामीजी



भट्टारक श्री धवलकीर्तिजी तिरूमलै



भट्टारक श्री लक्ष्मीसेन मेलसिताम्मूर

20-21वीं शताब्दी के प्रमुख जैन चिन्तक



श्रीमद राजचन्द्र




क्षु. गणेश वर्णी



ब्र. जिनेन्द्र वर्णी



क्षु. सहजानन्द वर्णी



ब्र. शीतलप्रसादजी



ब्र. माँ कौशलजी



पू. कानजी स्वामी

20/21वीं सदी के विद्वान / समाज श्रेष्ठी



स्व. पं. चैनसुखजी , जयपुर
(न्यायतीर्थ)



स्व. पं. नाथूलालजी शास्त्री, इन्दौर
(संहितासूरि)



स्व. पं. वायूभाई मेहता, गुजरात
(प्रसिद्ध प्रवचनकार)



स्व. निर्मलचंदजी जैन
(भू.पू. राज्यपाल राजस्थान)



स्व. डॉ. ए.एन. उपाध्ये, बेलगांव
(प्राच्यविद्या के विद्वान)



स्व. दि.व. आण्णासाहेब लट्ठे, कोल्हापुर
(प्रसिद्ध समाज सुधारक)



पद्मभूषण स्व. डॉ. भाऊराव पाटिल,
महाराष्ट्र(शिक्षा क्रांती अग्रदूत)

20/21वीं सदी के प्रमुख समाज श्रेष्ठी



स्व. सर सेठ हुकमचंदजी कासलीवाल
इन्दौर



स्व. रा. ब. कस्तूरचंदजी कासलीवाल
इन्दौर



स्व. रा. ब. कल्याणमलजी कासलीवाल
इन्दौर



स्व. राजकुमार सिंहजी कासलीवाल
इन्दौर



स्व. देवकुमार सिंहजी कासलीवाल
इन्दौर




स्व. हीरालालजी कासलीवाल
इन्दौर



स्व. सेठ नेमचंद हीराचंद
मुंबई



स्व. सेठ बालचंद हीराचंद
मुंबई



स्व. लालचंद हीराचंद
मुंबई



स्व. राजा लक्ष्मण दासजी
मथुरा



श्री विजय कुमारजी टोंग्या
मथुरा



रतनलालजी पाटनी
जयपुर

20/21वीं सदी के प्रमुख समाज श्रेष्ठी



स्व. साहु शांति प्रसादजी



स्व. साहु श्रेयांस प्रसादजी



स्व. श्रीमती रमारानी जैन



स्व. साहु अशोकजी जैन



श्रीमती इन्दुमती जैन



स्व. सेठ मूलचंदजी सोनी, अजमेर



श्री सुरेन्द्र हेगड़े, धर्मस्थली कर्नाटक



श्री डॉ.वीरेन्द्र हेगड़े, धर्मस्थल कर्नाटक



स्व. सेठ भागचंदजी सोनी, अजमेर



स्व. सेठ भगवानदासजी, सागर



श्री सेठ डालचंदजी, सागर



स्व. सेठ बन्जीलालजी ठोलिया, जयपुर

20/21वीं सदी के प्रमुख समाज श्रेष्ठी


श्री अभयचंदजी लोहाडे, हैदराबाद


श्री मिश्रीलालजी काला, कोलकाता


स्व. श्री ताराचंदजी बड़जात्या, मुंबई


स्व. श्री प्रकाशचंदजी लुहाड़िया, सासनी


श्री पवनकुमारजी जैन, कोलकाता


श्री कमलकुमारजी बड़जात्या, मुंबई


स्व. बाबू महावीरप्रसादजी जैन, हिसार


रा.ब. स्व.लक्ष्मीचंदजी, पानीपत


श्री मानकचंदजी जैन, पानीपत


स्व. रतनलालजी गंगवाल, कोलकाता


श्री ताराचंदजी पहाड़िया, मद्रास


स्व. रामचंद्रजी खिन्दूका जयपुर

20/21वीं सदी के प्रमुख समाज श्रेष्ठी



स्व. रा.ब. हरकचंदजी पाँड्या, रांची



स्व.श्री झमकलालजी बंडी, गुजरात




श्री निर्मलकुमारजी बंडी, गुजरात



स्व. मिश्रीलालजी गंगवाल, इन्दौर
(भूतपूर्व मुख्यमंत्री, मध्यभारत)




स्व. श्री प्रकाशचंदजी सेठी, इन्दौर
(भूतपूर्व केन्द्रीय गृहमंत्री)



स्व. अर्जुनलालजी सेठी, जयपुर
(स्वतंत्रता संग्राम सेनानी)



पद्मभूषण शरनरानी जैन, दिल्ली
(प्रसिद्ध सरोद वादक)



स्व. श्री व्ही. शांतारामजी
(प्रसिद्ध फिल्म निर्माता)



श्री विजयकुमारजी लुहाड़िया
(सम्मेदशिखरजी पर समर्पित)



श्री अजितप्रसादजी, सहारनपुर



श्री रतनलालजी मलैय्या, सागर



श्री कुसुमकांतजी जैन, इन्दौर

← भारतीय संविधान निर्माण सभा के सदस्य →

20/21वीं शताब्दी की प्रमुख
दिगम्बर जैन अखिल भारतीय संस्थाऐं



अखिल भारतीय दिग.
जैन तीर्थ क्षेत्र कमेटी
मुंबई
अध्यक्ष :
श्री नरेशकुमार सेठी
जयपुर



अखिल भारतीय दिग.
जैन महासमिति
दिल्ली
अध्यक्ष
श्री विवेक काला
जयपुर



श्री भारतवर्षीय दिग.
जैन महासभा
लखनऊ
अध्यक्ष :
श्री निर्मलकुमार सेठी
लखनऊ



दक्षिण भारत दिग.
जैन महासभा
कर्नाटक
अध्यक्ष :
श्री कल्लाप्पाण्णा आवाडे (दादा)
दक्षिण भारत



अखिल भारतीय दिग.
जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन
इन्दौर
अध्यक्ष
श्री प्रदीपकुमारसिंह कासलीवाल
इन्दौर



अखिल भारतीय दिग.
जैन महिला महासमिति
दिल्ली
अध्यक्ष .
श्रीमती पुष्पा कासलीवाल
इन्दौर



अखिल भारतीय दिग.
जैन परिषद
दिल्ली
अध्यक्ष :
श्री बलवन्तराय जैन
भिलाई



अखिल भारतीय दिग.
जैन महिला परिषद
दिल्ली
अध्यक्ष :
श्रीमती शकुन्तला गंगवाल
ग्वालियर



श्री भारतवर्षीय दिग.
जैन महिला महासभा
दिल्ली
अध्यक्ष :
श्रीमती सरिता जैन
चैन्नई




अखिल भारतीय दि. जैन
महिला संगठन

अध्यक्ष :
श्रीमती आशा, जैन
दिल्ली

20/21वीं सदी के प्रमुख दिगम्बर जैन विद्वान

स्व. श्री अयोध्याप्रसादजी गोयलीय
स्व. प्रोफेसर ए. चक्रवर्ती (समयसार का अंग्रेजी अनुवाद)
स्व. डॉ ए.एन. उपाध्ये-मैसूर
स्व. डॉ. दरबारीलाल कोठिया, बीना
स्व. पं. फूलचंद शास्त्री, रूडकी
स्व श्री गोपालदास बरैया, मुरेना
स्व. डॉ. हीरालाल जैन, जबलपुर
स्व. प. इन्द्रचद शास्त्री, इन्दौर
स्व. जस्टिस जे. एल जैनी, इन्दौर
स्व. पं. केलाशचन्द्र सिद्धांताचार्य, वाराणसी
स्व. डॉ. ज्योतिप्रसाद जैन, लखनऊ
स्व. डॉ करतूरचंद कासलीवाल
स्व प कुंजीलाल शास्त्री, फिरोजाबाद
स्व पं मक्खनलाल शास्त्री, मुरेना
स्व. प. मोतीलाल कोठारी, फलटण
स्व. पं महेन्द्रकुमार न्यायाचार्य
स्व डॉ एम डी. बसन्तराज, मैसूर
स्व. पं नाथूलालजी शास्त्री, इन्दौर
स्व. प. सुमेरचद्रजी दिवाकर, सिवनी
डॉ. अनुपम जैन, इन्दौर
प्रोफेसर भागचंद्र भारकर, नागपुर
डॉ फूलचंद प्रेमी, वाराणसी
डॉ. हुकमचंद भारिल्ल, जयपुर
पंडित जवाहरलाल जैन, उदयपुर
प्राचार्य नरेन्द्र प्रकाश जैन, फिरोजाबाद
प्रोफेसर प्रेम सुमन जैन, श्रवणबेलगोला
डॉ. राजाराम जैन, नोएडा
पंडित रतनलाल शास्त्री, इन्दौर
ब्रम्हचारी रविन्द्रकुमार, हस्तिनापुर
पंडित शिवचरणलाल जैन, मैनपुरी
डॉ. शीतलचद जैन, जयपुर
डॉ. उदयचन्द्र जैन, उदयपुर



अ.भा. दिग. जैन शास्त्री परिषद

अध्यक्ष
डॉ. श्रेयांसकुमार जैन,
बड़ौत
महामंत्री
डॉ. अरूणकुमारजी जैन,
ब्यावर




मालवा प्रांतिक सभा बड़नगर

अध्यक्ष
प्रदीपकुमारसिंह कासलीवाल
इन्दौर
महामंत्री
विमलचंदजी शाह
बुरहानपुर



अ.भा. दिग. जैन विद्धव्त परिषद

अध्यक्ष
डॉ. हुकमचंद भारिल्ल,
जयपुर
महामंत्री
डॉ. सत्यप्रकाश जैन,
दिल्ली



अ.भा. दिग. जैन विद्धव्त महासंघ

अध्यक्ष
ब्रं. रवीन्द्रकुमार जैन,
हस्तिनापुर
महामंत्री
डॉ. अनुपम जैन,
इन्दौर

अखिल भारतीय दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन

दिगम्बर जैन समाज की सगठनात्मक कमजोरी को दूर करने हेतु तथा जैन युवा दम्पत्ति, अपने आचार–विचार, धार्मिक मान्यताओं और सिद्धातों के अनुरूप माहौल में आपस में मिल बैठकर आपसी सौहार्दता एवम घनिष्ठता के साथ धर्म एवंम समाज की एकता को मजबूत करें इसी भावना के तहत सन् 1995 में शहर इन्दौर में अखिल भारतीय दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन की स्थापना की गयी थी । आज वर्ष 2008 तक आते–आते मध्यप्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, गुजरात में सैकडो दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप खुल चुके हैं, जो सभी अखिल भारतीय दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन इन्दौर से जुड़े होकर उससे संबंध है ।

फेडरेशन का कार्यालय **महावीर ट्रस्ट कार्यालय, 63, एम जी. रोड, इन्दौर म.प्र.**
फोन (0731) 2527483

वर्ष 2007 के फेडरेशन के प्रमुख पदाधिकारी

संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष – श्री प्रदीपकुमारसिह कासलीवाल, इन्दौर(भूतपूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष - दिगम्बर जैन महासमिति)

संस्थापक संरक्षक –श्री माणकचदजी पाटनी

[illegible] – श्री कमलेश कासलीवाल, इन्दौर (म प्र)

भियांदात – अतिशय क्षेत्र (म.प्र.) – चन्देरी ईसागढ़ रोड़ से 13 कि.मी. दूर भण्डारी गाँव है वहाँ से 5 कि.मी. दूर है। यह उर्वशी नदी के किनारे पर एक नदी पर स्थित है। जहाँ जन पुरातत्व और कला की सामग्री विपुलता से मिलती है। मंदिर में पद्मासन तीर्थंकर मूर्ति मूलनायक के रूप में प्रतिष्ठित है। ग्रामीण लोग इसे बैठा देव कहते है। प्रतिमा अत्यंत आर्कषक है। प्रतिमा के कारण ही यह अतिशय क्षेत्र है। अहीर एवं गुर्जर इन्हे भीमसेन बाबा कहते हैं। जब उनकी गाय, भैंस बच्चे देती है तब ये लोग यहाँ आकर दूध चढ़ाते हैं। यहाँ एक गुफा है जो कि काफी गहरी है उसके सिरे पर एक तालाब है।



हेलुबीड, कर्नाटक







बादामी गुफा एलोरा, महाराष्ट्र

भामोन

भामोन – अतिशय क्षेत्र (म.प्र.) – बीठला से 6 कि.मी. दूरी पर है। ईसागढ़ से 13 कि.मी. तथा महोली से 8 कि.मी. दूरी पर है। अन्तिम तीन कि.मी. के भाग में भामोन तक चारों ओर मंदिर के अवशेष बिखरे पड़े हैं इन अवशेषों में जैन मूर्तियाँ भी बड़ी तादाद मे हैं। लगभग 100 मूर्तियों के खण्डित भाग भी मिलते हैं। भामोन के आसपास की पहाड़ियों पर भी प्राचीन दिगम्बर जैन मूर्तियाँ मिलती हैं।


हेलुबीडु, कर्नाटका



किवदंति के अनुसार मुहम्मद खिलजी द्वारा बंद मंदिर में बनवाई वे प्राचीन 5 बुर्जियां जो पार्श्वनाथ भगवान के अतिशय से प्रभावित हो उसके द्वारा बनवाई गई।

बीठला

बीठला – अतिशय क्षेत्र (म.प्र.) – चन्देरी से ईसागढ जाने वाले रोड पर भण्डारी गाँव से 8 कि मी. भियांदत होते हुए पहुँचा जाता है। बीठला गाँव से दो फर्लांग पर एक प्राचीन जैन मंदिर है। इसके आस पास कई जैन मंदिरों के भग्नावशेष पडे हुए है। इन अवशेषों में कुछ तीर्थंकरों की खण्डित मूर्तियाँ पड़ी हुई हैं। ये मूर्तियाँ लगभग 12 वीं शतादी की प्रतीत होती हैं। आसपास में इस प्रकार के स्थान है जहाँ प्राचीन मंदिरों के अवशेष मिलते हैं। तथा जहाँ खण्डित अखण्डित मूर्तियाँ इधर–उधर पडी हुई है जैसे नादारी इन्सारी आदि।


एलोरा, महाराष्ट्र




एक लिंगीजी में जीर्णशीर्ण मंदिर, राजस्थान



एलोरा, महाराष्ट्र

कारी तलाई

कारी तलाई – अतिशय क्षेत्र म.प्र. में – कैमूर पर्वत श्रेणीयों की पूर्वी मालाओं में मैहर से दक्षिण में 35 कि.मी. दूरी पर है। कारी तलाई ग्राम का प्राचीन नाम कर्णपुर या कर्णपुरा था। कारी तलाई प्राचीन काल में एक प्रसिद्ध तीर्थ रहा है। गाँव के किनारे पहाड़ी के किनारे जैन एवं हिन्दू मंदिरो के अवशेष विद्यमान हैं। बहुत से कलावशेष गाँव वालों ने अपने घरों में चुन लिये है। कुछ जैन मूर्तियों को लोग उठा कर ले गये हैं। तथा बहुत सी मूर्तियाँ रायपुर संग्रहालय में हैं।



धारवाड़, कर्नाटक



चक्रेश्वरी, [illegible]



गुफा नं 32, ऐलोरा, महाराष्ट्र

पतियान दाई

पतियान दाई – अतिशय क्षेत्र, सतना नगर से दक्षिण पश्चिम मे लगभग 9 कि मी पर सिन्दूरिया पहाडी पर है। उसके साधारण ऊँचे टीले पर एक प्राचीन मदिर जीर्णशीर्ण खडा है। स्थानीय लोग इसे कुवरी की मढिया या पतिया नदाई के नाम से जानते है। इसके मध्य कोष्टक में आदिनाथ तीर्थंकर पद्मासन मुद्रा में आसीन हैं। क्षेत्र का महत्व इसकी प्राचीनता से है। मंदिर की निर्माण शैली गुप्त कालीन मंदिरो से काफी मिलती है। इन मदिरों का नाम पतियादाई कैसे हो गया शोध का विषय है। वैसे जैन जानकारो के अनुसार यह शायद पद्मावती देवी का मंदिर भी हो सकता है।



तीर्थंकर, कारी तलाई



चंद्रप्रभ भगवान, मूडबिद्री, कर्नाटक



प्रिंस ऑफ वेल्स म्यूजियम, बाहुबली

त्रिपुरी

त्रिपुरी–अतिशय क्षेत्र, बम्बई रोड़ की दक्षिण दिशा में जबलपुर से पश्चिम में 9 कि.मी. दूर है। त्रिपुरी का वर्तमान नाम तेवर है। यह भारत के प्राचीन एवं पौराणिक नगरों में से एक है। हेम कोष में इसका नाम चेदी नगर भी मिलता है। त्रिपुरी में जो कला सामग्री प्राप्त हुई है उनमें तीर्थंकरों और यक्ष–यक्षणियों की मूर्तियाँ भी शामिल हैं। अधिकांश जैन कलावशेष सड़कों, पुलों, निजी मकानों और मंदिरों में लगा दिये गये हैं। कुछ कलाकृतियाँ विभिन्न संग्रहालयों में पहुँचा दी गयी है। एक प्रतिमा जबलपुर के हनुमान ताल पार्श्वनाथ बड़ा मंदिर में विराजमान है। पद्मासन प्रतिमा 5 फुट ऊँची है। एक प्रतिमा देवी पद्मावती की है।



हाथी गुफा, उदयगिरि, उडिसा



बरहटा



बरहटा अतिशय क्षेत्र (म.प्र) – बरहटा, नरसिहपुर जिले के गोटेगाव से लगभग 40 कि मी. दूर है। यहाँ 2 मील के क्षेत्रफल में जेन कला सामग्री बिखरी पड़ी है। कुछ मूर्तियाँ निजी हवेलियों मे सग्रहित हैं। एक भग्न प्राचीन मंदिर में 8 नग्न तीर्थंकर मूर्तियाँ जो पाँच से छ: फुट की पद्मासन है। पाँच मूर्तियाँ ऐसी हैं जिन्हें जैनेतर लोग पाँच पाण्डव भगवान कहकर पूजते है। मंदिर के दरवाजे पर 6 फुटकी पद्मासन प्रतिमा भव्य है। यहाँ पर 3 फुट का एक धर्मचक्र रखा हुआ है। तालाब के किनारे द्रोपदी मंदिर है वहाँ भी तीर्थंकर प्रतिमाएँ हैं। बहुत सी मूर्तियाँ विदेश चली गयी हैं।



मद्रास म्यूजियम



मद्रास म्यूजियम




बडसी पार्श्वनाथ भग. के अतिशय के चलते सुपार्श्वनाथ भगवान की वेदी की यह पिछली दीवार जहाँ यात्री उल्टा स्वस्तिक मॉडकर जाते हैं तथा मानता पूरी होने पर पुनः आकर स्वस्तिक सीधा माडते हैं।

आमनचार

आमनचार – अतिशय क्षेत्र म.प्र में – चंदेरी से लगभग 29 कि.मी दूर है। यहाँ गांव के भीतर और बाहर गली, बाजार मे, घरों मे कुंओं में, पेडों के नीचे स जगह यत्र तत्र जैन मूर्तियाँ बिखरी पडी है। गांव में एक जैन मंदिर है इससे प्राचीन काल का एक सहस्त्र कूट चैत्यालय यह शिल्प शोस्ठव का अद्भूत् नमुना है। मूर्तियों की शैली से ऐसा अनुमान है कि वे 11वीं 12वीं शताब्दी की है।



नायिका हेमावती, 9वीं शताब्दी



मुक्तागिरि, मध्यप्रदेश



चंद्रगिरी, श्रवणबेलगोला, कर्नाटक



उनाला, शीतलनाथ भगवान, गुजरात

आसेगाँव

अतिशय क्षेत्र महाराष्ट्र में – बसमत नगर से 8 कि.मी. तथा नांदेड़ से 16 कि.मी. दूरी पर है। यह अति प्राचीन अतिशय क्षेत्र है। आसना नदी के पश्चिम तट पर बसा हुआ यह क्षेत्र एक ऊँची सी गढी पर है जो कि लगभग 20 फुट ऊँची है। परम पूज्य आचार्य श्री देवनन्दी जी महाराज की ससंघ उपस्थिति में – प्राचीन हेमाडपंथी मंदिर के जीर्णोद्धार पश्चात् पंचकल्याणक एवं वेदी प्रतिष्ठा संपन्न हुई। यहाँ पर पंचकुमार युक्त एक अतिसुंदर चमत्कारी चिंतामणी पार्श्वनाथ भगवान की मूर्ति है जो 1000 वर्ष प्राचीन है। ऐसी मान्यता है कि यह मूर्ति मनोवांछित फल देने वाली है।



अष्टधातु प्रतिमा, करन्दे, तमीलनाडू

क्षेत्र का पता है –
श्री 1008 चिंतामणी पार्श्वनाथ दि. जैन अतिशय क्षेत्र
आसेगाँव, तालुका – बसमत नगर, जिला – हिंगोली
पिन – 431512, महाराष्ट्र
फोन – (0245)249003
अध्यक्ष – श्री प्रकाश चन्द बोघुलाल सेठी, नांदेड
फोन – (02462)239588
मंत्री – श्री प्रताप कुमार शिवलाल शाह
फोन – (02462)262149
प्रबंधक – श्री कूल भूषण – अशोक कुमार मिरकुटे
आसेगाँव मो 09860383466
यहाँ से शिरड शहापुर 35 कि.मी. तथा नवागढ 55 कि.मी. दूरी पर है।

आष्टा (कासार)



आष्टा – कासार अतिशय क्षेत्र महाराष्ट्र में सोलापुर से 65 कि.मी. तथा उस्मानाबाद से 70 कि.मी. दूरी पर है। प्राचीन काल में इस क्षेत्र में कासार जैनों के करीब 250 घर थे, इसलिए यह ग्राम आष्टा कासार कहलाता है। यहाँ पार्श्वनाथ भगवान की अतिशय पूर्ण प्रतिमा है जिसके चलते जैन–अजैन सभी की यहाँ मान्यता है। मनौती मानने वाले इसका अभिषेक घी से करते हैं। इस मूर्ति के ऊपर सर्प फण नहीं है। पाद पीठ पर सर्प लांक्षन बना हुआ है। मंदिर हेमाड़ पंथ शैली का है। पद्मासन मूर्ति करीब डेढ फुट ऊँची है। पार्श्व में ऋषभदेवजी की प्रतिमा जी भी है। पाषाण फलक में 24 तीर्थंकर की प्रतिमाएँ उत्कीर्ण हैं।

क्षेत्र का पता है –
श्री विघ्नहरण पार्श्वनाथ दि जैन मंदिर अतिशय क्षेत्र
आष्टा (कासार), तहसील – लोहारा,
जिला – उस्मानाबाद, पिन – 413604, महाराष्ट्र
फोन – (02475)259139
अध्यक्ष – श्री अरिंजय लीलाचंद गांधी, अक्कल कोट
फोन –(02181)220291
मंत्री – श्री बाबूराव रंगनाथ राव भस्मे, आष्टा (कासार)
फोन –(02475)259015
यहाँ से सांवरगाँव 45 कि.मी., नाइचाकुर 50 कि.मी. दूरी पर है।





अन्तरिक्ष पार्श्वनाथ

अतिशय क्षेत्र महाराष्ट्र में – वासिम से 30 कि.मी. तथा अकोला से 60 कि.मी. दूरी पर है। यह प्राचीन तीर्थ क्षेत्र है तथा पुराणों में इस क्षेत्र का शिरपुर के नाम से वर्णन भी आता है। क्षेत्र के तीन प्रमुख मंदिरों में से मध्य के मंदिर में तलघर में भगवान पार्श्वनाथ की 3 फुट 8 इंच ऊँची कृष्ण वर्ण की अर्ध पद्मासन मूर्ति विराजमान है। यह मूर्ति अतिशय सम्पन्न होकर भूमि से कुछ ऊपर अधर में स्थित है। नीचे और पीछे कोई आधार नहीं है। केवल बायीं ओर मूर्ति का अंगुल भर भाग भूमि को स्पर्श करता है। नीचे से रूमाल निकल जाता है। कहते है यहाँ के कुएँ में स्नान करने से राजा श्री पाल का कुष्ठ रोग ठीक हो गया था। इसी कुएँ से कहते है कि भगवान पार्श्वनाथ की यह मूर्ति निकली थी। मान्यता है कि मंदिर के शिखर का निर्माण में ऐसी ईटों का प्रयोग किया गया था जो पानी में तैरती हैं।



क्षेत्र का पता है –
श्री अन्तरिक्ष पार्श्वनाथ स्वामी दि जैन सस्थान,
अंतरिक्ष पार्श्वनाथ, मु.पो. – शिरपुर, तह – मालेगाँव,
जिला – वाशिम, पिन – 444504
फोन – 07254234006
अध्यक्ष – श्री राजाभाऊचवरे, अकोला,
फोन – 07242438904
मंत्री – श्री चद्रशेखर उकलकर वाशिम
फोन – 07252232219

यहाँ से नवागढ, नेमागिरि अतिशय क्षेत्र पास में कुछ ही कि.मी की दूरी पर है।

भातकुली जैन



आष्टा – कासार अतिशय क्षेत्र महाराष्ट्र में – अमरावती से 12 कि मी तथा अकोला से 90 कि.मी. दूरी पर है। किवदंती है कि 400 वर्ष पूर्व पंडित नेमासागर ती की मूर्ति के संदर्भ में स्वप्न आया था खुदाई मे एक अति भव्य आदिनाथ भगवान की मूर्ति हुई। मूर्ति प्रकट होने पर पंडित नेमासागर जी ने और खोज की तब यहाँ एक प्राचीन मंदिर जीर्णशीर्ण अवस्था मे मिला था तब उसका जीर्णोद्धार किया गया। मंदिर में रात्रि में नृत्य गान की आवाज सुनाई देती है और कभी कभी मंदिर मे मोहक सुगन्ध भर जाती है। प्रतिमा जी श्याम वर्ण होकर 3 फुट 4 इंच की पद्मासन है, जिसकी प्रतिष्ठा शक संवत् 1153 मे की गयी थी। इस मूर्ति की विशेषता यह है कि अंगुलियाँ पृथक–पृथक हैं तथा नाखून बड़े हुए है।


क्षेत्र का पता है –
श्री आदिनाथ स्वामी दि. जेन संस्थान भातकुली जेन,
जिला – अमरावती, पिन – 444721
फोन – 0721-2389041
अध्यक्ष – श्री सतीश वाय सगाई
फोन – 0721-2673333, 3290263,
मो. 098230 - 39299
उपाध्यक्ष – श्री जय कुमार भोंगाड़े
फोन – 0721-2389041
यहाँ से भामदेवी 40 कि.मी., मुक्तागिरि 50 कि मी. दूरी पर है।





चैतन्य वन

सोनगिर महाराष्ट्र में – धूलिया से 28 कि.मी. दूरी पर है। यह कला क्षेत्र है तथा क्षेत्र पर 3 मंदिरों का निर्माण हुआ है। यहाँ पर भगवान बाहुबली का जल मंदिर है। कैलाशगिरि, समवशरव उद्यान, आदिनाथ जिन मंदिर, ध्यान केन्द्र, नक्षत्रवन तथा केवलज्ञान वृक्षस्थली नव विकसित है। यह चैतन्य वन एक निजी ट्रस्ट द्वारा विकसित किया गया है जो कि 30 एकड़ के विशाल क्षेत्रफल में फैला हुआ है।



क्षेत्र का पता है –
श्री दि जैन चैतन्य संस्थान, चैतन्यवन,
सोनगिर, पोस्ट – सोनगिर, तालुका, सिंदरखेड़ा,
जिला – धूलिया, पिन – 424309, महाराष्ट्र
फोन – 02566 - 232701, 232703
विश्वस्त – श्री चेतन कुमार जैन – सोनागिर

यहाँ से मागीतुंगी जी व गज पंथाजी तीर्थक्षेत्र पास मे ही हैं।

दहिगाँव



अतिशय क्षेत्र महाराष्ट्र – नातपुते से 6 कि मी., अकलुज से 30 कि.मी. तथा फलटण से 40 कि.मी. की दूरी पर है। यह तीर्थ ज्यादा प्राचीन नहीं है। 200 वर्ष पूर्व इस क्षेत्र के प्रसिद्ध एव प्रतिष्ठित ब्रम्हचारी श्री महती सागर जी की प्रेरणा से उनके शिष्य पंडित गुणचंद्र एवं तत्कालीन अनेक श्रावकों के सहयोग से एक विशाल जिनालय का निर्माण कराया था तथा ब्रम्हचारी जी की समाधि का निर्माण सेठ जयचंद गांधी ने करवाया था। मुख्य वेदी में श्याम वर्ण पद्मासन भगवान महावीर की पाँच फुट पाँच इंच की मूर्ति मूलनायक भगवान महावीर के रूप में विराजमान है। आदिनाथ एवं पार्श्वनाथ भगवान की मूर्तियों के साथ धातु की भी 50 मूर्तियाँ विराजमान हैं, और भी बहुत सी मूर्तियाँ अलग अलग कमरों मे हैं।

क्षेत्र का पता है –
श्री 1008 महावीर स्वामी दि. जैन अतिशय क्षेत्र
संस्थान, दहिगाँव, तहसील – मालशिरस,
जिला – सोलापुर, पिन – 413122, महाराष्ट्र
फोन – 0218-5277282
मत्री – श्री जय कुमार जीवराज दोशी, अकलूज,
फोन – 0218-522018
प्रबंधक – श्री सी. आर. दोशी (सी.ए.), सोलापुर,
फोन – 0217-326335, 324810, 324935



यहाँ से सांवरगाँव 150 कि.मी., कुंथलगिरि
165 कि.मी., कुम्भभोज बाहुबली 200 कि.मी. दूर है।



एलोरा

अतिशय क्षेत्र महाराष्ट्र में - औरंगाबाद से 30 कि.मी. दूरी पर है। इन विश्व विख्यात एलोरा गुफाओं के क्षेत्र की ख्याति दो कारणों से थी : 1 इस नगर की स्थापना जैनाचार्य एल के नाम पर हुई थी तथा वहाँ सेनाचार्य जैसे महान आचार्य ने निवास किया था और षटखण्डागम जैसी महान रचना का सृजन किया था। इस क्षेत्र में बहुत सी हिन्दू, बौद्ध, और जैन धर्मावलम्बियों की अलग अलग गुफाएँ हैं। जिनमें गुफा नं. 30 से 34 तक की गुफाओं में जैन शिल्प कला का अद्भूत सृजन है। इन गुफाओं में अलग एक छोटी सी पर अलग से भगवान पार्श्वनाथ की पद्मासन चमत्कारी 16 फुट की ऊँची प्रतिमा विराजमान है। 16 नंबर की गुफा कैलाश गुफा के नाम से प्रसिद्ध है। भगवान पार्श्वनाथ की अर्द्ध पद्मासन प्रतिमा 150 वर्ष प्राचीन है।



क्षेत्र का पता है-
श्री पार्श्वनाथ दि. जैन (पहाड पर) मंदिर,
एलोरा (वेरूल),
तहसील - खुलताबाद, जिला - औरंगाबाद,
पिन - 431102, महाराष्ट्र
फोन - 02437 - 244590
अध्यक्ष - श्री तनसुखलाल ठोले
फोन - 02437 - 245560
मंत्री - श्री पन्नालाल गगवाल फोन. 0240 - 2350018
प्रबधक - श्री राजेद्र अबरकर फोन 02437-244599

गजपंथा



सिद्धक्षेत्र महाराष्ट्र में - नासिक से 6 कि मी दूर तक 400 फुट ऊँची पहाड़ी पर है। यह एक प्राचीन एवं पौराणिक क्षेत्र है। प्राकृत निर्वाण काण्ड अनुसार - सत्तेव व बलमधा जदवण रिदाण अट्ठकोडीओं। गजपंथे गिरि सिहरे - णिव्वाणगया णमो तेसि : अर्थात् सात बालभद्र और आठ कोटि यादव राजा गजपन्थ गिरि के शिखर से मुक्त हुए। धर्मशाला वाले मंदिर मे मूलनायक भगवान महावीर की प्रतिमा है। पर्वत पर 3 गुफा मंदिर तथा 2 नवनिर्मित मदिर हैं। पार्श्वनाथ गुफा दर्शनीय है। तलहटी मे भी मंदिर एव जिनालय है। क्षेत्र के 20 से 25 कि मी के घेरे में जन पुरातत्व सामग्री बिखरी पड़ी है। यहाँ से 16 कि मी दूर त्रयंबक रोड़ पर अंजनेरी क्षेत्र ह। पर्वत पर दो गुफाओं मे से एक में भगवान मल्लिनाथ की 3 फुट ऊँची पद्मासन प्रतिमा है। दूसरी गुफा मे शिलाओ पर पाँच मूर्तियाँ उत्कीर्ण हैं।

क्षेत्र का पता है -
श्री दि जैन अतिशय क्षेत्र गजपथा, ग्राम - म्हसरूल,
तहसील एव जिला - नासिक, पिन - 422004,
महाराष्ट्र, फोन - (0253)2530215, 2533986,
पहाड पर - 2531857
अध्यक्ष - श्री विजय कुमार कासलीवाल
फोन - 5616637 मो 09370292035
मत्री - श्री प्रदीप कुमार पहाड़े (0253)2347131,
मो. 09822798377
प्रबधक - श्री माणकचंद पहाडे (0253)2530215
यहाँ से मागीतुगी जी 128 कि मी, कचनेर 215 कि .मी., पैठन 235 कि मी की दूरी पर है।






नाग व नागिन, बासापकल्लयन

जटवाड़ा

अतिशय क्षेत्र महाराष्ट्र में – औरंगाबाद से मात्र 9 कि.मी. दूरी पर एक प्राचीन क्षेत्र है। 14 वीं शताब्दी में मुहम्मद तुगलक यहाँ देवगिरि में राजधानी बनाने आया इनके साथ 1000 जैन व्यापारी भी यहाँ आये तथा नदी किनारे बस गये अत: यह क्षेत्र जैनवाड़ा कहलाने लगा। कालांतर में हमला होने पर मूर्तियाँ छुपा कर जैन लोग आस पास के क्षेत्रों में स्थानांतरित हो गये। करीब 500 वर्ष बाद सोनाबाई को भूगर्भ में छिपे मंदिर का स्वप्न आया और उन्हें निकाला गया तथा एक मुस्लिम के मकान के नीचे भी मंदिर मिला। जिसमे 21 प्रतिमाएँ मिलीं भगवान पद्मप्रभु व पार्श्वनाथ की प्रतिमाएँ अतिशय युक्त हैं। इस पहाडी क्षेत्र में शीघ्र ही एक 12 फुट ऊँची प्रतिमा विराजमान हुई है। यहाँ चौबीसी तीर्थ का नव निर्माण हुआ है। पार्श्वनाथ मंदिर का शिखर मदुराई के मंदिर की तरह दर्शनीय है।




अष्टधातु प्रतिमा, करन्दे, तमीलनाडु

क्षेत्र का पता है–
श्री 1008 संकट हरण पार्श्वनाथ अतिशय क्षेत्र, जटवाड़ा,
तहसील एवं जिला – औरंगाबाद, पिन–431001,
महाराष्ट्र, फोन – (0240)2601008, 2100399
अध्यक्ष – श्री इंद्रचंद, रतनलाल ठोले
फोन – (0240)2351128
प्रबंधक – श्री हुकुमचंद बंड्लाल काला
फोन – (0240)2601008

यहाँ से एलोरा गुफाएँ 23 कि मी , कचनेर 48 कि.मी है।

कचनेर



सिद्धक्षेत्र महाराष्ट्र में – औरंगाबाद से 35 कि मी. दूरी पर है। कचनेर ग्राम में अतिशय युक्त मनोवाछित फलदायक श्री 1008 चिंतामण पार्श्वनाथ भगवान की प्रतिमा विराजमान है इसकी ख्याति भी महावीरजी की तरह दक्षिण भारत में है। भगवान की जयमाल अनुसार यह चतुर्थ कालीन मूर्ति है। लगभग 250 वर्ष पूर्व यह मूर्ति स्वप्न में देख कर भूगर्भ की खुदाई से प्राप्त हुई थी। कुछ वर्षों पश्चात अचानक इसकी गर्दन खण्डित हो गयी तब यहाँ के निवासी लच्छीराम जी कासलीवाल ने स्वप्न अनुसार सात दिन तक घी शक्कर से भरे एक खण्ड में मूर्ति रखने पर इस मूर्ति की गर्दन वापस जुड गई। हालाकी गर्दन के आसपास आज भी खून का निशान दिखता है। यहीं एक मूर्ति का अतिशय है। क्षेत्र पर सभी व्यवस्थाएँ अच्छी हैं।

क्षेत्र का पता है –
श्री चिन्तामणी पार्श्वनाथ दि जैन मंदिर अतिशय क्षेत्र
कचनेर, तहसील एवं जिला – औरंगाबाद
पिन – 431002, महाराष्ट्र
फोन – (0240)2644108
अध्यक्ष – श्री तनसुखलाल जैन
फोन – (02437)245560
मेनेजिग ट्रस्टी – श्री पारस कुमार ठोले
फोन – (0240)2721148, 2321360

यहाँ से पैठण 30 कि मी तथा एलोरा 70 कि मी दूरी पर है।



गजशाला, हम्पी, कर्नाटक



कारंजा

अतिशय क्षेत्र महाराष्ट्र में – वाशिम से 65 कि मी तथा अमरावती से 65 कि.मी. की दूरी पर है। नगर में तीन क्रमश. श्री पार्श्वनाथ दि जैन सेनगण मंदिर, श्री चन्द्रनाथ स्वामी, काष्ठा संघ दिगम्बर जैन मंदिर, मूलसंघ चन्द्रनाथ स्वामी बलात्कार गण दि जैन मंदिर, प्राचीन काल में इन तीनों भट्टारक गद्दियों का विदर्भ मे काफी प्रभाव रहा है। मूर्तियों के अलावा पार्श्वनाथ मंदिर में लगभग 400 वर्ष प्राचीन एव पंच कल्याणक चित्रावली है। जो मजबूत कपड़े पर 3 फुट चौड़ा तथा 41 फुट लंबा है, स्वर्ण कलम से चित्र बने है। चन्द्रनाथ स्वामी काष्ठा संघ मंदिर में मूर्तियों के अलावा 42 लकडी के स्तंभों पर बेजोड़ कलापूर्ण खुदाई है। तीसरे मंदिर श्री मूलसंघ चंद्रनाथ स्वामी बलात्कार गण दि. जैन मंदिर में मूर्तियों के अलावा इस मंदिर के 981 हस्त लिखित ग्रथों में से 25 ग्रंथ ताड़ पत्र पर है।



विराट नगर, राजस्थान

क्षेत्र का पता है–
श्री महावीर ब्रम्हाचर्याश्रम (जैन गुरूकुल),
कारजा (लाड), विरवाड़ी-कारजा, लाड,
जिला – वाशिम, पिन – 444105, महाराष्ट्र।
फोन – (07256) 222031
अध्यक्ष – श्री कातीलाल भुरे
(022)24145102, 25033027$।
मत्री – श्री राजकुमार चवरे (0724) 2432010,
प्रबधक – श्री ब्र देवचद जोहरापुरकर
(07256) 222031

यहाँ से मुक्तागिरि 115 कि मी तथा भातेकुली जन 75 कि मी दूरी पर है।




कौंडण्यपुर

अतिशय क्षेत्र महाराष्ट्र में – अमरावती से 40 कि मी. दूरी पर है। यहाँ वर्धा नदी के किनारे पर स्थित जैन मंदिर अति प्राचीन है। मंदिर आर्वी पचायत के अधिपत्य मे है। वैसे क्षेत्र की व्यवस्था श्री पार्श्वनाथ दि. जैन मदिर संस्था, आर्वी, वर्धा के अधिपत्य मे है। यह क्षेत्र ऐतिहासिकता लिए हुए है। किवदती है कि पौराणिक घटना भगवान श्री कृष्ण द्वारा जो रुक्मणी का हरण किया गया था वह इसी ग्राम से किया गया था।


क्षेत्र का पता है–
श्री सुपार्श्वनाथ दि जैन मदिर, अतिशय क्षेत्र,
कोडण्यपुर, तहसील– तिवसा, जिला – अमरावती,
पिन – 444903, महाराष्ट्र।
फोन – (07147)222150, 222011,222492।
अध्यक्ष – श्री सुभाष विज्ञानचद जैन
(07157) 222011,
सचिव – श्री राजेश, झुलुलाल जैन
(07157)222150, मो –09422844991।
यहाँ से भातकुली जैन 57 कि.मी , मुक्तागिरि 110 कि.मी. दूरी पर है।





कुम्भौज बाहुबली

कुम्भौज बाहुबली - अतिशय क्षेत्र महाराष्ट्र में, कोल्हापुर से 30 कि.मी. दूर है। प्राचीन तीर्थ क्षेत्र है तथा क्षेत्र में बहुत से मुनिराजों ने तबस्या की है। तलहटी के मंदिर से दक्षिण तरफ 3 फर्लांग दूर प्राचीन जैन मंदिर है। क्षेत्र पर काले पाषाण की 7 फुट ऊँची प्रतिमा बाहुबली स्वामी की है जो थोडी खण्डित हैं। यहाँ पर मुनि बाहुबली ने कुछ शताब्दियों पूर्व काफी तपस्या की थी। क्षेत्र में कुल 66 मंदिर हैं। यहाँ बाहुबली भगवान की नई 28 फुट ऊ ची श्वेत संगमरमर की भव्य खड़गासन प्रतिमा विराजमान हैं। जिसकी प्रतिष्ठा 1963 में हुई थी। यहाँ महावीर समवशरण मंदिर, स्वयंभू मंदिर, रत्नत्रय मंदिर, नंदीश्वर पंचमूरू की सुंदर रचना तथा मानस्तंभ बने हुए हैं।



क्षेत्र का पता है -
श्री बाहुबली ब्रह्मचर्याश्रम तथा बाहुबली विद्यापीठ अतिशय क्षेत्र बाहुबली (कुम्भौज), तहसील - हात कणंगले,
जिला - महाराष्ट्र
फोन - (0230)2584422, 2584881
अध्यक्ष - श्री कल्लाप्पाण्णा बाबूराव आवाडे, (विद्यापीठ) पिन - 416110
फोन - (0230)2671088, 2436161,
महामंत्री - श्री दादासाहेब चवमोड़ा पाटिल
फोन - (0231)2653317
यहाँ से धर्मनगर 6 कि मी. तथा नांदणी 25 कि.मी दूरी पर है।

कुण्डल




कुण्डल - सिद्धक्षेत्र/अतिशय क्षेत्र महाराष्ट्र मे कराड से 30 कि.मी तथा सांगली से 45 कि मी. दूरी पर है। प्राचीन नाम कोण्डिन्यपुर था जो कि आज कुण्डल कहलाता है। किवदंती है कि पद्म श्री रानी ने अपने पति की स्वास्थ्य रक्षा हेतु पत्थर जमा करके उसकी पार्श्वनाथ भगवान की मूर्ति बनाकर भक्ति करी थी। राजा ठीक हो गया तभी से पार्श्वनाथ भगवान की यह मूर्ति अतिशय संपन्न मानी जाती है। अंतिम श्रुत केवली श्रीधर मुनि का निर्वाण यहाँ हुआ था तथा पार्श्वनाथ भगवान एवं महावीर भगवान का समवशरण भी यहाँ आया था। यहाँ तीन मंदिर हैं जिसमें पद्मासन प्रतिमा विराजमान है। पार्श्वनाथ तथा गिरि पार्श्वनाथ यह दोनों पास के पहाड़ो पर स्थित हैं।

क्षेत्र का पता है -
श्री कलिकुण्ड पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन सिद्धक्षेत्र
अतिशय क्षेत्र, पिन - 416309, महाराष्ट्र
फोन - (02346)271113
अध्यक्ष - श्री शशिकांत शिवलाल शाह
फोन - (02112)224343, 222575
मत्री - श्री बी. एन. नरूले, कुंडल
फोन - (02346)271113

यहाँ से वशी पार्श्वनाथ 35 कि.मी. तथा नांदणी 60 कि मी. दूरी पर है।








कुंथलगिरि

कुंथलगिरि सिद्धक्षेत्र – महाराष्ट्र में उस्मानाबाद से 60 कि.मी दूरी पर है। पास में ही बीड़ बार्शी भी है। जिन देशभूषण तथा कूलभूषण मुनियो के निर्वाण से यह क्षेत्र पावन बना है उनकी कथा रविसेन आचार्य के पद्मपुराण से आई है। यहाँ कुल 11 मंदिरजी पहाडी पर हैं। श्री शातिसागरजी महाराज की समाधि तथा समाधि स्थल पर चरण चिन्ह है। पहाड़ी पर सात तथा तलहटी पर चार मंदिर हैं। कलात्मक शिखर वाला सीमधर भगवान का मंदिर 18 फुट ऊँची बाहुबली भगवान की प्रतिमा, आदिनाथ मंदिर, अजितनाथ मदिर, 53 फुट ऊँचा मानस्तभ नदीश्वर मंदिर, पुराना पंचमेरू मंदिर, समवशरण मदिर आदि है। निजाम सरकार ने एक सनद(चेतावनी) दी थी कि इस क्षेत्र के पाँच मील के दायरे में हिंसा नहीं होगी। वह पत्थर आज भी गडा हुआ है।



क्षेत्र का पता है–
श्री दि जैन सिद्धक्षेत्र कुथलगिरि,
तहसील – भूम, जिला – उस्मानाबाद
पिन – 413503, महाराष्ट्र
फोन – (02478)276860
अध्यक्ष – श्री अरविद राव जी दोशी
मत्री – श्री बालचद नानचद सघवी
फोन – (02112)222462
प्रबधक – श्री शाह यु. आर. (02478)276860

यहाँ से तेर 60 कि मी तथा काठी सांवर गाँव 115 कि मी दूरी पर है।

कुन्थगिरि



त्रिकाल चौबिसी, केथुली, म प्र

कुन्थगिरि – अतिशय क्षेत्र महाराष्ट्र में इचल करंजी से 15 कि.मी. तथा सांगली से 22 कि.मी. दूरी पर है। यहाँ एक ही मंदिर है तथा गणधराचार्य मुनि श्री कुंथुसागरजी महाराज की प्रेरणा से नवोदित तीर्थ विकसित हुआ है। यहाँ के मदिर में चिंतामणी पार्श्वनाथ भगवान की 108 फणवाली तथा 9 फुट ऊँची भव्य प्रतिमा विराजमान हैं। प्रतिमा अतिशय पूर्ण है एवं यह क्षेत्र अत्यंत मनोरम वनाच्छादित पहाडी की तलहटी में बना हुआ है।

क्षेत्र का पता है –
श्री दि. जैन अतिशय क्षेत्र कुथुगिरि, दहेम श्रीनगर,
मु पो – आलते, हात कणगले, रामलिग रोड,
जिला – कोल्हापुर, पिन – 416123, महाराष्ट्र
फोन – (0230)2487766, 2487767
अध्यक्ष – श्री आर. के. जैन
मो. 09323003006
उपाध्यक्ष – श्री जसराज पाटनी
महामंत्री – श्री सुरेश जैन (09850895145)



मालागमाथ मंदिर, पट्टाडकल, कर्नाटक

यहाँ से कुम्भौज बाहुबली 10 कि.मी. की दूरी पर है।



पार्श्वनाथ, [illegible], कर्नाटक

मांडल

अतिशय क्षेत्र मांडल महाराष्ट्र में – अमलनेर से 20 कि.मी., धूलिया से 30 कि.मी. दूरी पर स्थित है। क्षेत्र पर मंदिर एक ही है। मंदिर जी में करीब 1500 वर्ष प्राचीन तीन प्रतिमायें विराजमान है। बायें तथा दायें ओर क्रमश: अजितनाथ भगवान एवं मुनिसुव्रत भगवान की प्रतिमा है तथा मूलनायक मध्य में चन्द्रप्रभु भगवान हैं। यहाँ के क्षेत्रपाल पाचोद्धी (पंचमुखी) अत्यंत चमत्कारी हैं तथा इनका अतिशय इस रूप में है कि प्रत्येक अमावस्या को मंदिर से जोर-जोर की ध्वनि आती है तथा एक प्रकार का दिव्य प्रकाश सा महसूस होता है बहुत से यात्रियों ने इसको महसूस किया है।



क्षेत्र का पता है –
श्री 1008 चन्द्रप्रभु दि. जैन अतिशय क्षेत्र, माडल,
तहसील – अमलनेर, जिला – जलगांव
पिन – 425401, महाराष्ट्र
फोन – (02587)248563
अध्यक्ष – श्री नानाभाई ढोलुसा जैन
फोन – (02566) 228281
प्रबधक – श्री भरत फूलचंद जैन
फोन – (02587)248563

यहाँ से मांगीतुगी जी 125 कि.मी. तथा बड़वानी 155 कि.मी. दूरी पर हैं।


मांगीतुंगी जी



[illegible] पार्श्वनाथजी भगवान

यह सिद्धक्षेत्र महाराष्ट्र मे – मनमाड़ से 100 कि मी., मालेगाँव से 60 कि.मी तथा नासिक से 125 कि मी दूर है। औसत 4360 फुट ऊँची दो पहाड़ियों पर मांगीतुगी क्षेत्र स्थित है। तलहटी मे भी मंदिर जी है। दोनों पहाड पर कुल 10 मंदिर हैं। यहाँ से शुद्ध – बुद्ध महा मुनिश्वर मोक्ष गये हैं। सैकड़ो प्राचीनतम प्रतिमाएँ हैं। सती सीता तप पश्चात् यही से सोलहवें स्वर्ग मे इन्द्र हुई – भगवान रामचंद्र जी, 28 हजार विद्याधर मुनि, राजा और 46 हजार आर्यिका माताजी, सुग्रीव, सुडील आदि यहाँ से मोक्ष गये। रामचंद्र के सेनापति कृतातवक्र ने भी यहीं तप किया था। भगवान श्री कृष्ण का दाह संस्कार भी यहीं हुआ था। यह क्षेत्र दक्षिण भारत का सम्मेद शिखर कहलाता है। तलहटी के पाँच मदिरों मे 1121 मूर्तियाँ है। क्षेत्र पर पद्मावती देवी की तथा यहाँ से 5 कि मी दूर, मुल्हेरगाँव मे चक्रेश्वरी देवी की हजारों साल प्राचीन मूर्ति है। क्षेत्र पर पद्मावती देवी की तथा यहाँ से 5 कि मी दूर, मुल्हेरगाँव में चक्रेश्वरी देवी की हजारों साल प्राचीन मूर्ति है। 21 फुट ऊँची शनि ग्रह निवारक मुनि सुव्रतनाथ भगवान की प्रतिमा है। ज्ञानमती माताजी की प्रेरणा से ऋषभदेव जी भगवान की 108 फुट ऊँची प्रतिमा का निर्माण भी हो रहा है।


क्षेत्र का पता है –
श्री मांगीतुगी जी दि. जैन सिद्धक्षेत्र, मांगीतुगी,
तहसील – सटाना, जिला – नासिक
पिन – 423302, महाराष्ट्र
फोन – (02555)242519, 286531, 242546
अध्यक्ष – श्री रमेश हुकुमचद गगवाल, इन्दौर
फो (0731)2550948, मो. 09893209074
महामत्री – श्री अनिल श्रीचन्द पारौला
फोन – (02597)223248
प्रबधक – डॉ सुरजमल गणेशलाल जेन
फो (02555)242519, मो 09422754603
यहाँ से गजपथा 125 कि.मी, महुवा 175 कि.मी. दूर है।





नाईचाकूर

अतिशय क्षेत्र महाराष्ट्र में – उमरगा से 20 कि.मी. दूर तथा लातूर से 60 कि.मी. दूर है। नाईचाकूर ग्राम में हेमाड पंथी निर्माण शैली में बना एक प्राचीन जैन मंदिर है। किवदंती है कि यहाँ एक दि. जैन चक्रवर्ती राजा राज करता था। अत: इस नगर को चक्रवर्ती नगर भी कहा जाता है। जो प्रचलन में अपभ्रंश होकर नाईचाकूर हो गया। मंदिर में मूलनायक भगवान श्री 1008 पार्श्वनाथ भगवान की खड्गासन प्रतिमा विराजमान है। यहाँ क्षेत्रपाल जी, यक्ष श्री पंच भैरव क्षेत्रपाल जी की मूर्ति है जिसका अतिशय प्रसिद्ध है। कहते हैं यह जाग्रत देव स्नान है। भूकम्प में प्राचीन मंदिर क्षतिग्रस्त हो जाने पर नव मंदिर निर्माण चल रहा है।



क्षेत्र का पता है–
श्री 1008 भगवान पार्श्वनाथ व पंच भैरव क्षेत्रपाल दि. जैन अतिशय क्षेत्र, नाईचाकुर, ग्राम – नाईचाकुर, तहसील – उमरगा, जिला – उस्मानाबाद, पिन –413606, महाराष्ट्र फोन – (02475) 255739, 255768, मो 09422206711
अध्यक्ष – श्री फूलचंद्र जी चंद्रकांत जैन इगलवार, मो 09422206711
मत्री – श्री विजय कुमार नाभिराज जमालपुरे, नाईचाकुर, (02475)255739

यहाँ से आष्टा कुसार तह लोहटा 40 कि मी तथा सांवर गाँव 90 कि.मी. दूर है।



नवागढ

अतिशय क्षेत्र महाराष्ट्र में परभणी से 18 कि.मी की दूरी पर है। प्राचीन तीर्थ क्षेत्र है।पहल यह क्षेत्र पूर्णा नदी के तट पर अवस्थित था। सन् 1920/25 के आसपास प्राचीन मदिर बाढ़ मे बह गया तब मूर्तियाँ क्षेत्र के वर्तमान मंदिर मे लाकर विराजमान की गयी। निजाम सरकार ने क्षेत्र को 10 एकड़ भूमि प्रदान की। यहाँ पर तीन मंदिर हैं तथा आचार्य 108 आर्यनन्दी महाराज साहब की समाधि है। मंदिर जी में श्याम वर्ण नेमीनाथ भगवान की पाँच फुट ऊँची पद्मासन प्रतिमा है। एक बडी रोचक किवदती अनुसार – नेमीनाथ भगवान के पैर के अगूठे में पारसमणी से सूई बराबर लोहे को छुआकर बने सोने को बेचकर पुजारी भरण पोषण करता था। उसके स्वर्गवास पश्चात् उसके पुत्र के अतिलोभ से यह चमत्कार निजाम अधिकारियों को पता लग गया। जब वे मणी निकालने गये तब मणी एक विस्फोट के साथ पूर्णा नदी में विलुप्त हो गयी।

क्षेत्र का पता है –श्री 1008 नेमिनाथ दि जैन अतिशय क्षेत्र, नवागढ़, ग्राम – उखलद, पोस्ट एव तहसील – पिंपरी, जिला – परभणी, महाराष्ट्र, पिन – 431401 फोन – (02452)280058, 285733, 285729, 320221
अध्यक्ष – श्री मोतीलाल मोहनलाल पाटनी, नांदेड फोन – (02452)221880, 223477
मंत्री – श्री बसंत चन्द्रनाथ राव अबुरे – परभणी फोन – (02462)242407
प्रबंधक – श्री अशोक सोनटक्के नवागढ़ (320231)
यहाँ से शिरड़ शहापुर 50 कि.मी. तथा नेमीनगर 70 कि.मी. दूरी पर है।



नेमगिरि , जिंतूर



अतिशय क्षेत्र महाराष्ट्र में – परभणी से 43 कि.मी. दूरी पर है। प्राचीन तीर्थ क्षेत्र है। किवदंती अनुसार – भगवान महावीर का समवशरण यहाँ भी आया था।अन्तिम श्रुत केवल अष्टांग निमित्त ज्ञानी आचार्य भद्रबाहु ने यहाँ पार्श्वनाथ प्रतिमा की पुन: प्रतिष्ठा कर मूर्ति को सूर्य मंत्र दिया था। पार्श्वनाथ प्रतिमा 9 टन वजन की होकर साढ़े छ: फुट ऊँची है। पहाड़ी पर के सत्रह फुट अंदर भूगर्भ में सात गुफाओं में अलग–अलग तीर्थंकरों की प्रतिमाएँ विराजमान हैं। पहले यह क्षेत्र जैनपुर कहलाता था। मुस्लिम वली सैदूल कादरी जो अफगानी था इस नगर और जैन मंदिरों का विध्वंश करके इसका नाम जिन्तुर कर दिया। यह घटना हिजरी सन् 631 की है। चन्द्रगिरि पहाड़ी जो पास ही है उस पर प्राचीन चौबीसी है।






क्षेत्र का पता है –
श्री दि. जैन अतिशय क्षेत्र नेमगिरि संस्थान नेमगिरि,
जितुर, मेनरोड़ जिंतुर, जिला – परभणी,
पिन – 431509, महाराष्ट्र
फोन – (02451)220113
मो 09372389170
अध्यक्ष – श्री धन्य कुमार नेमलाल सावजी कलमकर
फोन – (02457)220123
मंत्री – रत्नदीप रमेशचंद सावजी कमलकर
फोन – (02457)220595, 220204
मो 09325583260

पैठण (प्रतिष्ठानपुर)



अतिशय क्षेत्र महाराष्ट्र में – औरंगाबाद से 50 कि.मी दूरी पर है। पैठण की प्राचीन समय में प्रतिष्ठानपुर के नाम से प्रसिद्धी थी। मंदिर के भूगर्भ में चतुर्थकालीन राजा खरदूषण द्वारा प्रतिष्ठित तथा भगवान रामचंद्र जी द्वारा पूजित 1008 तीर्थंकर मुनिसुव्रत नाथ जी की श्याम वर्ण लुए पत्थर की 3 फुट 7 इंच की पद्मासन प्रतिमा विराजमान है। किवदंती है कि सोलहवीं शताब्दी के प्रसिद्ध भट्टारक अजितकीर्ति के समय चिमना पण्डित ने मूर्ति जी के प्रभाव से अमावस की रात को पूर्णमासी की रात्रि में बदल दिया था। वर्तमान में जैनेतर जनता में भी यहाँ के लिए श्रद्धा है तथा शनिवार को यहाँ काफी भीड होती है।


क्षेत्र का पता है –
श्री 1008 मुनिसुव्रतनाथ दि जैन मंदिर, अतिशय क्षेत्र
पैठण, जैनपुरा, पोस्ट एवं तहसील – पैठण,
जिला – औरंगाबाद, पिन – 431107, महाराष्ट्र
फोन – (02431)223149,
मो. 09226576897
अध्यक्ष – श्री महावीर कुमार झुँवरलाल बड़जात्या,
फोन – (0241)2421981, 09823024011
मंत्री – श्री झँवरदास जी कचरदास जी काला
फोन – (0241)223149, 09226576897
यहाँ से एलोरा 80 कि.मी., कचनेर 35 कि.मी दूरी पर है।





पोदनपुर (बोरीवली)

अतिशय क्षेत्र महाराष्ट्र में – प्रमुख शहर मुंबई (बाम्बे) में उसका उपनगर बोरीवली के नेशनल पार्क के क्षेत्रफल में है। इसमे एक बडे परिसर के मध्य में चबूतरे पर सफेद संगमरमर से बनी तीन मूर्तियाँ मध्य में भगवान आदिनाथ की 31 फुट, आसपास भरत और बाहुबली की मूर्तियाँ जो कि 29 फुट की खड्‌गासन हैं। श्री 1008 चन्द्रप्रभु भगवान का मंदिर भी है तथा यहाँ आचार्य श्री 108 शातिसागर जी महाराज की छत्री एवं मूर्ति विराजमान है। प्रमुख मूर्तियों के पिछले भाग मे 24 वेदियाँ हैं तथा 24 तीर्थकरों की मूर्तियाँ भी दर्शनीय हैं।



क्षेत्र का पता है–
श्री आचार्य शातिसागर स्मारक श्री 1008 आदिनाथ बाहुबली दि जैन मदिर ट्रस्ट, तीनमूर्ती, पोदनपुरा, टाटा पावर हाउस के पास, बोरिवली (पूर्व), मुबई
पिन – 400066, महाराष्ट्र,
फोन – (022)28862138, 28861427
अध्यक्ष – श्री साहू शरद कुमार जैन
फोन – (022)22020743
महामंत्री – श्री चन्दूलाल हीराचंद शाह
फोन – (022)24930310
प्रबंधक – श्री मनोर भाई जन (022)28862138
यहाँ से गजपथा (नासिक) 200 कि मी कुम्भोज बाहुली 400 कि मी दूरी पर है।




रामटेक

अतिशय क्षेत्र महाराष्ट्र में – नागपुर से 45 कि मी. दूरी पर है। अत्यधिक प्राचीन तीर्थ क्षेत्र है। जैन पुराणों के अनुसार रामटेक क्षेत्र का इतिहास बीसवे तीर्थकर भगवान मुनिसुव्रतनाथ के काल तक जा पहुँचता है। पद्‌म पुराण में रामचद्र जी द्वारा वंशगिरि मे जिन हजारों जैन मंदिरों के निर्माण का उल्लेख आता है उसमें वशगिरि का उल्लेख भी आता है। ये मंदिर पाण्डवों के काल में विद्यमान थे। हालांकि आज नही है। वर्तमान मे क्षेत्र मैदान है। यहाँ कुल 9 मंदिर हैं। सभी मंदिर अलग–अलग तीर्थकरों के बने हैं। जिसमे एक मे शांतिनाथ भगवान की 13 फुट 5 इच की बादामी रंग की खडगासन प्रतिमा विराजमान है। आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की प्रेरणा से यहाँ बहुत विकास कार्य हुआ है। नई चौबीसी तथा पंच बालयति मंदिर भी बन रहा है।




क्षेत्र का पता है –
श्री दि जैन शातिनाथ अतिशय क्षेत्र, रामटेक,
जिला – नागपुर, पिन – 441106, महाराष्ट्र
फोन – (07114)255117
अध्यक्ष – श्री कमलकात भोगचद जैन
फोन – (0712)2769043
मत्री – श्री रमेशचदजी मोदी (मिल्टन)
फोन – (0712)2763726, 2771218
प्रबधक – श्री ललित कुमार जैन
मो 09822694272
यहाँ से सावरगाँव 85 कि मी., भातकुली जैन 230 कि.मी. तथा सिवनी 90 कि मी. दूरी पर है।



सावरगाँव

काटी, अतिशय क्षेत्र महाराष्ट्र में – सोलापुर से 27 कि.मी. (सतगाँव होते हुए) दूरी पर है। क्षेत्र प्राचीन है। यहाँ की पार्श्वनाथ प्रतिमा चार फुट चार इंच ऊँची कृष्ण वर्ण पद्मासन है जो अतिशय क्षेत्र में चर्चित है। यह अतिशय 1100 वर्ष प्राचीन है। ऐसी किवंदती है कि श्रावण सुदी एकम् से पचमी तक ऐसे भी जीव जो स्वाभाविक तौर पर एक दूसरे के शत्रु माने जाते हैं जैसे साँप, बिच्छु, छिपकली आदि वे भी लडने के बजाय मित्रवत आपस में खेलते हैं। इसके चलते यहाँ जुलूस भी निकाला जाता है।



क्षेत्र का पता है–
श्री पार्श्वनाथ दि. जैन अतिशय क्षेत्र सावरगाँव काटी,
तहसील – तुलजापुर, जिला–उस्मानाबाद,
पिन – 413624, महाराष्ट्र
फोन – (02471)260125
अध्यक्ष – श्री धन्य कुमार मेहता, मंगरूल
फोन –(02471)258068
मंत्री – श्री महावीरजी मेहता, मंगरूल,
फो.(02471)242086, मो. 09423072849

यहाँ से कुथलगिरि 100 कि.मी. आष्टा कासार 70 कि मी दूरी पर है।

शिरड शहापुर



अतिशय क्षेत्र महाराष्ट्र में – बसमत नगर से 22 कि.मी. तथा ओढा से 13 कि.मी दूरी पर है। खण्डवा पूर्णा रेलमार्ग के चौडी स्टेशन से आठ कि.मी. दूर शिरड शहापुर ग्राम में ही तीन मंदिर हैं। यह क्षेत्र असना नदी के तट पर है। प्रमुख प्रतिमा भगवान मल्लिनाथ जी की है जो सातिशय होकर भट्टारक पद्मनंदीजी के द्वारा विराजित है। चमत्कार देख निजाम के आदेश से प्राप्त प्रतिमा है। सन् 1964 मे पंच कल्याणक के समय कुएँ में पानी की कमी के बाद मल्लिनाथ भगवान की स्तुति करते ही कुएँ मे पानी बढ गया था।

क्षेत्र का पता है –
श्री 1008 मल्लिनाथ दि. जैन अतिशय क्षेत्र,
मुकाम व पोस्ट– शिरड शहापुर, त.–ओढा (नागनाथ)
जिला– हिंगोली, पिन–431705, महाराष्ट्र,
फोन–(02454) 248019
अध्यक्ष–तेजकुमार मूलचंद झाझरी
फोन–(02456)260029
मंत्री–नागोराव अम्बादास राव भादप
फोन–(02454)248066
प्रबंधक– श्री मधुकर राव दिनानाथ छोगडे
फोन –(02454)048019
यहाँ से आसेगाँव 29 कि मी, शिखर 70 कि मी. तथा नेमगिरि–जिंतुर 60 कि मी. दूरी पर है।





तेर

अतिशय क्षेत्र महाराष्ट्र में – उस्मानाबाद से 18 कि.मी. दूरी पर है। तेर नगर का इतिहास पौराणिक दृष्टि से नल एवं नील तक जा पहुँचता है। वर्तमान जैन मंदिर का निर्माण शिलाहार वंशी नरेशों के शासन काल में हुआ था। ब्रम्हज्ञान सागर अनुसार तेर में भगवान महावीर का समवशरण भी आया था। यहाँ कुल पाँच मंदिर है। हेमाड पंथी महावीर मंदिर में 5 फुट 3 इंच की श्याम वर्ण की पद्मासन प्रतिमा विराजमान है। क्षेत्र के मंदिरों के खण्डहरों से प्राप्त कुछ ईंटें पानी पर तैर जाती है। पार्श्वनाथ मंदिर की 5 फुट व 9 इंच की खड्गासन प्रतिमा प्राचीन एवं चमत्कारी है।



क्षेत्र का पता है–
श्री 1008 भगवान महावीर दि जैन अतिशय क्षेत्र तेर, (सस्थान), त व जिला– उस्मानाबाद,
पिन–413509, महाराष्ट्र,
फोन–(02472)233722, पी.सी.ओ 233504
अध्यक्ष– श्री सुभाष चद्र दुरयकर
फोन– (02472)227221, 09422465224
मो –09422069861
मंत्री– श्री सजय देशमाने (02472)227221,
मो –09422465224
प्रबंधक– श्री किशोर रामलिग बुनुषे (02472)227221
यहाँ से सावरगाँव (काटी), 70 कि मी तथा कुंथलगिरी 70 कि मी दूरी पर है।

विजय गोपाल



बेलुर, कर्नाटक

विजय गोपाल–अतिशय क्षेत्र महाराष्ट्र में – पुलगाँव से 15 कि.मी दूर तथा यवतमाल से 45 कि.मी. दूर है। यहाँ क्षेत्र पर एक ही मंदिर है। क्षेत्र तो लगभग 900 वर्ष प्राचीन है तथा यहाँ की भगवान आदिनाथ की प्रतिमा एवं क्षेत्रपाल जी की प्रतिमा के बारे में धारणा है कि ये चमत्कारी होकर जाग्रत है। मंदिर का जीर्णोद्धार भी हुआ है तथा वर्तमान स्वरूप नया है।

क्षेत्र का पता है –
श्री 1008 आदिनाथ दि जैन अतिशय क्षेत्र विजय गोपाल, ग्राम व पोस्ट– विजय गोपाल, त.– देवली,
जिला–वर्धा, पिन–442306 महाराष्ट्र।
फोन– (07158)255918
अध्यक्ष– श्री रमेश मधुकर राव तानोटी,
फोन – (07148)255198
मंत्री– श्री सुनील रामकुमार मधेल।

यहाँ से रामटेक 170 कि.मी तथा मुक्तागिरि जी 150 कि.मी. दूरी पर है।



विरुपाक्षा मंदिर, हम्पी, कर्नाटक



चांदवाड की गुफाएँ

अतिशय क्षेत्र महाराष्ट्र मे – यह सटाणा से 40 कि.मी. मार्ग के अंदर ग्राम के पास पहाड़ों पर है। गुफाओं में कई जैन मूर्तियाँ उत्कीर्ण हैं। मूलनायक प्रतिमा चन्द्रप्रभु भगवान जी की है जो श्याम वर्ण है। अवगाहना आसन सहित साढे तीन फुट की पद्मासन है। दायीं ओर फणवाली युक्त श्याम वर्ण पद्मासन ढाई फुट उन्नत पार्श्वनाथ भगवान की प्रतिमा है। इसके आगे दो खड्गासन प्रतिमाएँ हैं जो दोनों ही चार – चार फुट की हैं। पूर्व में आस – पास के दिगम्बर जैन, पहाड़ पर दैनिक दर्शन करने जाते थे अब ग्राम में ही आदिनाथ भगवान का मंदिर बन गया है। जिसके चलते कम जाना होता है। गुफा, मंदिर या कहीं पहाड पर दि. जैन समाज का ही अधिकार है।





कोल्हापुर



अतिशय क्षेत्र महाराष्ट्र में – पूना से 192 कि मी दूर प्रसिद्ध नगर है। यहाँ भट्टारक लक्ष्मी सेन और भट्टारक जिनसेन की भट्टारक पीठ है। नगर में कई मंदिर दर्शनीय हैं। जिसमें 12 वीं शताब्दी तक की प्रतिमाएँ हैं। लक्ष्मीसेन पीठ में हस्तलिखित ग्रन्थों की संख्या 700 है जिनमें से कई ताड पत्र पर लिखे हुए है। मगलवार पेठ का मंदिर हिन्दुओं के समकालीन है। कहते हैं कि महालक्ष्मी मदिर मूलत: जैनियो का मदिर था। हिन्दुओं के अधिकार में इस मदिर में छतों और स्तंभों पर जैन मूर्तियाँ उत्कीर्ण दिखाई देती हैं। रत्नत्रय मंदिर के बारे में कहते हैं कि इसी मंदिर में षटखण्डागम ग्रंथ का अंतिम भाग लिखकर पूर्ण किया गया था। जेनों का त्रिकुट चैत्यालय अब रंक भैरव का मंदिर कहलाता है तथा हिन्दुओं के अधिकार में हैं। गगावेश पार्श्वनाथ मंदिर में बड़े – बड़े शिलाखण्डो पर प्राचीन शिलालेख उत्कीर्ण हैं।









धाराशिव की गुफाएँ

अतिशय क्षेत्र महाराष्ट्र – उस्मानाबाद पहले धाराशिव कहलाता था तथा धाराशिव गुफाएँ उस्मानाबाद से मात्र 5 कि.मी दूरी पर है। यह क्षेत्र अत्यंत प्राचीन है। करिकुण्ड नरेश जो कि पार्श्वनाथ भगवान एवं महावीर भगवान के मध्यवर्ती काल में हुआ था। उन्होंने ही यहाँ तीन गुफाओं का निर्माण कराया था। वैसे पर्वत पर कुल 7 गुफाएँ है। क्षेत्र पुरातत्व विभाग के संरक्षण में हैं। उपरोक्त सभी गुफाओं का निर्माण काल एक नहीं हैं। गुफा नं. एक, तीन और चार करिकुण्ड नरेश द्वारा निर्मित लगती हैं। पार्श्वनाथ मूर्तियाँ जो अर्ध पद्मासन हैं वे भी करिकुण्ड नरेश द्वारा प्रतिष्ठित लगती है। प्राचीन काल मे धाराशिव के पार्श्वनाथ भगवान को अग्लदेव कहा जाता था। इनके अतिशयो के कारण इनकी हुत मान्यता थी। उस्मानाबाद नगर में भी आमने सामने दो दिगम्बर जैन मंदिर हैं।






दौलताबाद का किला



पार्श्वनाथ, देवगढ़, उ.प्र.

महाराष्ट्र में – औरंगाबाद एवं एलोरा गुफाओं के पास हे। इस किले में एक, एक हजार स्तभ वाला मंदिर था जो कि जैन मंदिर था। इसी के चलते यह जगह देखने लायक हे। पहले इस नगर का नाम देवगिरि था। जिसमें भिल्लम नाम के नरेश ने किला नवाया था। मुहम्मद तुगलक ने इस जगह का नाम दौलतावाद रख दिया। भिल्लम जैन धर्म का अनुयायी था। उसी ने जैन मंदिर बनवाया था। मुहम्मद तुगलक ने मंदिर को मस्जिद बना दिया। आजादी के बाद सरकार ने इसे भारत माता मंदिर बना दिया। वर्तमान में इस मंदिर में केवल 150 स्तभ ही हे। मंदिर के कई स्तंभ, जैन मूर्तियाँ आदि किले के फाटक के पास ध्वस्त पडे हैं। स्तभों के अलावा भी 19 जैन मूर्तियाँ और भी हैं।



धारवाड़, कर्नाटक



[illegible] (बाहुबली सहित) देवगढ़, उ.प्र.




मूडबद्री, कर्नाटक

औरंगाबाद की गुफाएँ

महाराष्ट्र में ओरंगाबाद शहर से करीब 5 कि.मी. दूर दस गुफाएँ है जिन्हें यहाँ पर निपट निरंजन गुफाएँ कहते है। इन गुफाओं में पाँच गुफाओं का समूह उत्तर की ओर है और पाँच गुफाओं का समूह उत्तर की ओर है। बाँयी गुफाओं में प्रथम गुफा में एक चबुतरे पर 6 फुट 8 इंच ऊँची और पाँच फुट चौड़ीभगवान अरहनाथ की पद्मासन प्रतिमा है। इसी तरह अन्य गुफाओं में भी किसी में किसी मे बुद्ध की तथा किसी में जैन मूर्तियाँ बनी हुई है। औरंगाबाद शहर में भी प्राचीन जैन मंदिर है।



श्रुत केवली भद्रबाहु के चरण, कर्नाटक



मूडबद्री, कर्नाटक


बाढोणा रामनाथ



आदिनाथ दिगम्बर जैन बाढोणा रामनाथ महाराष्ट्र के अमरावती जिले में है। कारंचा तीर्थ से यह क्षेत्र 22 कि.मी दूर है। प्राचीन क्षेत्र है। मंदिर में एक तल प्रकोष्ठ है। इसमें 4 वेदियाँ हें जिनमे कुल 8 मूर्तियाँ विरामान है। इस मंदिर में एक पाषाण फलक में बनी हुई चौबीसी प्राचीन होकर अनुमान है, यह 11वीं से 12वीं शताब्दी की है। मंदिर में मुख्य वेदी पर भगवान आदिनाथ की 3 फुट 8 इच अवगाहना वाली प्रतिमा है। सवत् 1548 की विराजमान है। यह प्रतिमा अतिशय सम्पन्न है। भक्तजन यहाँ आकर मनौती मानते है। यहाँ पद्मप्रभु भगवान की प्रतिमा के अतिरिक्त 20 अन्य मूर्तियाँ भी है। धातु की भी अन्य 6 मूर्तियाँ है।



कोपस, कर्नाटक




कोपस, कर्नाटक



नांदणी

स्वस्तिश्री जिनसेन भट्टारक मठ संरानि नादणी पीठ की स्थापना 1300 वर्ष पहले हुई थी। प्राचीन समय में इस जिनसेन मठ संस्थान के अन्तर्गत दक्षिण महाराष्ट्र और उत्तर कर्नाटक के 743 गाँवो जैन समाज आपस में जुड़ा था। यह सस्थान कोल्हापुर में है। संस्थान मे पूरब दिशा के मगल परिसर में मूलनायक भगवान आदिनाथ तीर्थकर का मंदिर है। यह मदिर 1300 वर्ष पुराना है। यहाँ के प्राचीन शिला लेख से पता लगता है कि यह मंदिर सन् 857 में बनाया गया था। यह शिलालेख प्राचीन कन्नड़ भाषा में लिखा है। शिलालेख काले पाषाण मे बनाया गया है। यह जैन समाज की प्राचीन राजधानी है। यह मठ सस्थान की वास्तु मूल्यवान लकड़ी से बनया गया है। इसमे ज्यादा लकड़ी का ही प्रयोग किया गया है। यह मठ लगभग 300 लकड़ी के खम्बों पर बना है।






देवलाली



यह नव निर्मित तीर्थ क्षेत्र महाराष्ट्र मे शहर नासिक से 3 कि मी दूरी पर है। आध्यात्मिक तत्व चितन की दृष्टी से यहाँ पर 74 बगले तथा 12 फ्लोर का निर्माण हुआ है जिसे कहान नगर कहा जाता है। प्रागण परिसर में श्री महावीर स्वामी जिन मदिर, स्वाध्याय मंदिर, सरस्वती मंदिर, अतिथि भवन, सर्वोदय चिकित्सालय है। प्रथम पच कल्याणक दिसम्बर 1989 मे हुआ था। सन् 1996 में पच परमागम गाथा उत्कीर्ण श्री परमागम मदिर का प्रतिष्ठा महोत्सव हुवा जिसमे 51 इच उँची पद्मासन धातु की श्री शांतिनाथ भगवान की प्रतिमा तथा 8 बलभद्र की खड्गासन प्रतिमा जी विराजमान है। 42 फ्लेटो का निर्माण और भी हुआ है। दि जैन ऐतिहासिक चित्रालय भी है। सन् 2005 मे दि जैन श्राविका ब्रह्मचर्याश्रम का निर्माण भी हुआ है। यह क्षेत्र मुबई भूसावल रेल्वे लाईन पर मुबई से सिर्फ 180 कि मि की दूरी पर है। यहाँ से गजपथा जी 30 कि मी तथा मागीतुगी सिद्धक्षेत्र 160 कि मी दूरी पर है।

क्षेत्र का पता है–
173, 175, मुंबादेवी रोड़, मुंबई – 400002
फोन – (022)23425241, 23446099








चिन्सुरा

चिन्सुरा–अतिशय क्षेत्र पश्चिम बंगाल में कोलकाता से 40 कि.मी. तथा चिन्सुरा से 3 कि.मी. दूरी पर है। यहाँ दो मंदिर हैं, जिसमें क्रमशः पारसनाथ जी की वेदी एवं क्षेत्रपालजी विराजमान हैं। तीर्थंकर पार्श्वनाथजी की प्रतिमा लगभग 400 वर्ष प्राचीन है। शहर आरशा परगना के अर्न्तगत हुगली चिन्सुराजी है यह प्रसिद्ध पार्श्वनाथ मंदिर गली में जोगीपाड़ा का जैन मंदिर के नाम से विख्यात है। इस मंदिर में अन्य तीर्थंकरो की प्रतिमाएँ भी विराजमान है। क्षेत्रपालजी के मंदिर में श्वेताम्बर, दिगम्बर तथा अन्य बंगाली लोग क्षेत्रपालजी की पूजा अर्चना हेतु आते रहते हैं। यह प्रतिमा प्राचीन होकर मनोरम एवं चमत्कारपूर्ण है, अपनी मनोकामना पूर्ण होने पर भक्त यात्री क्षेत्रपालजी, भोमियाँजी, तथा भेरवनाथजी को पूजने आते हैं।



क्षेत्र का पता है–
श्री दिगम्बर जैन पार्श्वनाथ जैन मदिर चिन्सुरा,
जोगीपाड़ा की गली, पोस्ट–चिन्सुरा,
जिला – हुगली, पिन – 712101 (पश्चिम बंगाल)
फोन – (033-2681-1033)
संस्था–श्री दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर बैसारव लेन
कोलकाता–700007
मंत्री – श्री रतनलालजी जैन सेठी
फोन – (033)22743822
मो. – 09831255325, 09830401010

यहाँ से मधुबन–पारसनाथ 275 कि.मी. तथा कोयलाघाट दिगम्बर जैन मंदिर 100 कि.मी. दूरी पर है।



पाकबीरा (पुरुलिया)

अतिशय क्षेत्र पुरुलिया से 55 कि मी. एव पुंचा से 3 कि मी. दूरी पर है। यहाँ पर 4 मंदिर हैं, इस स्थान की खोज 1890 में अंग्रेज पुरातत्व द्वारा की गई थी। कहते हैं पूर्व में अभी यहाँ 24 जिन मंदिर थे – जिनके भग्नावशेष आज भी मिलते है। जिनमें तीन मंदिर पूर्ण अवस्था में विद्यमान हैं। खुदाई में 12 वीं से 18 वीं शताब्दी तक की तकरीबन 50 प्रतिमाएँ भू–गर्भ से प्राप्त हुई थी जिनमें से तीर्थंकर पद्मप्रभु भगवान की प्रतिमा जो कि करीब 8.5 फुट की खड्गासन है, उसको स्थानीय लोग भैरवनाथजी मानकर पूजते हैं। वैसे यह क्षेत्र सराक जाति बहुल्य है जो पहले कभी जैन ही थे तथा आज भी उनके आचार–विचार जैनियों के समान हैं।

क्षेत्र का पता है –
श्री 1008 दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र
पाकबीरा (पुरुलिया)
ग्राम–पाकबीरा, तह.–पुंचा
जिला–पुरुलिया (पश्चिम बंगाल)


संयोजक–श्री विनोद सरावगी
प्रबन्धक–श्री जितेन्द्र जैन


कुण्डलपुर, वर्धमान सरोवर, मध्यप्रदेश



अड़िन्दा

अतिशय क्षेत्र राजस्थान में – उदयपुर से 40 कि.मी. दूरी पर है। एक मात्र दक्षिणमुखी मंदिर में पद्मासन मुद्रा में 1008 भगवान पार्श्वनाथ विराजमान हैं। चमत्कार की मान्यता के चलते लोग ऐसा मानते हैं कि यहाँ दर्शन से व्यंतर बाधा दूर हो जाती है। 1500 वर्ष प्राचीन क्षेत्र पर पद्मावती पार्श्वनाथ का विशाल मंदिर है। कुंथुसागर जी महाराज की प्रेरणा से बहुत विकास कार्य हुए हैं। 21 फुट ऊँचा मानस्तंभ, चौबीस टोंक, पन्द्रह फुट ऊँची खड्गासन भगवान आदिनाथ की मूर्ति एवं भव्य रथ का निर्माण भी हुआ है। कैलाश पर्वत पर – भूत, भविष्य, वर्तमान की 64 देवरियाँ, सुमेरु पर्वत पर ६ फुट पद्मासन महावीर भगवान तथा पद्म सरोवर में 15 फुट ऊँचे कमल पर 21 फुट ऊँची खड्गासन प्रतिमा अनुपम है।




क्षेत्र का पता है–
श्री दि जैन अतिशय क्षेत्र, अड़िन्दा पार्श्वनाथ,
ग्राम – अडिन्दा, तहसील – वल्लभनगर,
जिला –उदयपुर, पिन – 313001, राजस्थान
फोन – (02957)237611, 237682
अध्यक्ष – श्री सत कुमार खडाका
जयपुर (0141)2561667
उपाध्यक्ष – श्री पूरण मल लोलावत,
उदयपुर (0294)2490081
यहाँ से केशरिया जी 110 कि मी तथा देवारी पार्श्वनाथ 30 कि मी दूरी पर है।

अन्देश्वर पार्श्वनाथ



अतिशय क्षेत्र राजस्थान में – कुशलगढ से 20 कि.मी. तथा बाँसवाड़ा से 30 कि मी दूरी पर है। पहाड़ी पर स्थित इस क्षेत्र पर तीन मंदिर एवं चौबीसी है। चमत्कारी भगवान पार्श्वनाथ की मूर्ति एक भील को खेत जोतते हुए प्राप्त हुई थी। आस पास की जैनेतर जनता भी अगाध श्रद्धा रखती है। मूर्ति 12 वीं या 13 वीं शताब्दी की श्याम वर्ण की है। क्षेत्र के दो मंदिरों में आध्यात्मिक चित्र आकर्षक रंगीन काँच से कलापूर्ण कार्य किया गया है। मंदिर के सामने संगमरमर युक्त 41 फुट 3 इंच ऊँचे विशाल मानस्तंभ, चौबीसी, विशाल खड्गासन त्रिमूर्ति, भरत, बाहुबली, आदिनाथ की मूर्तियाँ विराजमान हैं। तरह – तरह के अतिशय होते रहते हैं।

क्षेत्र का पता है –
श्री 1008 अन्देश्वर पार्श्वनाथ अतिशय क्षेत्र अन्देश्वर,
तहसील – कुशलगढ़, जिला – बाँसवाड़ा,
पिन – 327801, राजस्थान
फोन – (02965)255094
अध्यक्ष – श्री जयंतीलाल – नाथमल सेठ
फोन –(02965)275311, 275741
मो. 9414595728, 9413625158
मंत्री – श्री हंसमुख लाल – शांतिलाल सेठ
फोन – (02965)275258
मो. 09414102724





भ. आदिनाथ, आगरा (उ.प्र)

अरथूना नसियाँ जी

अतिशय क्षेत्र राजस्थान में – बांसवाड़ा से 55 कि.मी. दूरी पर है। सुन्दर पहाड़ी पर एक मदिर है। अरथूना का इतिहास काफी पुराना है। क्षेत्र पुरातात्विक विभाग के आधीन है। यहाँ जैन मंदिरों के भी काफी अवशेष हैं। बस्ती से 1 मिल की दूर पहाडी पर 49 प्रतिमाएँ खुदी हैं। जिनमें कुछ खड्गासन तथा कुछ पद्मासन हैं। इन पर विक्रम संवत् 1100 से 1200 के संवत् खुदे हुए हैं।



अतिशय क्षेत्र देवा, ओबरी राजस्थान

क्षेत्र का पता है–
श्री दि जैन अतिशय क्षेत्र नसियाँजी अरथूना,
ग्राम – अरथूना, तहसील – गढी, जिला – बांसवाड़ा,
पिन – 327032, राजस्थान
फोन – (02963)238204 मो 09413214632
अध्यक्ष – श्री धनपालजी दोशी
फोन – (02963)238245, (02963)238245
मत्री – श्री सजय सागर मल दोशी
फोन – (02963)238285
प्रबंधक – श्री वस्तुपाल शाह (02963)238204
मो 09413214632
यहाँ से कलिजरा 40 कि मी तथा नौगाँव 30 कि मी दूरी पर है।

बिजोलिया पार्श्वनाथ




अतिशय क्षेत्र राजस्थान में – भीलवाडा से 85 कि.मी दूरी पर विंध्याचल पर्वत मालाओ के निकट रेवती नदी के पास स्थित है। यहाँ प्राचीन ३ मंदिर हैं। इन मंदिरों का निर्माण अतिशय युक्त है। यहाँ विक्रम संवत् 1232, 1352, 1376, 1386, 1226 के पाषाण पर खुदे हुवे शिलालेख है, जिनमें क्षेत्र एवं निर्माण का वर्णन है। कैसे – कैसे चमत्कार हुए है उसका वर्णन भी है यहाँ पर एक चौबीसी, समवशरण रचना, तथा मानस्तम्भ है। गणधर परमेष्ठी मंदिर भी है। मान्यता है कि भगवान पार्श्वनाथ को कमठ द्वारा उपसर्ग उपरान्त यहाँ पर ही केवलज्ञान की प्राप्ति हुई थी।

क्षेत्र का पता है –
श्री दि. जैन अतिशय क्षेत्र बिजोलिया पार्श्वनाथ,
बिजोलिया, जिला – भीलवाड़ा,
पिन – 311602, राजस्थान
फोन – (01489)236074 मो 09460351567
अध्यक्ष – श्री घनश्याम लुहाड़िया, चित्तोड़गढ,
फोन – (01482)240194
मंत्री – श्री नरेंद्र जैन (पत्रकार), बिजौलियाँ,
मो. 094141 - 48290



यहाँ से चंवलेश्वर पार्श्वनाथ 63 कि.मी. तथा केशोराय पाटन 90 कि.मी. दूरी पर है।



चमत्कार जी (सवाईमाधोपुर)

अतिशय क्षेत्र राजस्थान में – सवाई माधोपुर से तीन किलामीटर दूर है। विक्रम संवत् 1889 के नाथ सम्प्रदाय के एक जोगी को श्री 1008 भगवान आदिनाथ की स्फटिक मणी की प्रतिमा मंदिर जी से एक कि.मी. दूर भूगर्भ से खुदाई से प्राप्त हुई थी। तरह – तरह के चमत्कार होते रहते हैं। नसीरूद्दीन नाजिम की पूना पद बहाली पर उन्होंने मनौती अनुसार लाल पाषाण की छतरी का निर्माण कराया जो कि आज भी है। इसी प्रकार सफरूद्दीन नाम के नाजिम के रोग दूर होने पर उन्होंने मनौती अनुसार लाल पाषाण की छतरी का निर्माण कराया जो कि आज भी है। इसी प्रकार सफरूद्दीन नाम के नाजिम के रोग दूर होने पर उन्होंने मनौती अनुसार मंदिर के चारो कोनों पर चार छतरियों का निर्माण कराया था वे आज तक विद्यमान है। सवाई माधोपुर में 10 जैन मदिर हैं। क्षेत्र पर एक ही मंदिर है।



क्षेत्र का पता है –
श्री दि जैन अतिशय क्षेत्र, चमत्कारजी,
ग्राम – आलमपुर, तहसील एवं जिला – सवाई माधोपुर,
पिन – 322021, राजस्थान
फोन – (07462)233816, 235520
अध्यक्ष – डॉ. श्री शिखरचद जैन,
फोन – (07462)222509
मो 094140 - 30388
मत्री – श्री रमेश चद छाबड़ा
फोन – (07462)234765
प्रबंधक – श्री दीपक सोगानी
फोन – (07430)261358

यहाँ से महावीर जी 108 कि मी, पदमपुर 160 कि.मी. दूरी पर है।

चाँदखेड़ी



अतिशय क्षेत्र राजस्थान में – झालावाड़ से 35 कि.मी. दूरी पर है। चमत्कार एवं अतिशय के कारण प्रसिद्ध तीर्थ स्थल है। गर्भ गृह में विराजमान भगवान आदिनाथ की मूर्ति जो पद्मासन है (भूतल में) चमत्कारी है। कोटा के दीवान किशनदासजी मड़िया को जगल से, स्वप्न देकर प्राप्त हुई थी जिसे अनेक चमत्कार पूर्ण घटनाओं के साथ क्षेत्र पर विराजित किया गया। इस प्राचीन क्षेत्र के गुफा गृह में भी स्फटिक की 1008 श्री चन्द्रप्रभु भगवान, पार्श्वनाथ भगवान आदि की मूर्तियाँ पिछले 250 वर्ष से द्वार बंद के चलते अज्ञात थी। जो कि 108 श्री सुधा सागरजी महाराज द्वारा वर्ष 2002 में स्वप्न के आदेश से निकाली गयी थी। उस समय लाखों जैन वहाँ पर पहुँचे थे।

क्षेत्र का पता है –
श्री आदिनाथ दि. जैन अतिशय क्षेत्र, चाँदखेड़ी,
ग्राम एवं तहसील – खानपुर, जिला – झालावाड,
पिन – 326038, राजस्थान
फोन – (07430)261358, 261616
अध्यक्ष – श्री अमोलक चंद जैन (चूने वाले)
फोन – (0744)2361641
मंत्री – श्री महावीर प्रसाद जैन
फोन – (0744)2428979
मो. 093526 - 38979
प्रबंधक – श्री सनत् कुमार जैन
फोन – (07430)261358, 261616
यहाँ से झालरा पाटन 40 कि.मी. की दूरी पर है।



चन्द्रगिरि बेनाड



अतिशय क्षेत्र राजस्थान में - जयपुर से 15 कि.मी. दूरी पर है। क्षेत्र पर दो मंदिर हैं। यहाँ मूलनायक प्रतिमा जो कि चन्द्र प्रभु भगवान की है अतिशय पूर्ण है।



क्षेत्र का पता है -
श्री दि. जैन अतिशय क्षेत्र चन्द्रप्रभु,
चन्द्रगिरि, ग्राम - बेनाड़,
तहसील - आमेर, जिला - जयपुर,
पिन - 302012, राजस्थान,
फोन - (01423)234733
फोन - (0141)2323824
अध्यक्ष - श्री छीतरमल पाण्ड्या
यहाँ से सांगानेर 20 कि.मी., आमेर पदमपुरा 48 कि.मी. दूरी पर है।

चंवलेश्वर पार्श्वनाथ



अतिशय क्षेत्र राजस्थान में - भीलवाड़ा से 55 कि.मी., देवली से 60 कि.मी. की दूरी पर हैं। अरावली पर्वत मालाओं के पास बनास नदी के निकट काली घाटी के छोटे पहाड़ पर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ तीर्थ है। इसका मूलनाम चूलेश्वर है जो कि बिगड कर चंवलेश्वर हो गया। स्वप्न देखकर भूगर्भ से प्राप्त बालूई स्लेटी रंग की पद्मासन भगवान पार्श्वनाथ की प्रतिमा की प्रतिष्ठा सेठ नाथमल ने वैशाख शुक्ल 10 विक्रम संवत् 1007 को करायी थीं। जिसके चलते मेवाड़ नरेश ने उन्हें राजभद्र की उपाधि दी। क्षेत्र पर मंदिरों की संख्या 5 है। नीचे तलहटी में भी एक मंदिर है, जिसमें पार्श्वनाथ भगवान की विशाल अवगाहना वाली खण्डित प्रतिमा विराजमान है।


क्षेत्र का पता है -
श्री चंवलेश्वर पार्श्वनाथ दि. जैन अतिशय क्षेत्र,
चंवलेश्वर पार्श्वनाथ, ग्राम - चेनपुरा,
तहसील - माण्डनगढ़, व्हाया कछोला,
जिला - भीलवाड़ा, पिन - 311605, राजस्थान
फोन - (01489)239413
अध्यक्ष - श्री सुगन चंद जैन
फोन -(01489)230032, 230052
महामंत्री - श्री घीसालाल गोधा बांगुदार
फोन -(01485)237067
प्रबंधक - मांगीलाल कटारिया
फोन - (01489)239413
यहाँ से बिजोलिया पार्श्वनाथ 60 कि.मी. दूरी पर है।





चूलगिरी - खानियाँजी

अतिशय क्षेत्र एवं कला क्षेत्र राजस्थान मे - जयपुर के निकट पहाड़ी पर जयपुर शहर से 6 कि.मी. दूरी पर है। सन् 1953 में आचार्य श्री 108 देशभूषण श्री महाराज की प्रेरणा स्वरूप इस नव तीर्थ का निर्माण प्रारंभ हुआ। जिसका विकास निरंतर चलता ही रहता है। यहाँ 7 फुट की पार्श्वनाथ भगवान की प्रतिमा खड्गासन, मूल नायक के रूप में विराजमान है। साथ ही भगवान महावीर, नेमीनाथ 24 तीर्थंकर की पद्मासन प्रतिमाएँ चोबीसी, पद्मावती देवी तथा 1982 में 21 फुट ऊँची खड्गासन भगवान महावीर की प्रतिमा विराजित की हुई हैं। यहाँ 40 किलो वजन के ताम्रपत्र पर ऋद्धि, सिद्धि दायक विजय पताका महामंत्र की स्थापना भी है।



क्षेत्र का पता है-
श्री दि. जैन अतिशय क्षेत्र, श्री पार्श्वनाथ चूलगिरि,
देश - भूषण नगर, आगरा रोड, खानियाँ, जयपुर
पिन - (302003), राजस्थान
फोन - (0141)2170773
अध्यक्ष - श्री सुमेर चंद सोनी (0141)2372689
मो. 9351665899
मत्री - श्री सुमेर चद पांड्या
फोन - (0141)2602862, 2609796,
मो 9414070822
प्रबधक - श्री महेंद्र कुमार शाह - 09413157255
यहाँ से पदमपुरा 28 कि मी तथा सगानेर 14 कि.मी. दूरी पर है।

देबारी



अतिशय क्षेत्र राजस्थान में - उदयपुर से 10 कि.मी दूरी पर है। देबारी के आसपास की सुरम्य पहाडियों में भगवान की मूर्ति स्थापना के भाव के साथ शिवलाल - मोहनलाल चेरिटेबल ट्रस्ट ने देबारी के नेत्र चिकित्सालय परिसर में ही 13 फुट 6 इच की भगवान पार्श्वनाथ की खड्गासन प्रतिमा तथा मदिर का निर्माण इस भावना से किया कि बीमार लोग नेत्र ज्योति प्राप्त करके सर्वप्रथम भगवान के दर्शन करें। यहाँ 40 बिस्तरों का आँख का दवाखाना अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त है।


क्षेत्र का पता है -
श्री देबारी पार्श्वनाथ दि. जैन मंदिर, अतिशय क्षेत्र,
देबारी, ग्राम - देबारी, तहसील व जिला - उदयपुर,
पिन - 313001, राजस्थान
फोन - (0294)2491291
अध्यक्ष - श्री झमक लाल टाया
फोन - (0294)2410857
मंत्री - श्री महेंद्र कुमार टाया
फोन - (0294)2413682, 09414158546
प्रबंधक - श्री प्रकाशचंद जैन
फोन - (0294)2412594
यहाँ से अड़िन्दा पार्श्वनाथ 30 कि.मी. तथा केशरिया जी 80 कि.मी. दूरी पर है।





देहरा-तिजारा

इन संस्थाओं में किसी के पास एक करोड़ का ध्रुव फण्ड है तो किसी के पास पांच करोड़ का फण्ड हैं। बैंक की ब्याज दरें कम हैं अत: संस्था को अधिकतम् ५० लाख रूपया वार्षिक से अधिक ब्याज की प्राप्ति नहीं हो पाती है, उसमें से भी कम से कम भी माने तो २० से २५ लाख रूपया वार्षिक कार्यालयीन खर्च पर ही व्यय हो जाते हैं। अब बचे २५ लाख से अखिल भारतीय स्तर पर अलग-अलग मदों में जितना खर्च तथा विकास कार्य किया जा सकता हैं वह ऊंट के मुंह में जीरे के समान हैं। जिन संस्थाओं के पास मात्र एकाध करोड़ का ही फण्ड है उनकी तो हालत यह हैं कि प्राप्त ब्याज से कार्यालयीन खर्च ही पूरा नहीं पड़ता हैं।

इस स्थिति में संस्थाओं में होता यह है कि कार्य करने तथा खर्च पूर्ती हेतु रूपये लेकर किसी समाज श्रेष्ठी को संरक्षक, परम संरक्षक, शिरोमणी संरक्षक आदि बनाकर जैसे तैसे धन इकट्ठा किया जाता है, वह भी कुल २५-५० लाख रूपयों से ज्यादा नहीं हो पाता।

अब इस महंगाई के जमाने में पच्चीस-पचास लाख या एकाध करोड़ के वार्षिक बजट से राष्ट्रीय स्तर पर कितने कार्य निष्पादित किये जा सकते हैं यह सुविज्ञ पाठक एवम् राष्ट्रीय पदाधिकारी स्वयं समझ सकते हैं।

अत: आज दि. जैन समाज में सर्वाधिक अनिवार्य एवम् महत्वपूर्ण आवश्यकता केन्द्रीय स्तर पर एक ऐसी स्थायी योजना का विकास करना है जिससे सतत् धन इकट्ठा होता रहे तथा पदाधिकारी अपनी उर्जा कार्य करने पर खर्च करें ना कि जैसे तैसे पानड़ी करके धन इकट्ठा करने पर।

इस निर्देशिका में प्रदीपजी कासलीवाल के लेख में मंदिर महासघ में २४ करोड़ रूपये वार्षिक आय के अनुमानित आकड़े हो सकता है आलोचकों को सपने देखना से लग सकते हैं परंतु मेरा सोचना हैं कि शुरूआत में इस सपने का एक चौथाई लक्ष्य याने ६ करोड़ रूपया वार्षिक भी किसी एकमात्र केन्द्रीय राष्ट्रीय संस्था में इकट्ठा होने लगे तथा हम धेर्य रखते हुए उसमे से तीन करोड़ रूपया प्रति वर्ष खर्च करते हुऐ भी बचे हुये ३ करोड़ रूपये प्रति वर्ष संस्था के ध्रुव फंड में दस वर्ष तक जमा कर पाये तो १० वर्ष पश्चात् हम एक स्थायी ३० करोड़ रूपये का ध्रुव फण्ड तो कायम कर ही सकते हैं जिसके ब्याज की मासिक आय २० लाख रूपये प्रतिमाह याने २ करोड़ चालीस लाख रूपये वार्षिक हो सकती है। ब्याज की इस स्थायी आय से हम प्रत्येक वर्ष बहुत से तीर्थों के जीर्णोद्धार एवं भिन्न विकास कार्यों को कर सकते है।

आज तक हमारी समाज द्वारा सतत् ऐतिहासिक गलती ठीक उसी तरह की हो रही हैं जैसी कि कोई विस्तृत एव वृहद स्तर पर गिरने वाली वर्षा की उस एक बूंद के महत्व को ना समझते हुऐ उसकी तुलना मे ट्यूब वेल की उस मोटी पानी की धार को महत्व देते हुए उससे सरोवर को भरना चाहें यह जानते हुए भी की यह धार कभी न कभी तो थक ही जावेगी। आखिर हम कब तक पानड़ी करके या सरक्षक, शिरोमणी संरक्षण बना-बनाकर धन संग्रह कर पायेगें। हर बार जब प्यास लगे तब ही कुआँ खोदो वाली व्यवस्था से जब गृहस्थी तक नहीं चल सकती तब इस शैली से इतने बडे समाज को कैसे चलाया जा सकता हैं, और अब तक क्यों ऐसा चलाया जाता रहा है ?

धार्मिक सामाजिक योजनाओं को क्रियान्वित करने हेतु दृढ़ संकल्प के साथ दूसरी अनिवार्य बड़ी ताकत धन की उपलब्धता हैं अत: हम चाहे आज समझें या पचास साल बाद हमें बूंद-बूद से घट भरे वाली प्रक्रिया पर ही विश्वास करते हुए सस्था में सतत् स्थायी आय हेतु जैन समाज के प्रत्येक आम सदस्य का प्रति सदस्य सहयोग लेना ही पड़ेगा चाहे वह एक रूपया हो या पांच रूपया, और यह व्यवस्था प्रस्तावित मदिर महासंघ के १२ हजार या १५ हजार जितने भी मंदिर हो उन्हें सदस्य बनाकर उन मंदिरों के माध्यम से ही प्रति सदस्य लागा के स्वरूप मे लागू की जा सकती है, बोहरा समाज में ऐसी ही व्यवस्था लागु है। इसलिए समझा जा सकता है कि अखिल भारतीय समस्त मदिरों का एक केन्द्रीय महासघ बनाना क्यों आवश्यक हैं ?

बाहुबली पाँड्या
राष्ट्रिय संयोजक एवं प्रभारी
प्रस्तावित अ भा. मंदिर महासंघ

एक परिचय :

श्री बाहुबली पाँड्या परिवार, इंदौर (म.प्र.)



श्री बाहुबली पाँड्या श्रीमती इन्दिरा पाँड्या

राजस्थान–पारोड से 90 वर्ष पूर्व इंदौर आकर बसे धर्म श्रीमान भैरोंमलजी के पोते स्व. प्रकाशचंद पाँड्या (तोपखाना वाला) एवम् धर्म पत्नी स्व. मानकबाई पाँड्या के सुपुत्र बाहुबली पाँड्या– धर्मपत्नी इन्दिरा पाँड्या, इंदौर निवास करते हैं। आपकी मातुश्री इन्दौर के प्रसिद्ध आवास वाले पाण्ड्रीवाल परिवार से हैं।

बाहुबलीजी का विवाह बड़नगर के प्रसिद्ध वेद परिवार रतनलाल–इन्दरमलजी के यहाँ हुआ था। आपकी दो सुपुत्रियाँ हैं– सौ. शुभी का विवाह इंदौर के प्रसिद्ध पंडित सरदारमलजी सोनी परिवार में सुमितजी के साथ हुआ है तथा सौ. श्वेता का विवाह इंदौर के प्रसिद्ध मदनलालजी सोनी (पटनाट वाले) परिवार में चि. नीरज के साथ हुआ है। आपके दो दोयते चि. कुशाग्र एवम् अतिशय है।

आपके परिवार में आपके बड़े भाई कैलाशचंद्र पाँड्या–श्रीमती चंद्रावती पाँड्या एवम् स्व. पूनमचंदलालजी पाँड्या–श्रीमती मनोरमाबाई पाँड्या का परिवार भी इंदौर में ही रहता है। आपके चि. चेतन कुमार–श्रीमती ज्योती– पौत्र/ पौत्री हार्दिक, मनाली, चि. मनीष (सीमंधर) श्रीमती मनीषा –पौत्र दिव्य, चि. प्रणय श्रीमती रचना पौत्री कृती तथा चि. तरुण ऐसे चार भतीजे हैं। सभी सुसंस्कृत एवम् उच्च पदाधिकारी होकर वृहद स्तर पर फैले पुस्तक व्यवसाय (लेखन पठन) में है। आपकी २ बहनें सौ. सरला–श्रीमान् सौभागचंदजी काला, भानजे अर्पित काला–श्रीमती दीपिका, जयपुर, सौ. सुमन–श्री पवनकुमारजी गोधा, भान्जी पूनम एवं चाँदनी, मुंबई एवं भान्जी जँवाई सौ. राखी–राजन बोहरा मुंबई है।

स्नातक बाहुबली पाँड्या युवा अवस्था से ही सामाजिक, धार्मिक गतिविधियों में सक्रियता से जुड़े हैं। आप एक अच्छे लेखक, चिंतक और प्रभावशाली वक्ता हैं। आपके कई लेख प्रकाशित हुए हैं। आपके द्वारा लिखित कई नाटक मंचित हो चुके हैं।

सन् 1993 के श्रवण बेलगोला महामस्तकाभिषेक महोत्सव के दूरदर्शन पर राष्ट्रव्यापी सीधे प्रसारण होने में आपके राष्ट्रव्यापी आंदोलन/पत्राचार की महत्वपूर्ण भूमिका थी। म.प्र. में जैनियों को सर्वप्रथम अल्पसंख्यक घोषित करवाने के आंदोलन में प्रदीप जी कासलीवाल के साथ आपकी भी महत्वपूर्ण भूमिका थी। शासकीय पाठ्य पुस्तकों में जैनधर्म एवम् साधुओं के बारे में मुद्रित अवांछनीय टिप्पणियों को हटवाने में आपके राष्ट्रव्यापी आंदोलन/ पत्राचार की महत्वपूर्ण भूमिका रही थी। इसी के परिणाम स्वरूप आपको वर्ष 2003, उदयपुर में दि. जैन महासमिति का राष्ट्रीय जन जाग्रति शिक्षा अवार्ड (11,000/-नगद, शॉल, श्रीफल सम्मान) मिला था। सन् 1999 में दि. जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष का राष्ट्रीय अवार्ड एवम् सन 2003 में सनावद् अधिवेशन में सर्वश्रेष्ठ सदस्य का राष्ट्रीय अवार्ड भी आपको मिल चुका है।

आप दि. जैन सोशल ग्रुप नेमीनाथ के अध्यक्ष, परमसंरक्षक, म.प्र. एवम् छत्तीसगढ़ रीजन के रीजन अध्यक्ष, एवम् अष्टपद बद्रीनाथ तीर्थ के मंत्री रह चुके हैं।

आप वर्तमान में दि. जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, तीर्थ संरक्षणी महासभा के राष्ट्रीय मंत्री, म.प्र. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष, दि. जैन सोशल ग्रुप महावीर इन्दौर के संरक्षक, महावीर ट्रस्ट इंदौर के प्रबंधकारणी सदस्य हैं।

बड़ौदा मंत्री अतिशय क्षेत्र मक्सी पार्श्वनाथ के चर्चित (श्वेताम्बर दिगम्बर विवाद) विवादों को समाप्त कर किये गये आपसी समझौता में आपकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है।


आपकी धर्मपत्नी श्रीमती इन्दिरा भी धार्मिक एवम् संस्कारी होकर बड़नगर के प्रसिद्ध वेद परिवार से हैं। आपके सभी बड़े भाई विमलजी, राजकुमारजी, राजेंद्रजी, पवनजी, दिनेशजी स्वाध्यायी है। श्री पवन वेद इन्कमटेक्स कमीश्नर, शरद वेद–कमीश्नर सेवा, म.प्र. तथा तेज कुमार वेद कमिश्नर सेल टेक्स, जबलपुर है। आप नियमित पूजा–पाठ–व्रत–उपवास एवम् स्वाध्याय प्रेमी हैं तथा निरंतर धार्मिक परीक्षाएं देती रहती हैं।

एक परिचय : निर्देशिका ... में अर्थ सहयोग कर्ता

सेवा की सुवास से महकता इन्दौर का बीड़ीवाला परिवार



श्री नरेन्द्रकुमारजी



श्री सुन्दरलालजी



श्री आजादकुमारजी

दद्दा के नाम से प्रसिद्ध बीड़ी उद्योगपति स्व. श्री मूलचंदजी जैन एक संवेदनशील, धर्म परायण और उदार हृदय व्यक्तित्व थे इसलिए उनके गुणों और संस्कारों की सुगंध आज उनके चारों पुत्रों सहित संपूर्ण बीड़ीवाला परिवार के सदस्यों के व्यक्तित्व और कृतित्व में भी प्रवाहित होती रहती है चाहे भैयाजी के नाम से लोकप्रिय उनके संवेदनशील समाजसेवी पुत्र सर्वश्री सुंदरलालजी हो या हर दिल अजीज पप्पाजी के नाम से परिचित नरेंद्रकुमारजी हो या हँसमुख और मिलनसार सर्वप्रिय समाजसेवी आजादकुमारजी या फिर सेवाभावी पैथालॉजिस्ट डॉ. अशोक जैन (प्रेस्टिज) हों, ये सभी हमेशा अपने आचार-विचार और दैनिक जीवन और व्यवहार में उदारता और परोपकार का ही परिचय देते रहते हैं।

संत शिरोमणी आचार्यश्री विद्यासागरजी महाराज एवं अन्य साधक -संतों की प्रेरणा और आशीर्वाद से बड़े दिल वाले बीड़ीवाला परिवार ने अपनी धर्म परायणता, दानशीलता और समाजशीलता विकसित की एवं धर्म और समाज के प्रति समर्पित भावना के कारण न केवल बड़े-बड़े बीड़े उठाये वरन् पूरी निष्ठा और सर्मपण के साथ सहयोग/सहकार देकर उन्हें पूरा भी किया हैं। चाहे प्रकृति का प्रकोप हो या जीव दया एवं पशु धन के संरक्षण हेतु संचालित गतिविधियों के आर्थिक सहयोग का सवाल हो, अथवा किसी शारीरिक व्याधि से पीड़ित व्यक्ति के समक्ष अर्थ के अभाव में अपना उपचार न करा पाने की विवशता या अर्थ के अभाव में शिक्षा से वंचितों को आर्थिक सहायता की दरकार हो ऐसे समय बीड़ीवाला परिवार धर्म और सम्प्रदाय से परे रहकर ''परोस्परोपग्रहो जीवानाम्'' की उदात्त भावना से वांछितों को उदारतापूर्वक आर्थिक सहयोग/सहायता प्रदान करता रहता हैं।

देश-प्रदेश के विभिन्न शहरों में, मंदिरों और तीर्थों के निर्माण एवं उनके पुनरोद्धार में भी बीड़ीवाला परिवार सदैव अग्रणी रहा है। हाल ही में आचार्य विद्यासागरजी महाराज की प्रेरणा एवं आशीर्वाद से विकसित हो रहे दि. जैन सिद्धोदय सिद्धक्षेत्र नेमावर में भी बीड़ीवाला परिवार द्वारा एक भव्य एवं बड़े मंदिर का निर्माण कराया गया है। धनी, मानी, दानी होनी पर भी अहंकार रहित, सादगीपूर्ण जीवन जीना और अपनों से हँसना-बोलना और परायों में अपनापन बोना, बीड़ीवाला परिवार के सदस्यों के व्यक्तित्व की विशेषता है इसलिए आज समग्र दि. जैन समाज इन्दौर को बीड़ीवाला परिवार की सादगी, सरलता, समाजशीलता एवं दानशीलता पर नाज है एवं समाज में परिवार के सदस्यों का विशिष्ट स्थान हैं।


परिवार के सदस्य विभिन्न धार्मिक, सामाजिक संस्थाओं, ट्रस्टों एवं तीर्थ क्षेत्रों से भी जुड़े हैं। वरिष्ठ सदस्य भैया सुंदरलालजी सिद्धोदय सिद्ध क्षेत्र ट्रस्ट नेमावर के अध्यक्ष हैं तो श्री नरेन्द्र कुमारजी दि. जैन अतिशय क्षेत्र मक्सी से जुड़े हैं और वहां चल रहे जीर्णोद्धार एवं विकास कार्यो में सहयोग प्रदान कर रहे हैं। उसी प्रकार श्री आजाद कुमारजी भी श्री दि. जैन पंचबालयति जिनालय ट्रस्ट इन्दौर के ट्रस्टी एवं वहां बने रहे दि. जैन पंचबालयति मंदिर की निर्माण कमेटी के अध्यक्ष हैं और आपके द्वारा वहां 1008 फणवाली साढे सात फुट ऊँची पार्श्वनाथ प्रभु की एक सुवर्शनीय प्रतिमा की स्थापित की गई है। दि. जैन परवार समाज ट्रस्ट, दि. जैन समवशरण ट्रस्ट एवं समाज तुकोगंज, श्री मूलचंद जैन पारमार्थिक ट्रस्ट आदि अनेकों संस्थाओं से भी परिवार के सदस्य जुड़े हैं और उनकी प्रत्येक गतिविधि को पल्लवित पुष्पित करने में सहयोग करते रहते हैं।

डॉ. जैनेन्द्र जैन

स्वर्गीय सेठ गंभीरमल पापड़ीवाल परिवार (मुंबई)
(फर्म- केशरीमल-मोतीलाल, जावरा वाले, इंदौर)



ओल्ड पलासिया, इंदौर स्थित जावरा वालों का मन्दिर



स्व गंभीरमलजी पापड़ीवाल श्रीमती तारादेवी पापडीवाल

शहर इन्दौर को जैनियों का गढ़ बनाने मे बाहर से व्यापार हेतु आये हुये जैन परिवारों का बहुत बड़ा योगदान रहा हैं, कासलीवाल परिवार में, फर्म- स्वरूपचंद-हुकमचंद, त्रिलोकचंद-कल्याणमल तथा ओंकारजी-कस्तूरचद एवम् अन्य सभी प्रसिद्ध फर्मो के सदस्य प्राय राजस्थान से आकर इन्दौर में बसे।

उसी तरह उन्नीसवीं शताब्दी के प्रारभ में जावरा (म.प्र) से पापड़ीवाल परिवार इन्दौर आकर बस गया एवम् इन्दौर सराफे बाजार में चांदी के वायदा व्यापार मे दिनो-दिन वृद्धि करता हुआ इन्दौर की प्रसिद्ध फर्म केशरीमल मोतीलाल-जावरावाला के नाम से सम्पन्न परिवार के रूप मे सुप्रसिद्ध हो गया।

जावरा वाला उपनाम इसलिये पड़ा कि इस परिवार ने सन् 1937 मे शहर जावरा में सम्पूर्ण निजी खर्च पर एक भव्य पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव कराया (जिसकी फिल्म भी उतारी गयी थी) तथा सन् 1938 के आस-पास इसी परिवार ने शहर इन्दौर ओल्ड पलासिया में निजी जमीन पर मंदिर बनवाया जो आज 2008 में भव्य स्वरूप लेकर जावरा वालों के मंदिर के नाम से प्रसिद्ध हैं।

इसी परिवार के बी काम तक शिक्षित स्वर्गीय गंभीरमल पापडीवाल (धर्म पत्नी श्रीमती तारादेवी पापड़ीवाल) सन् 1950 -55 के मध्य स्थायी तौर पर मुंबई जाकर अपने बड़े भाई राजमल पापडीवाल के साथ व्यापार के सिलसिले मे बस गये (तब मुबई कालबा देवी में भी एक दुकान थी)। आप कुछ समय तक फिल्म निर्माण से भी जुड़े रहे। स्वभाव एव व्यवहार से स्पष्टवादी व्यक्तित्व के धनी-स्वर्गीय गंभीरमलजी के तीनों पुत्र क्रमश सुरेश-धर्मपत्नी रानी, दिलीप-धर्मपत्नी पूजा, राजेश-धर्मपत्नी सीमा पापड़ीवाल एवम् पौत्र पौत्री आदि सभी धार्मिक एवम् आस्थावान हैं , इन्होंने अपनी मेहनत एवम् लगन से अपने व्यवसाय से परिवार को नई ऊँचाइयों पर पहुँचाया है। अपनी मातुश्री श्रीमती तारादेवी पापड़ीवाल के दिये संस्कारो से तीनो भाई अपनी जड़ो को नहीं भूले हैं। अत. इन्दौर मे भी निजी निवास ले रखा है एवम् वर्ष में दो-तीन बार सपरिवार इन्दौर आकर अपने काफी बड़े पापड़ीवाल परिवार काका स्व फूलचदजी, स्व सागरमलजी, स्व नंदलालजी, समीरमलजी, एवम् शातीलालजी पापड़ीवाल (अध्यक्ष-दि जैन मदिर जावरा वालों का) के सान्निध्य में सभी कार्यक्रमों में सम्मिलित होते है। वर्ष में दो-तीन बार धार्मिक तीर्थ यात्राएँ नियमित करते हैं तथा यथा संभव तीर्थक्षेत्रों एवम् धार्मिक, सामाजिक कार्यों में प्रत्यक्ष एवम् गुप्त आर्थिक सहयोग भी उदार हृदय से करते ही रहते हैं। श्रीमती तारादेवी के पाँच पौत्र, दो पौत्री, एक पौत्र वधु तथा एक पौत्री हैं। इस निर्देशिका के राष्ट्रीय संयोजक, प्रभारी, संपादक, श्री बाहुबालीजी पाँड्या आपके परिवार के भान्जे है।

*** Papriwal Builders Pvt. Ltd., Navi Mumbai * Papriwal Realtors Pvt. Ltd.**
*** Pragya Realtors Pvt. Ltd., Indore * Pooja Adores Vashi & Powai**
*** Papriwal Property Developers Pvt. Ltd. Navi Mumbai**
*** Papriwal Brothers Khapoli, Mumbai.**

एक परिवार

निर्देशिका प्रकाशन में अर्थ सहयोग कर्ता

श्री हुकुमचंद जैन परिवार
इन्दौर (म.प्र.)



श्री हुकुमचंदजी–श्रीमती मालतीदेवी जैन


शहर इन्दौर के प्रसिद्ध उद्योगपति एवं समाजसेवी श्री हुकुमचंद जैन का जन्म आगरा में हुआ था। आप शुरू से बेहद प्रतिभाशाली एवं क्रियाशील रहे हैं। आपने आगरा के सेन्ट जोन्स कालेज से प्रथम श्रेणी में एम.कॉम. तक शिक्षा प्राप्त की हैं। कॉलेज में एक सफल डिबेटर के रूप में विख्यात हुकमचंदजी अपने कॉलेज में एक वर्ष तक प्रेसीडेंट भी रहे। आपकी शुरू से ही धार्मिक एवं सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने की रूचि रही है। आप दिगम्बर जैन महासमिति म.प्र. के अध्यक्ष तथा दि. जैन भारत जैन महामण्डल के भी अध्यक्ष रहे हैं। एल.आई.सी. पॉलिसी होल्डर कौन्सिल के मेम्बर होने के साथ इन्दौर में हुए दिगम्बर जैन महासमिति के राष्ट्रीय अधिवेशन (महाकुंभ) के चेयरमेन भी रहे हैं। इन्दौर में हुए प्रथम गोम्मटगिरी पंचकल्याणक महोत्सव के आप प्रमुख उपाध्यक्ष भी रहे। गोम्मटगिरी इन्दौर पर आपके द्वारा सर्वप्रथम एक भव्य सर्वसुविधा युक्त अतिथि निवास का निर्माण कराया गया हैं।

सन् 1986 में पूरे भारत में घूमने वाले तीर्थ वंदना रथ जिसका कि प्रारंभ भारत के राष्ट्रपति श्री ज्ञानी जैलसिंह द्वारा किया गया था उसके प्रथम प्रायोजक आप ही थे। पूर्व में हुए श्रवणबेल गोला महामस्तकाभिषेक के अवसर पर आप वहाँ मेनेजमेंट कमेटी में भी रहे हैं। प्रसिद्ध दि. जैन पत्रिका "संस्कार– सागर" इन्दौर के प्रथम जन्म दाता आप ही है तथा इन्दौर स्थित दि. जैन मंदिर विजयनगर के प्रबन्धन– ट्रस्टी हैं।


आपकी धर्म पत्नी श्रीमती मालती देवी तथा तीनों विवाहित पुत्र सिद्धेश जैन, प्रवीण जैन, रोबित जैन तथा तीनों पुत्रवधु श्रीमती बबीता जैन, नीरू जैन, संचिता जैन धार्मिक प्रवृत्ति के हैं तथा आपके हर एक धार्मिक – सामाजिक कार्य में उत्साह से सहयोग प्रदान करते हैं।

आपकी अनोखी योजना है जिसके अर्न्तगत वे समाज के कमजोर वर्ग हेतु जीरो– केपिटेल बिजनेस प्लान के माध्यम से कमजोर वर्ग को नौकरी के बजाय छोटे छोटे उद्योग में लाना चाहते हैं।

निर्देशिका प्रकाशन में अर्थ सहयोग कर्ता



श्री कमलेश जी कासलीवाल परिवार



श्री कमलेशजी-श्रीमती प्रेमलता कासलीवाल

स्व. श्री लालचंद जी कासलीवाल, धर्मपत्नी सूरज देवी कासलीवाल के सुपुत्र श्री कमलेश जी कासलीवाल का जन्म 50 वर्ष पूर्व केकड़ी, राजस्थान में हुआ था। 20 वर्ष पूर्व वे इन्दौर में आकर बस गये, शुरू से ही परिवार का वातावरण धार्मिक एवम् मुनि भक्ति का रहा जिसके चलते जैन धर्म उसके सस्कार दैनिक दिनचर्या में नियमित रहे।

सन् 1989 मार्च तीर्थक्षेत्र सम्मेद शिखरजी की घटना है। आपके पिताश्री लालचदजी चन्द्र प्रभु टोंक पर अगाध श्रद्धा से जब घुटनों के बल प्रभु के समक्ष नत-मस्तक हुवे तब जैसे चन्दाप्रभु भगवान ने उनकी श्रद्धा-भक्ति को स्वीकार सा कर लिया हो। उनका जीव उसी क्षण नत-मस्तक अवस्था में ही मोक्षगामी हो गया, प्रभुचरणों में इस तरह से किसी के संसार से प्रस्थान होने की घटना ने शिखरजी में उपस्थित हजारों यात्रियों को अभिभूत कर दिया एवम् जनसमूह व क्षेत्र कमेटी के आग्रह पर परिवार ने वहीं पर पिताश्री का दाह सस्कार कर दिया।

परिवार धर्म समर्पित तो पूर्व से ही था। उपरोक्त घटना के बाद जिनेन्द्र के प्रति श्रद्धा और भी मजबूत हुई। कमलेशजी कासलीवाल दि जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के राष्ट्रीय महासचिव दिगम्बर जैन महासमिति दिल्ली के संरक्षक, दि. जैन महासमिति (केन्द्रीय कार्यकारिणी) में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, दि जैन सिद्धक्षेत्र सिद्धवरकूट एवम् अतिशय क्षेत्र मक्सी पार्श्वनाथ म प्र. मे प्रबंधकारिणी सदस्य तथा दिगम्बर जैन खण्डेलवाल महासभा म.प्र. में भी प्रबंधकारिणी सदस्य हैं।

आपके परिवार में आपकी धर्मपत्नी श्रीमती प्रेमलता, पुत्र चंद्रेश, पुत्रबधु वर्षा, पुत्री कुमारी प्रिती, पुत्र प्रियंक, पौत्र गतिक एवम् मातुश्री श्रीमती सूरजदेवी इन्दौर में ही है। अन्य परिवार के सदस्य सागानेर जयपुर रहते हैं।

आपका माइका मार्केटिंग के नाम से इन्दौर में सनमाइका का थोक व्यवसाय हैं।

निर्देशिका प्रकाशन में अर्थ सहयोग कर्ता

श्री कीर्ति कुमार जैन पाँड्या
इन्दौर



श्री कीर्ति कुमार–श्रीमती कुसुम पाँड्या

इन्दौर में रोकड़िया जी के नाम से प्रसिद्ध स्वर्गिय माणकचंदजी पाँड्या के सुपुत्र श्री कीर्ति कुमार पाँड्या प्रसिद्ध समाज सेवी हैं। बी. एस–सी. बायोलाजी में ग्रेजुएट कीर्तिजी, स्वभाव से सरल, स्पष्टवादी, एवम् कर्मठ सामाजिक कार्यकर्त्ता है। अपने इन्हीं गुणों के एवम् मुनि भक्ति के चलते आप दि. जैन महासमिति मध्यांचल (म.प्र.) के पूर्व प्रदेश महामंत्री तथा दिगम्बर जैन समाज सामाजिक संसद–इन्दौर के प्रतिनिधि रह चुके हैं। आपके पिताश्री का इन्दौर के गोम्मटगिरी तीर्थक्षेत्र के शुरूआती विकास मं महत्वपूर्ण योगदान रहा था।

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप इन्दौर नगर के सचिव पद पर चार वर्ष तक निरंतर कार्य करते हुए दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के पूरे भारत में फैले 108 ग्रुपों में सर्वश्रेष्ठ सचिव, सर्वश्रेष्ठ सरक्यूलर, सर्वश्रेष्ठ फाइल रिर्पोटिंग, श्रेष्ठ सचिव का अवार्ड आपने प्राप्त किया हैं।

राष्ट्रीय स्तर पर दि. जैन सोशल ग्रुप के इन्दौर में सम्पन्न सफल राष्ट्रीय अधिवेशन 2007 के आप चेयरमेन थे। 156 ग्रुपों में आपको सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष का अवार्ड भी मिला है। श्रवणबेलगोला महामस्तकाभिषेक के अवसर पर आपने वहाँ सांस्कृतिक कार्यक्रम के चेअरमेन पद पर रहकर आपने कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक आयोजित किया था।

वर्तमान में आप दि. जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन में राष्ट्रीय संयुक्त महासचिव, तीर्थक्षेत्र मक्सी पार्श्वनाथ म.प्र. में मंत्री, सिद्धक्षेत्र सिद्धवर कूट–म.प्र. में प्रबंध कारणी सदस्य, दिगम्बर जैन समाज पूर्वीक्षेत्र तिलक नगर के अध्यक्ष हैं। आपके नेतृत्व में बतौर महामंत्री 2600वें भगवान महावीर जन्म जयंती महोत्सव पर 2 अक्टूबर को आयोजित अहिंसा रेली का भव्य एवम् सफल आयोजन किया गया था।

आपकी पत्नी श्रीमती कुसुम पाँड्या भी आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर समाज सेवा में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। वे मुनिश्री पुलक सागरजी महाराज द्वारा स्थापित दि. जैन महिला जाग्रती मंच की इंदौर की महामंत्री हैं। दिगम्बर जैन महासमिति महिला संभाग इन्दौर की अध्यक्ष हैं तथा आदिनाथ चिकित्सालय इन्दौर की सहसचिव हैं। कीर्तिजी– कुसुम जी का एक पुत्र एवम् दो पुत्रियां हैं। पुत्री कुंतल मणीपाल से इंजीनियरिंग की मास्टर डिग्री (एम.एस.) कर रही हैं। छोटी पुत्री केशनी–एम.बी.ए. में शिक्षारत हैं। पुत्र कुणाल बी. काम. कर रहा हैं। आपका इन्दौर में पाँड्या स्टोन के नाम से प्रसिद्ध व्यवसायिक प्रतिष्ठान हैं।

एक परिचय :

श्री मांगीलाल जैन (पाँड्या) (जे.एम.बी.) परिवार इन्दौर



स्व. सेठ श्री बापूलालजी पांड्या   स्व. श्रीमती सुन्दरबाई पांड्या

स्वभाव से सरल, मृदुभाषी, सम्पन्न, समाजसेवी श्री मांगीलालजी का जन्म बड़नगर निवासी स्वर्गीय श्री बापूलालजी, स्वर्गीय सुन्दरबाई पाँड्या के यहाँ इन्दौर में 8 मार्च 1933 को हुआ। पिताश्री की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी अत:उन्होंने घर पर ही खाने की वस्तु निर्माण करके खोमचा रख कर बाजार में बेचना चालू किया। बाद में सराफे में सब्जी पूड़ी की दुकान डाली इसी के चलते मांगीलालजी उच्च शिक्षा प्राप्त नहीं कर पाये तथा पिताजी के साथ व्यवसाय में लग गये। मेहनत रंग लाई। धीरे-धीरे मिठाई बनाने का कार्य प्रारंभ किया और आज 2008 तक आते-आते आपका परिवार, जिसमें आपके सुपुत्र चि. दिलीप, अनिल, विकास व अजय भी हैं इन्दौर एवम् जैन समाज के प्रतिष्ठित एवम् सम्पन्न परिवारों में हैं। आपके मंझले भाई स्वर्गिय समीरमलजी एवम् लघुभ्राता गंभीरमलजी का परिवार भी मिष्ठान के व्यवसाय में सम्पन्न एवम् प्रतिष्ठित है। आपके सभी ब्याई सगे प्रतिष्ठित हैं।

आपकी धर्म पत्नी स्वर्गिय सजनबाई खातेगाँव के प्रतिष्ठित परिवार, स्वर्गिय मांगीलाल काला की सुपुत्री थी जो कि बेहद धार्मिक, संस्कारवान, सरल स्वभावी, कर्मठ एवम् समन्वयवादी व अपरिग्रही महिला थी।

श्री मांगीलालजी मुनि भक्ति के साथ हमेशा समाज सेवा हेतु तत्पर रहे है-मल्हारगंज में मांगीलाल मण्डल के प्रथम अध्यक्ष के पद से लेकर वर्तमान में दि. जैन सोशल ग्रुप सीनियर सिटीजन के सतत् अध्यक्ष रहते हुये अन्य संस्थाआं मं भी उच्च पद पर रहकर आप निरंतर समाज सेवा एवम् परमार्थ के कार्य स्वयं करते हुये समाज में प्रेरणा के केन्द्र हैं। ग्रीष्म ऋतु में इन्दौर रेलवे स्टेशन पर सतत् जल सेवा, निराश्रित विधवा महिलाओं, बेरोजगारों, युवाओं व निर्धन प्रतिभाशाली छात्रों तथा रोगियों को समाज से यथोचित आर्थिक सहयोग दिलवाना, दान पेटी रखवाना, आपके प्रमुख प्रयत्न एवम् प्रेरणा से आज 50 लाख की लागत रखने वाला एक वृद्धावंद निकेतन का भी निर्माण हुआ है। आप इन्दौर के सत्रह दि. जैन सोशल ग्रुप के प्रभारी रहे हैं तथा वर्तमान में दि. जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं। फेडरेशन में सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष के अवार्ड से सम्मानित मांगीलाल जी का शिमला के राजभवन में हिमाचल प्रदेश के तत्कालीन राज्यपाल महोदय व्ही. एस. कोकजे साहब द्वारा भी सम्मान किया गया था। आपकी प्रतिष्ठा एवम् सेवा भावना मुनि भक्ति के ही फलस्वरूप इन्दौर दि. जैन समाज द्वारा आपका अमृत महोत्सव मनाया गया। आज इंदौर में जैन मिठाई भंडार की कई शाखायें हैं जो कि इंदौर में ही नहीं पूरे भारत में जे.एम.बी. के नाम से प्रसिद्ध हैं।

स्व. मदनलालजी सोनी परिवार, इन्दौर (गटागट वाले)



स्व. श्री मदनलालजी–श्रीमती मनोरमादेवी सोनी

निम्बाहेड़ा राजस्थान में जन्मे स्वर्गिय मदनलालजी सोनी (गटागट वाले) जीवन संघर्ष में अपनी मेहनत, लगन से जमीन से उठकर ऊंचाई को छूने वाले व्यक्तित्व थे।

आपके दो पुत्र कमल कुमार, धर्म पत्नी–कुसुमलता (पौत्र–नीरज, धर्मपत्नी श्वेता, एवम् अमित, सुमित, पौत्री – कविता, श्रीमती आकाश लुहाड़िया, इन्दौर) हैं तथा दिलीप कुमार धर्मपत्नी इन्द्राणी (पौत्र–अंकित, रोनक) हैं। आपकी तीन पुत्रियां–श्रीमती शारदा विनोद काला इन्दौर, श्रीमती मंजुला धर्मपत्नी स्वर्गीय दिलीप झांझरी कालोल (डेरोल) गुजरात एवम् श्रीमती सुनीता–धर्मपत्नी सुनील बड़जात्या अजमेर हैं।

आपने सन् 1944 में उदयपुर बोर्डिंग में रहकर 9वीं तक शिक्षा प्राप्त की। श्री सोनीजी का विवाह नीमच निवासी श्री सुन्दरलालजी गोधा की सुपुत्री मनोरमा देवी के साथ हुआ। जन्मस्थान छोड़ इन्दौर आये एवम् जीविका उपार्जन हेतु अपनी धर्मपत्नी के साथ बहुत छोटे घरेलु स्तर पर आयुर्वेदिक उत्पादनों (चूर्ण–गटागट–हरडे) का घर में ही निर्माण कार्य चालू किया, स्वयं अपने हाथों से माल बनाते एवम् उसका विक्रय भी बाजार में जाकर स्वयं करते– आखिर मेहनत को रंग लाना ही था, उत्पादों की शुद्धता, विश्वसनीयता ने समय के अंतराल में ऐसा जोर पकड़ा कि व्यापार निरंतर वृद्धि करता गया एवम् मध्यभारत क्षेत्र ही नहीं भारत भर में आपके 'राजस्थानी चूर्ण भंडार' व अमित उद्योग के उत्पाद से परिवार सोनीजी गटागट वाले के नाम से प्रसिद्ध हो गये, आप गरम मसाला एसोसिएशन के म.प्र. के अध्यक्ष भी रहे तथा रामाशाह मंदिर, मल्हारगंज में भी पदों पर रहे।

आज वर्ष 2008 तक आते–आते आपके विभिन्न उत्पादन पूरे भारत के बड़े शहरों में बगैर किसी विज्ञापन के विक्रय होते है तथा हमेशा मांग बनी रहती हैं।

कठिन श्रम से धनोपार्जन के बावजूद आप धर्म, समाज, जैन संस्कारों के प्रति हमेशा समर्पित उदार रहे एवम् हमेशा मुक्त हस्त से प्रत्येक कार्य में सहयोग की भावना रखी। सन् 1992 बावनगजा मस्तकाभिषेक म.प्र. एवम् जामुनिया पंच कल्याणक में बोली लेकर दो बार इन्द्र बने। साधर्मी बन्धु एवम् रिश्तेदारों को प्रायः प्रतिवर्ष तीर्थ क्षेत्रों की यात्रा पर ले जाना तो अब आपके परिवार की परम्परा सी बन गयी हैं जिसे आपके पुत्र कमल कुमार सोनी प्रत्येक वर्ष कभी बनेड़िया, तो कभी सिद्धवर कूट होली पर तथा चांदखेड़ी आदि जगहों पर ले जाकर निभा रहे हैं, कमलजी भी अपने पिताश्री की तरह क्षमता अनुसार मुक्त हस्त से तीर्थों पर जीर्णोद्धार एवं नव विकास कार्य हेतु जैसे बनेड़ियाजी, चांदखेड़ी, सिद्धवर कूट, बावनगजा, सोनागिरजी में सहयोग राशी देते रहते हैं तथा कमल जी भी कई सामाजिक–धार्मिक संस्थाओं पर विभिन्न पदों पर रहे है तथा आज भी है। जरूरत मंदों को गुप्त आर्थिक सहयोग देने की हमेशा भावना रहती हैं। आपकी पुत्र वधू श्रीमती नीरज–श्वेता सोनी इस निर्देशिका के संपादक लेखक बाहुबली पाँड्या की सुपुत्री है।

श्री महेन्द्रकुमार जैन

सुपुत्र स्व. बाबूलालजी स्व. यशोदाजी जैन, इंदौर



श्री महेन्द्र कुमार–श्रीमती लीला जैन

इन्दौर निवासी 58 वर्षीय श्री महेन्द्र कुमार जैन म.प्र. में मध्य भारत में दिगम्बर जैन समाज में ही नहीं अपितु सामाजिक एवं राजनैतिक तौर पर समाज में प्रतिष्ठा प्राप्त एक जाना पहचाना व्यक्तित्व हैं। आप कई धार्मिक, सामाजिक, राजनैतिक, खेल गतिविधियों, समाज सेवा, तीर्थों से जुड़े हुए हैं। आपकी एक पुत्री कुमारी मृदुला जैन तथा एक पुत्र मधुर जैन है।

महेन्द्रजी पुष्पदंतसागर दिगम्बर जैन श्रमण संस्कृति न्यास पुष्पगिरी सोनकच्छ के कार्यकारिणी सदस्य हैं। आदिनाथ दिगम्बर जैन पारमार्थिक चिकित्सालय के संरक्षक हैं। दिगम्बर जैन समाज की 'सामाजिक सांसद' इंदौर की पदाधिकारी परिषद के आमंत्रित सदस्य हैं। दिगम्बर जैन सोश्यल ग्रुप फेडरेशन, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ रीजन के कार्याध्यक्ष हैं। दिगम्बर जैन सिद्धक्षेत्र चूलगिरी ट्रस्ट के सदस्य के रूप हैं।

दिगम्बर जैन महासमिति, अखिल भारतीय के राष्ट्रीय संगठन मंत्री मनोनीत हुए हैं। आचार्य श्री 108 सुमितसागर प्रकाशन समिति में सलाहकार सम्पादक मनोनीत रहे हैं। भगवान बाहुबली दिगम्बर जैन ट्रस्ट गोम्मटगिरी द्वारा संचालित 'पशुधन बचाओ– माँस निर्यात बंद करो' आंदोलन के संयोजक हैं। श्री पुष्पदन्तसागर श्रमण संस्कृति न्यास द्वारा प्रतिवर्ष मनाये जाने वाले आठ दिवसीय महोत्सव के कार्याध्यक्ष नियुक्त रहे हैं। भगवान पद्मप्रभु चिकित्सालय के मानद सदस्य के रूप में वर्ष 1995 से एवं 1998 से चिकित्सालय के महामंत्री के रूप में कार्यरत रहे हैं। माणकचंद राजकुमार पाण्ड्या जैन पारमार्थिक ट्रस्ट के स्थायी ट्रस्टी एवं उपाध्यक्ष के रूप में सामाजिक उत्तरदायित्वों का निर्वाह सतत् कर रहे हैं। आपकी 'जीवन ज्योति संस्था' के माध्यम से मूक–बधिर–दृष्टिहीन–विकलांग एवं मंदबुद्धि बच्चों को निरंतर सहयोग प्रदान किया जा रहा हैं। अखिल भारतीय भगवान महावीर के 2600 वाँ जन्म कल्याण महोत्सव के सदस्य मनोनीत थे। अपने 'हिन्दुस्तान सेवा संघ' ट्रस्ट के स्थायी ट्रस्टी एवं महामंत्री के रूप में कार्यरत रहते हुए मानतुंगगिरी तीर्थ क्षेत्र धार का निर्माण किया एवं शहर से 5 कि.मी. दूर स्थित पहाड़ी को दर्शनीय स्थल के रूप में विकसित करने हेतु प्रयासरत रहे। 'सतपथ फाउण्डेशन' बड़ौदा (गुजरात) के ट्रस्टी एवं कोषाध्यक्ष हैं। फाउण्डेशन का मुख्य कार्य शिक्षा के क्षेत्र में ज्यादा सहायता उपलब्ध कराना हैं। दिगम्बर जैन समाज क्लर्क कॉलोनी के कार्याध्यक्ष हैं। दिगम्बर जैन गोलापूर्व समाज के अध्यक्ष हैं। नन्दानगर साख सहकारिता मर्यादित इन्दौर, जिसके लगभग 35000 सदस्य हैं, इसके प्रत्यायुक्त (प्रतिनिधि निर्वाचित) हैं। 'सन्मति साख सहकारिता संस्था' के सदस्य हैं। आपको 'स्टेशन सलाहकार समिति' पश्चिम रेल्वे इन्दौर का सदस्य 1995 में बनाया गया हैं। वार्ड क्र. 14 इन्दौर की 'शिक्षा उपसमिति' का सदस्य मनोनीत किया गया हैं। शासकीय 'जिला पशु क्रूरता निवारण समिति' के निर्वाचित उपाध्यक्ष हैं।

आपको 'दी वर्ल्ड सोतोकान कराते डू फेडरेशन इण्डिया' जो कि मिनिस्टरी ऑफ स्पोर्ट्स एण्ड यूथ अफेयर्स ऑफ इण्डिया से रिकाग्नाइज्ड संस्था है, का 'PATRON' नियुक्त किया गया हैं। आपको 'सोताकान कराते एकेडमी' मध्यप्रदेश के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर में डायरेक्टर मनोनीत किया गया। आपको म.प्र. शीत–रितु कराते एसोसियेशन में 'संरक्षक' मनोनीत किया गया। आपको 'खेल विकास एकेडमी' इन्दौर का भी अध्यक्ष मनोनीत किया गया। आप पिछले 25 वर्षों से सामाजिक, राष्ट्रीय, मानव सेवा की कल्याणकारी योजनाओं में, ग्रामीण अंचल के क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने में, 'खेल–कूद' की गतिविधियों में एवं शैक्षणिक सहायता उपलब्ध कराने में 'व्यापार एवं परिवार के बाद बचा हुआ सम्पूर्ण समय समय देने की कोशिश करते आये है और भविष्य में भी इन गतिविधियों में एवं शैक्षणिक सहायता उपलब्ध कराने में 'व्यापार एवं परिवार के बाद बचा हुआ सम्पूर्ण समय देने की कोशिश करते आये हैं और भविष्य में भी इन गतिविधियों से तन–मन–धन से जुड़े ही रहना चाहते हैं'। आप सेन्ट्रल वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन, स्टेट वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन, स्टील अॅथारिटी ऑफ इण्डिया लिमिटेड, एल. एण्ड टी. सीमेंट आदि का हेन्डलिंग एवं ट्रांसपोर्टेशन का कार्य करते हुए पिछले 25 वर्षों से विक्रम सीमेंट (ग्रासिम इण्डस्ट्रीज की यूनिट) का 'सी एण्ड एफ' का कार्य म.प्र. के लिये सफलतापूर्वक कर रहे हैं।

श्री आर. के. जैन (राजेन्द्र कुमार), इन्दौर



श्री आर. के. जैन श्रीमती मैना जैन

अजमेर (राजस्थान) जिले के एक कस्बे सरवाड़ में 21 जुलाई सन् 1948 को जन्मे श्री आर. के. जैन एक सफल उद्योगपति हैं। आप केमिकल इन्जीनियर हैं। पीथमपुर में अपना स्वयं का उद्योग स्थापित करने के पूर्व आपने पूना, मुंबई और ग्वालियर में स्थापित देश की ख्याति प्राप्त एवं अग्रणी कम्पनियों के स्टील फाउण्ड्री डिवीजन में उच्च पदों पर रहकर अपनी सेवाएँ दी हैं। वर्तमान में आप पीथमपुर में अपनी कंपनी, रानेका इण्डस्ट्रीज लिमिटेड, के चेयरमेन हैं।

स्टील फाउण्ड्री के क्षेत्र में रानेका इण्डस्ट्रीज एक स्थापित नाम हैं जहा विभिन्न प्रकार के कास्ट स्टील प्रोडक्ट्स एवं इक्विपमेंटस् बनाए जाते हैं जिनका उपयोग भारत भर के रेलवे के लोकोमोटिव डिवीजन एवं रेलवे कोचेस में होता हैं। पीथमपुर में आपकी 4 अन्य सहयोगी इकाइयाँ भी हैं जिसके मैनेजिंग डायरेक्टर आपके अनुज श्री एस.के. जैन हैं। तीन सुयोग्य शिक्षित पुत्रों के पिता श्री आर.के.जैन का पूरा परिवार उदार एवं धार्मिक विचारों से ओत-प्रोत हैं। समाज में चेतना एवं सुधारवादी प्रयत्नों को आपने हमेशा प्रोत्साहित कर सहयोग प्रदान किया हैं। वर्तमान में आप ''अरिहंत'' उत्कर्ष विहार, मनीषपुरी-साकेत, इन्दौर पर निवास करते हैं।

सक्रिय, मिलनसार, मितभाषी एवं उदारवादी प्रवृत्ति के धनी श्री राजेन्द्रकुमारजी जैन की धर्मपत्नी श्रीमती मैना जैन ने भी धार्मिक संस्कारों से ओतप्रोत एवं विकासवादी महिला के रूप में अपनी छवि स्थापित की है। श्री आर. के. जैन साहब की मातुश्री श्रीमती गोपीबाई चार प्रतिमाधारी श्रेष्ठ श्राविका हैं एवं पिछले कई दशकों से आत्मसाधना के मार्ग पर अग्रसर हैं। आपके तीन पुत्र हैं सभी का विवाह हो चुका हैं एवन् परिवार का व्यवसाय आपके मार्गदर्शन में संभाल रहे हैं।

आप इंटरनेशनल जैन इंजिनियर्स सोसायटी के फाउंडर ट्रस्टी एवं प्रेसीडेंट हैं। आप अखिल भारतीय दिगम्बर जैन महासमिति एवं दिगम्बर जैन सोश्यल ग्रुप फेडरेशन दोनों के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं। आप इंटरनेशल जैन इंडस्ट्री और ट्रेड ओरगनाइजेशन तथा दिगम्बर जैन सोश्यल ग्रुप इन्दौर नगर के संरक्षक हैं। इसके अलावा आप गोम्मटगिरी ट्रस्ट, मक्सी ट्रस्ट, नवग्रह जिनालय ट्रस्ट, वृद्धानंद निकेतन ट्रस्ट, मानव सेवा ट्रस्ट, दि. जैन पलासिया समाज ट्रस्ट आदि के ट्रस्टी हैं। आप दि. जैन सोश्यल ग्रुप, इन्दौर नगर के संरक्षक हैं।

निर्देशिका प्रकाशन में अर्थ सहयोग कर्ता

एक परिचय :

निर्देशिका प्रकाशन में अर्थ सहयोग कर्ता

• समर्पित व्यक्तित्व - श्री आर. के. जैन, मुंबई •

परिवार के संस्कारों का व्यक्ति के व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान होता है किन्तु व्यक्ति का पुरुषार्थ उसे असीम ऊँचाइयों तक ले जाता है। स्वतंत्रता सेनानी लाला श्रीपाल जी जैन एवं धर्मनिष्ठ मातुश्री कैलाशवती जैन के इकलौते पुत्र श्री राजेन्द्र जी (श्री आर. के. जैन, मुंबई) ऐसे ही सपूत हैं जिन्होंने दानशीलता, मानव सेवा, समाज सेवा की प्रवृत्ति तो संस्कारों में पाई किन्तु अपनी शिक्षा, कर्मठता, लगन एवं न्यायोपार्जित धन का सदुपयोग करते हुए तीर्थभक्ति, गुरुभक्ति एवं जिनधर्म की प्रभावना के क्षेत्र में नये आयाम स्थापित किये हैं। धुन के पक्के श्री आर. के. जैन जिस काम को हाथ में लेते हैं उसको पूर्ण करके ही दम लेते हैं। जब अनेक तीर्थों की प्रबंधहीनता ने उनके मन को झकझोरा तो उन्होंने सम्पूर्ण तंत्र को सुव्यवस्थित करने का संकल्प लिया एवं तीर्थों के प्रबंध एवं संरक्षण हेतु शीर्ष संगठन भारतवर्षीय दिगम्बर जैन तीर्थक्षेत्र कमेटी के मुखिया (अध्यक्ष) के पदभार को समाज के जबरदस्त समर्थन से प्राप्त किया।



भारतवर्षीय दि. जैन तीर्थ क्षेत्र कमेटी के वर्तमान अध्यक्ष श्री आर. के. जैन, मुंबई

बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी (B.H.U.) से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में B.E. की उपाधि प्राप्त करने के उपरान्त आपने कुछ समय सर्विस भी की, किन्तु सृजनशील व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति को नौकरी से संतोष कहाँ, उन्होंने शीघ्र ही अपना व्यवसाय प्रारंभ किया जो गुरुकृपा, ईमानदारी एवं कर्मठता से दिन दूना रात चौगुना बढ़ने लगा। आज आपकी सहधर्मिणी श्रीमती मधु जैन जहाँ सामाजिक कार्यों में आपके साथ संलग्न हैं वहीं पुत्र श्री शरद जैन वस्त्र व्यवसाय का अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सफल संचालन कर रहे हैं। पुत्री श्रीमती सोनिया जैन भी साधर्मी परिवार के गौरव में अभिवृद्धि कर रही हैं।

उत्तर से दक्षिण तक दर्जनों तीर्थों के सर्वांगीण विकास, वहाँ आवासीय सुविधाओं के उन्नयन के साथ ही आपने तीर्थराज सम्मेद शिखर पर दिगम्बरत्व के अस्तित्व की रक्षा तथा शाश्वत ट्रस्ट की गतिविधियों के संरक्षण पुस्तकालय, वाचनालय एवं अतिथिगृह के निर्माण में श्लाघनीय योगदान किया है। यदि आपने समाज के वंचित वर्ग को तीर्थराज की वंदना कराने हेतु स्पेशल ट्रेन चलाई तो पारिवारिक मोहनलाल चंद्रवती ट्रस्ट से उच्च शिक्षा हेतु छात्रवृत्तियाँ भी प्रदान की। स्याद्वाद महाविद्यालय वाराणसी, आचार्य विमलसागर गर्ल्स स्कूल शकरौली (झारखण्ड) तथा जैन आधुनिक विद्यालय पारसनाथ (गिरिडीह) का जीर्णोद्धार आपके शिक्षा प्रेम को अभिव्यक्त करता है।

साहित्य संरक्षण के प्रति आपकी अभिरुचि सर्वविदित है। भारत जैन महामंडल के बैनर तले JAP के 2 सफल आयोजनों ने आपको ही नहीं भारत जैन महामंडल को भी गौरवान्वित किया है। इससे हम प्रशासनिक क्षेत्र में कार्यरत अपनी सामाजिक विभूतियों को पहचान कर उन्हें समाज की मुख्य धारा में ला सके हैं। इस संस्था में आपकी समन्वयवादी सोच खूब परवान चढ़ी।

भारतवर्षीय दि. जैन तीर्थक्षेत्र कमेटी के अध्यक्ष के रूप में आपने एक नई पारी शुरू की है। वे यशस्वी हों, उनके नेतृत्व में तीर्थों का विकास हो, पुरावैभव तथा क्षेत्रों की प्राचीनता की रक्षा हो यही मंगल कामना है।

एक परिचय : निर्देशिका प्रकाशन में अर्थ सहयोग कर्ता

स्व. पंडित श्री सरदारीलालजी दोशी परिवार, इन्दौर



स्व. श्री पंडित सरदारीलालजी   स्व. श्रीमती धापुबाई दोशी

28 अक्टूबर सन् 1906 (देव उठनी ग्यारस) को ग्राम घटोल जिला-बागड़ (राजस्थान) में जन्मे स्वर्गिय पंडित सरदारी लालजी दोशी (पुत्र-हीरालाल दोशी) को प्रारंभ से ही परिवार में धार्मिक वातावरण मिला, सन् 1928 में इन्दौर आकर बसे पंडितजी की धार्मिक कार्यों में रूचि के चलते आप प्रारंभ से ही पंचकल्याणक प्रतिष्ठा-विधान आदि कराते रहे हैं तथा हमेशा विद्वानों के साथ रहें है। आपकी इन्हीं चारित्रिक विशेषताओं के कारण आप पण्डित सरदारी लाल के नाम से प्रसिद्ध हो गये। आपका प्रतापगढ़ में हुमड़ जैन समाज द्वारा अभिनन्दन भी किया गया, आप नेमी नगर इन्दौर जैन समाज के अध्यक्ष पद से भी सम्मानित हुए। यहीं नहीं, आपके पुत्र सिद्धार्थ-श्रीमती मैना बाई रतलाम, कनक-श्रीमती शांतिबाई, चालीस गांव, श्री वीरेन्द्र-श्रीमती मंजुला-इन्दौर, महेन्द्र-श्रीमती सुशीला, मालेगांव, सुरेन्द्र-श्रीमती शकुन्तला, इन्दौर, देवेन्द्र-श्रीमती मंजुला, इन्दौर, दिनेश-श्रीमती मनोरमा, इन्दौर भी इन्हीं धार्मिक संस्कारों से ओत-प्रोत हैं।

इन्दौर में आपके साथ ही रहते हुए आपके पुत्र वीरेन्द्र एवं दिनेश ने आपके व्यवसाय को सम्हालते हुए सामाजिक एवं धार्मिक विरासत को भी आगे बढ़ाया हैं। वीरेन्द्रजी के पुत्र पंकज-श्रीमती नीलिमा, पौत्र वरूण एवं चिन्मय हैं। दिनेशजी के पुत्र सुमित-श्रीमती शुभी, अंकित-श्रीमती अर्पिता, पौत्र कुशाग्र, पौत्री भूवि हैं।

स्वभाव से सरल एवं अत्यंत धार्मिक पुत्र वीरेन्द्र जी दोशी नेमी नगर इन्दौर में धार्मिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी करते हुए नियमित पूजा पाठ एवं स्वाध्याय करते हैं एवं आप दोनों भाईयों ने ना सिर्फ सम्पूर्ण व्यवसाय को सम्भालते हुए उसे आगे बढ़ाया है बल्कि पारिवारिक, सामाजिक एवं धार्मिक विरासत को भी नई ऊचाँई दी हैं, दिनेशजी आप जैन समाज के मंत्री रहे हैं आप दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन में (राष्ट्रीय संस्था) चेयरमेन, इन्दौर ग्रुप प्रभारी रहे हैं। आप अखिल भारतीय तीर्थ संरक्षणी-महासभा में वरिष्ठ पद पर हैं तथा वर्तमान में दिगम्बर जैन हुमड़ जैन समाज इन्दौर में अध्यक्ष हैं। दिग. जैन सोशल ग्रुप नेमिनाथ के अध्यक्ष एवं परम संरक्षक भी रहे है। पंकज, सुमित, अंकित आदि परिवारों के अन्य सदस्यों में भी वहीं सामाजिक एवं धार्मिक पारिवारिक परम्परा को आगे बढ़ाने का उत्साह है एवं श्रद्धा हैं। इस मंदिर निर्देशिका के सम्पादक बाहुबली पाँड्या दोशी परिवार के ब्याई है।

एक परिचय : निर्देशिका प्रकाशन में अर्थ सहयोग कर्ता

श्री सचिन जैन, इन्दौर (म.प्र.)



सचिन जैन राष्ट्रीय उद्योग रत्न पुरस्कार प्राप्त करते हुए



श्री सचिन जैन

इन्दौर की जैन समाज में युवाओं का एक विशिष्ट स्थान हैं। ऐसे ही कर्मठ, प्रतिभाशाली , सेवा एवं धर्म के प्रति समर्पित श्री सचिन जैन इंदौर जैन समाज में अपना एक अग्रणी मुकाम रखते हैं। श्री सचिन जैन के पिता श्री एस. के. जैन जो कि सरकारी सेवा से सेवानिवृत हो चुके हैं एवं सचिनजी की माता श्रीमती शशि जैन, पूरा परिवार मुनिभक्त, दानवीर एवं धार्मिक गतिविधियों में संलग्न रहता है। श्री सचिन जैन ने इंजीनयरिंग करने के उपरांत एम.बी.ए. किया एवं स्वयं के दम पर बिना किसी व्यापारिक, पारिवारिक वातावरण के भी पौधा संरक्षक दवाओं को बनाने की उत्पादन इकाई 1996 में प्रारंभ की। निरंतर आगे पढ़ते हुए आपने वर्ष 2003 में एन. पी. के खाद बनाने की एक और फेक्ट्री पार्श्वनाथ फर्टिलाइजर एण्ड केमीकल प्रा.लि. के नाम से औद्योगिक क्षेत्र इन्दौर में लगाई। कहते हैं हौसला हो तो पंख अपने आप लग जाते हैं। अत्यंत साहस के साथ सचिनजी ने इंदौर शहर से 2500 कि.मी. दूर गुलवर्गा (कर्नाटक) प्रात में भी वर्ष 2007 में एन पी के खाद बनाने की एक और इकाई प्रारंभ की इनके इसी हौसले एवं कार्यक्षमता से अभिभूत होकर भारत सरकार की संस्था ने वर्ष 2005 में सचिन जैन को 'राष्ट्रीय उद्योग रत्न पुरस्कार ' से भी सम्मानित किया,नगर निगम इन्दौर व म.प्र.सरकार द्वारा भी आपको इस सम्मान उपरांत सम्मानित कर अनेक प्रगतिशील समितियों का सदस्य मनोनीत किया गया। आपके कदम उद्योग जगत में इस तरह से जमे की आपको जैन समाज में युवा उद्योगपति ही कहा जाने लगा। श्री सचिन जैन व्यापार के साथ-साथ धार्मिक क्षेत्र में सक्रिय योगदान के साथ-साथ सेवा गतिविधियों एवं आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद लोगों की मदद में भी सदैव अग्रणी रहते हैं। श्री सचिन जैन के कुशल नेतृत्व क्षमता में ही गोयल नगर जैन मंदिर का पंचकल्याणक अत्यंत वृहद् रूप से सम्पन्न हुआ। प्रत्येक वर्ष आचार्य विद्यासागरजी महाराज के जन्म दिवस पर विशाल स्वास्थ्य शिविर लगाकर सेवा करना आपकी भक्ति में शामिल हैं। पिछले वर्ष इतिहास रचते हुए आपने स्वयं एवं एक युवा टीम के साथ जैन युवा विचार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष की हैसियत से समाज की कमजोर वर्ग की बहनों को एक भाई की तरह स्नेह एवं वात्सल्य के साथ कन्यादान का समारोह समाज के समक्ष कर दिखाया जिसमें प्रत्येक कन्या को करीब 25-30 हजार रुपये की गृहस्थी के सामान प्रदान कर मदद की गई। परम पूज्य गुरुवर विद्यासागर जी महाराज एवं प्रज्ञासागरजी महाराज की पावन प्ररणा से आप नेमावर सिद्धोदय तीर्थ क्षेत्र, महावीर तपो भूमि उज्जैन, गोयल नगर दि. जैन मंदिर इंदौर, संत सदन कंचनबाग इन्दौर एवं अनेक संस्थाओं के ट्रष्टी हैं। आपके आर्थिक सहयोग से नेमावर सिद्धक्षेत्र, मक्सी जी, गिरनार जी, बड़वानी जी, ईशरवार आदि तीर्थ क्षेत्र में जीर्णोद्धार के कार्य में सहयोग हुआ हैं। सेवा गतिविधि में हमेशा मदद करने एवं बढ-चढकर कार्य करन के कारण लायंस क्लब इंटरनेशनल ने आपको एम.जे. एफ. की उपाधि से सम्मानित किया है। साथ ही आपको इस वर्ष लायंस क्लब का अध्यक्ष भी चुना गया है। साथ ही इंदौर नेत्र चिकित्सालय के भी आप मानद सचिव हैं। आपकी धर्म पत्नी श्वेता जैन एवं पुत्र ईशान जैन जो कि आपके कार्य में सदैव सहयोगी रहे हैं।

श्री वीरेन्द्र कुमार बड़जात्या, इन्दौर



श्री वीरेन्द्र बड़जात्या स्व. राजल बड़जात्या

इन्दौर निवासी स्व. बाबूलाल जी एवम् श्रीमती कमलाबाई बड़जात्या के 65 वर्षिय सुपुत्र रिटायर्ड बैंक आफिसर श्री वीरेन्द्र कुमार बड़जात्या के व्यक्तित्व को बाल्यकाल से ही संघर्ष भरी जिम्मेदारियों ने घड़ा हैं। सामान्य आर्थिक स्थितियों के बावजूद बड़े संयुक्त परिवार के बड़े भाई के नाते सभी जिम्मेदारियों को अपने क्षमता अनुसार निर्वाहित किया हैं।

आपकी चार बहनें, पुष्पा–श्रीमती स्व. नेमीचंदजी इन्दौर, उषा–श्रीमती शशी गोइया इन्दौर, शीतल–श्रीमती स्व. पद्मचंदजी एवम् हंसा–श्रीमती सुरेश अजमेरा नीमच हैं। आपके छोटे भाई देवेन्द्र–श्रीमती कनकलता, जम्बू, स्व. शम्भू, जिनेष–श्रीमती मंजु, स्व. दिनेश–श्रीमती वीणा, प्रदीप–श्रीमती किरण, संजय–श्रीमती ज्योति, एवम् प्रवीण (गोलु) हैं।

आपका विवाह बड़नगर के प्रसिद्ध वेद परिवार की सुपुत्री (पिताश्री रतनलालजी वेद) स्व. श्रीमती राजल के साथ हुआ था। आपके सालों में प्रमुख्यत: श्री पवन वेद–इन्कम टेक्स कमिश्नर, शरद वेद–कमिश्नर रीवा, म.प्र. एवम् तेज कुमार वेद कमिश्नर सेल टेक्स जबलपुर म.प्र. हैं।

आपका पुत्र श्रेयांस–पुत्रवधु राजुल, पौत्री कलश बड़जात्या है। आपकी तीन सुपुत्रियाँ दीपा–श्रीमती धर्मचंद अजमेरा इन्दौर, पूजा (पिन्की) श्रीमती विवेक बाकलीवाल इन्दौर, सुभाष (रिन्की) श्रीमती जिनेन्द्र अजमेरा, इन्दौर हैं।

दुर्भाग्य से केन्सर से स्वर्गवासी हुई धर्मपत्नी राजल की छ: वर्ष तक आप एवम् आपके पुत्र श्रेयांस बड़जात्या एवम् पुत्रवधु राजुल एवम् परिवार ने जिस ढंग से धैर्य एवम् शांति से सेवा–साज संभाल की वह समाज में प्रेरणा की मिसाल हैं।

विपरीत परिस्थितियों में भी जैन संस्कार आचार विचार को ठीक अपनी मातुश्री की तरह आपने नहीं छोड़ा हैं एवम् इन्हीं सब आदर्शों को आपने अपने परिवार में भी कायम रखा हैं।

रात्रि भोजन नहीं करना, नियमित जिनदर्शन, पूजा–प्रक्षाल करना, स्वाध्याय सुनना तथा उत्साह पूर्वक मुनिराजों का सान्निध्य प्राप्त करना आपकी दैनिक चर्या हैं।

आपके ही परिवार सदस्यों द्वारा इन्दौर के तीर्थ गोम्मटगिरी पर चौबीस वेदियों के परिसर में मारबल का कार्य करवाया गया था। आप स्वयं भी क्षमता अनुसार जरूरतमंदों को गुप्त आर्थिक सहायता तथा मन्दिर में कार्यक्रमों में सहयोग राशी हमेशा उदार मन से देते रहते हैं।

निर्देशिका प्रकाशन में अर्थ सहयोग कर्ता

श्री विमल अजमेरा परिवार, इन्दौर



श्री विमल–श्रीमती मंजू अजमेरा

श्री विमल अजमेरा स्वर्गीय श्री प्रेमचंदजी (संघही) एवम् भवरीबाई अजमेरा के मंझले पुत्र हैं। जब आप सात वर्ष के ही थे तभी आपकी मातुश्री का देहांत हो गया था। जयपुर से इन्दौर आकर बसे अजमेरा परिवार की आर्थिक स्थिति सदृढ नहीं थी अत: आपने नौकरी करते हुए सिविल इन्जीनियरिंग की पढ़ाई कर डिग्री प्राप्त की।

आपका विवाह जयपुर के संपन्न परिवार, चीफ माइनिंग इंजीनियर श्री चांदमलजी जैन (बाकलीवाल) की स्नातक सुपुत्री मंजू के साथ संपन्न हुआ। आपके दो पुत्र हैं : वितुल (बी.ई. सिविल इन्जीनियर)– धर्मपत्नी प्रीति तथा रितुल (बी.ई मेकेनिकल इंजीनियर)– धर्मपत्नी स्वाति हैं। आपके चार पौत्र गर्वित, रक्षित, मनीत व दीक्षित हैं। यह भरापूरा इन्दौर में प्रतिष्ठा प्राप्त सम्पन्न परिवार हैं।

श्री विमलजी एवम् आपकी धर्मपत्नी मंजूजी भी अपने पिताश्री की तरह धार्मिक एवम् सामाजिक तौर पर अत्यधिक सक्रिय है। हालांकि व्यवसायिक सक्रियता के कारण समयाभाव के चलते विमलजी ने धर्मपत्नी को अधिक प्रोत्साहित किया है। फिर भी आप आज दि. जैन महासमिति में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, दि. जैन इन्दौर सोशल ग्रुप फेडरेशन में राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष, दि. जैन समाज पलासिया के अध्यक्ष है। लायंस क्लब ऑफ इंदौर वेस्ट के आप पूर्व अध्यक्ष तथा दि. जैन सोशल ग्रुप ''इंदौर नगर'' के संस्थापक अध्यक्ष रह चुके हैं। आप श्रवण बेलगोला महामस्तकाभिषेक, गोम्मटगिरी, इन्दौर तथा बावनगजा महामस्तकाभिषेक में भी आवास व्यवस्था कमेटी के चेयरमेन रह चुके है तथा आपकी अतिशय क्षेत्र, बनेड़िया (म.प्र.) के विकास में सक्रिय भूमिका हैं।

आपकी तरह आपकी धर्मपत्नी मंजू अजमेरा भी धार्मिक, सामाजिक एवम् राजनैतिक तौर पर सक्रिय है। आप म.प्र. महिला आयोग के कोर ग्रुप में पूर्व सदस्य, महिला मोर्चा (बी.जे.पी.) में तथा अहिल्या उत्सव कमेटी, इन्दौर में भी बोर्ड मेंबर हैं।

आप दि. जैन महासमिति मध्यांचल (महिला) की अध्यक्ष भी रह चुकी हैं तथा दि. जैन महासमिति की राष्ट्रीय अध्यक्ष (महिला) वर्ष 2004 से 2006, इसी की वर्ष 2000 से 2004 संगठन मंत्री, सहमंत्री वर्ष 1999, संस्थापक परामर्शदात्री दिगम्बर जैन महिला मण्डल पलासिया इन्दौर वर्ष 1998, मार्गदर्शक दि. जैन महिला मण्डल इन्दौर, संस्थापक अध्यक्ष दि. जैन महासमिती (म.प्र.) की रह चुकी हैं। आप लायनेस क्लब इन्दौर ग्रेटर की सेक्रेटरी, वाइस प्रेसीडेंट, संपादक एवं कार्यक्रम संयोजक रह चुकी हैं। आपको बेस्ट एडीटर इन मल्टीपल (डिस्ट्रिक्ट, रीजन और झोन), बेस्ट सेक्रेटरी (डिस्ट्रिक्ट, रीजन और झोन), बेस्ट सांस्कृतिक कार्यक्रम संयोजक के अलावा और भी विभिन्न कई अवार्ड प्राप्त हुए हैं। दि. जैन महिला समाज की जनगणना आपके मार्गदर्शन में ही हुई थी। श्रवणबेलगोला में कलश आवंटन समिति की आप सदस्य एवम् महिला सम्मेलन की कार्यक्रम संयोजक भी रही हैं। आपने टी.वी. तथा रेडियो पर कई कार्यक्रम दिये हैं तथा नृत्य, संगीत एवम् गायन में भी रूचि हैं। आपने कई मंचों पर भजनों के कार्यक्रम भी दिये हैं।

निर्देशिका प्रकाशन में अर्थ सहयोग कर्ता

With Best Compliments :


Trimurti

Trimurti Offset Pvt. Ltd.

2A-1, Setor-D, Opp. Banganga Thana, Sanwer Road, Indore (M.P.)
Ph. : 0731-2721548-49, Email : shikhar_trimurti@rediffmail.com

ओंकारजी कस्तूरचंद धार्मिक एवं पारमार्थिक संस्थाऐं

मुख्य कार्यालय : 50, सीतलामाता बाजार, इन्दौर (म.प्र.)



आदिनाथ जिनायल, मोरटक्का (सिद्धक्षेत्र सिद्धवरकूट, म.प्र.)



स्व. रा. ब. कस्तूरचंदजी कासलीवाल
इन्दौर



स्व. देवकुमार सिंहजी कासलीवाल
इन्दौर



मोरटक्का में ट्रस्ट द्वारा सन् 1915 में बनाया गया विशाल धर्मशाला परिसर

नर्मदा नदी के तट पर हिन्दुओं के प्रसिद्ध तीर्थ ओकारेश्वर ज्योर्तिलिंग के समीप दि॰ जन तीर्थ क्षेत्र सिद्धवरकूट तक जाने हेतु सन् 1900 मे नर्मदा पार कर नाव से जाना पडता था। मोरटक्का में यात्री ट्रेनें एवं बस रात्री को भी पहुँचती थी तब यात्रियो की आवास की कठिन समस्या के निदान हेतु सन् 1915 में स्व. रायबहादुर सेठ कस्तुरचंदजी ने एक विशाल ओंकारबाग धर्मशाला के साथ सुबह सिद्धवरकूट हेतु प्रस्थान पूर्व यात्री जिन दर्शन भी कर सकें इस हेतु परिसर में ही भव्य आदिनाथ जिनालय का भी निर्माण कराया। आज धर्मशाला का प्रयोग जैन-अजेन सभी तीर्थ यात्री बहुतायत से करते है, सभी सुविधाऐं उपलब्ध है। पश्चात के क्रम में उनके सुपुत्र जैन रत्न स्व. श्री देवकुमारसिंह कासलीवाल द्वारा यहाँ विकसित किये गये वृद्धाश्रम में कई असहाय रह रहें हैं। आपने वर्ष सन् 1947 मे शहर इन्दौर, नलिया बाखल में कस्तुरचंद विद्या मंदिर (स्कूल) की स्थापना की जो सफलता पूर्वक चल रहा है। संस्था द्वारा असहाय एवं गरीब लोगों की शिक्षा एवं इलाज हेतु सहयोग राशि दी जाती है।